राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित



# दैनिक बुलन्द संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 भागम भाग 2 में मीनाक्षी चौधरी की...

पंजाब सरकार ने लोगों से ... 12

गाजियाबाद, मंगलवार 10 मार्च 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 13 अंक: 01, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### पंजाब के मुख्य सचिव केएपी सिन्हा का बढ़ा मान, अपनी ही मातृ संस्था आईएसएम धनबाद ने 'डायरेक्टर अवॉर्ड से किया सम्मानित

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब के मुख्य सचिव केएपी सिन्हा के सम्मान में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। उन्हें समाज की सेवा के लिए प्रतिष्ठित डायरेक्टर अवॉर्ड फॉर सर्विस टू सोसायटी से



सम्मानित किया गया है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मान मुख्य सचिव को उनकी मातृ संस्था आईआईटी (आईएसएम) धनबाद द्वारा प्रदान किया गया है, जहां से उन्होंने वर्ष 1989 बैच में माइनिंग इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री प्राप्त की थी। श्री केएपी सिन्हा को यह पुरस्कार जनसेवा और समाज के विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। अपने प्रशासनिक कार्यकाल के दौरान उन्होंने लोगों की सेवा के साथ-साथ सामाजिक विकास के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे उनके नेतृत्व गुण स्पष्ट रूप से सामने आते हैं और वे दूसरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने।

### केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने पंजाब सरकार के बजट पर सवाल उठाए, कहा , महिलाओं को 5 साल तक 60,000 रुपए मिलने चाहिए

**लुधियाना (आरएनएस)।** केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने आज लुधियाना में जिला क्ळब्क्क ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और पंजाब सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये देने की घोषणा पर सवाल उठाए। बिट्टू ने आरोप लगाया कि पंजाब की आम



आदमी पार्टी सरकार ने अपने कार्यकाल के आखिरी दौर में महिलाओं को 1,000 रुपये देने की जो घोषणा की है, वह असल में एक धोखा है। उन्होंने सरकार से पूरे पांच साल तक महिलाओं को 60,000 रुपये देने की मांग की। बिट्टू ने बजट में की गई दूसरी घोषणाओं पर भी सवाल उठाए और राज्य की आर्थिक हालत पर चिंता जताई। लुधियाना के सांसद और पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग पर टिप्पणी करते हुए बिट्टू ने कहा कि लोग उन्हें अपने घरों में नहीं बुलाना चाहते। उन्होंने पूछा कि पिछले कुछ सालों में राज्य में कितना विकास कार्य हुआ है। बिट्टू ने दावा किया कि 14 मार्च को मोगा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रैली 2027 के विधानसभा चुनावों की नींव रखेगी। पंजाब के लोग डबल इंजन सरकार चाहते हैं। उन्होंने राज्य में स्कूलों की हालत पर भी सवाल उठाए।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर पलटी बीएमडब्ल्यू, शकुन ग्रुप के एमडी वल्लभ माहेश्वरी का निधन

**अलवर/जयपुर (आरएनएस)।** जयपुर के प्रतिष्ठित उद्योगपति और शकुन ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर वल्लभ माहेश्वरी (62) का एक भीषण सड़क हादसे में निधन हो गया। यह दुर्घटना अलवर जिले के रैणी थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर शाम करीब 4 बजे हुई। जानकारी के अनुसार, वल्लभ माहेश्वरी अपनी कार से



जयपुर से गिरिराज जी (मथुरा) के दर्शन के लिए जा रहे थे। एक्सप्रेस-वे के चेनेज 136.8 के पास उनकी तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई। कार सुरक्षा बैरिकेड्स और सीमेंट के ब्लॉक्स को तोड़ते हुए डिवाइडर (मीडियन) में जा घुसी और एक पुलिया की दीवार से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद राहगीरों और पुलिस ने रेस्क्यू कर माहेश्वरी और उनके ड्राइवर को नजदीकी पिनान अस्पताल पहुँचाया, जहाँ से उन्हें अलवर के हरीश हॉस्पिटल रेफर किया गया।

# इजरायल ने जो कहा वो कर दिया,मोजतबा खामेनेई पर हुआ बड़ा हमला,भड़का चीन

**अंतर्राष्ट्रीय।** ईरान ने मध्य पूर्व में अपने सैन्य अभियान तेज कर दिए हैं और दक्षिणी लेबनान, बेरूत और ईरान के कुछ हिस्सों पर हमले किए हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की एक बड़े सैन्य अभियान के दौरान हुई मौत के बाद पश्चिम एशिया में संघर्ष और भी तीव्र हो गया है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है, क्योंकि ईरान का अमेरिका और इजराइल के साथ टकराव बढ़ता जा रहा है। दोनों पक्षों के जोरदार हमलों के बीच, तेहरान ने आरोप लगाया है कि अमेरिका ईरान को विभाजित करना चाहता है और देश से "तेल छीनना" चाहता है। ईरान ने पुष्टि की है कि 86 वर्षीय खामेनेई की 28 फरवरी को तेहरान में



समन्वित हवाई हमलों में हत्या कर दी गई, जिसमें ईरान के प्रमुख सरकारी और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया था। हत्या के बाद, ईरान ने मोजतबा खामेनेई को देश का नया सर्वोच्च नेता नियुक्त किया। ईरान के सैन्य और राजनीतिक नेताओं ने मोजतबा खामेनेई के प्रति निष्ठा की शपथ ली है, जिन्हें उनके पिता की मृत्यु के बाद सर्वोच्च नेता नामित किया गया है। राज्यसभा को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया में तेजी से बिगड़ती स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बढ़ती हिंसा, भारी जानमाल की हानि और बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान ने कई क्षेत्रों में सामान्य जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। जयशंकर ने कहा कि यह संकट भारत के लिए विशेष रूप से चिंताजनक है क्योंकि इस क्षेत्र के साथ उसके घनिष्ठ संबंध हैं। भारत के रुख को दोहराते हुए, उन्होंने 28 फरवरी को जारी सरकार के उस बयान का उल्लेख किया जिसमें संयम बरतने, नागरिकों की सुरक्षा और सभी राष्ट्रों की संप्रभुता का सम्मान करने का आह्वान किया गया था। मंत्री ने संसद को चल रहे बड़े पैमाने पर निकासी प्रयासों के बारे में भी जानकारी दी। क्षेत्र में भारतीय दूतावास चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं, और आपातकालीन पुनर्वास उपायों के तहत पिछले दिन तक लगभग 67,000 भारतीय नागरिक अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर चुके थे।

## कादर और फतह लेकर टूट पड़ा ईरान, तबाही नहीं छिपा पा रहा इजरायल

**अंतर्राष्ट्रीय।** मिडिल ईस्ट की जंग अब उस मुकाम पर आ गई है जहां से वापसी का रास्ता नामुमकिन नजर आता है। रविवार की रात ईरान ने इजराइल पर अब तक का सबसे भीषण और बड़ा हमला बोल दिया। तेल अवीव का आसमान 10 जोरदार धमाकों से दहल उठा। लेकिन इस बार कहानी अलग है। पहली बार इजराइल के अंदर हुई तबाही की तस्वीरें इतनी तेजी से वायरल हो रही हैं। ईरानी मिसाइलों और ड्रोंस ने इजराइल के डिफेंस को



भेजते हुए वो मंजर पैदा किया जिसकी कल्पना किसी नेनहीं की थी। इजराइली सेना ने पुष्टि की है कि ईरान ने नई और घातक बैलेस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया। आईडीएफ के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नादौसानी ने भले ही दावा किया कि रन की सैन्य क्षमता में गिरावट आई है लेकिन तेल अभी की सड़कों पर गिरे मलबे और जलती इमारतों की तस्वीरों ने दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# विश्व विजेता टीम इंडिया पर बधाइयों की बौछार

**नईदिल्ली/अहमदाबाद (आरएनएस)।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रनों से करारी शिकस्त देकर तीसरी बार चैंपियन बनने वाली भारतीय टीम को

**सचिन, कोहली और दिग्गजों ने जीत को बताया ऐतिहासिक, मुख्यमंत्रियों ने जताया गर्व**

देशभर से बधाइयां मिल रही हैं। खेल जगत से लेकर राजनीति तक, हर कोई टीम इंडिया के इस अजेय प्रदर्शन और 'बैक-टू-बैक' खिताब जीतने के जज्बे को सलाम कर रहा है। दिग्गजों ने सराहा 'क्रिकेट का विशेष ब्रांड' 'क्रिकेट के भगवान' सचिन तेंदुलकर ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि लगातार दो बार विश्व कप जीतना एक असाधारण उपलब्धि है और यह टीम ट्रॉफी की असली हकदार है। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इसे 'अभूतपूर्व जीत' करार देते हुए खिलाड़ियों के जुझारू चरित्र की प्रशंसा की।

पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी और संजू सैमसन, ईशान किशन व अभिषेक शर्मा की तिकड़ी के प्रदर्शन को जीत का



आधार बताया। वहीं, वीरेंद्र सहवाग ने अपने चिर-परिचित अंदाज में लिखा कि हमारे लड़कों ने फाइनल का दबाव महसूस ही नहीं किया और इसे 'गली मैच' की तरह खेलकर जीत लिया।

**राजनीतिक जगत में जश्न का माहौल**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने इसे देश के लिए गौरव का क्षण बताते हुए टीम के अनुशासन और टीम वर्क की प्रशंसा की। दक्षिण भारत के राज्यों में भी भारी उत्साह देखा गया। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि यह जीत युवाओं की आने वाली पीढ़ियों को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करेगी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने इस बात पर जोर दिया कि भारत तीन बार यह खिताब जीतने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है, जो टी20 प्रारूप में हमारे दबदबे को दशार्ता है। उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने संजू सैमसन की असाधारण प्रतिभा और बुमराह-वरुण चक्रवर्ती की घातक गेंदबाजी को विशेष रूप से सराहा।

**रिकॉर्ड्स की गूंज**

बधाइयों के बीच अहमदाबाद में बने रिकॉर्ड्स की भी चर्चा रही, जहाँ संजू सैमसन की 89 रनों की तूफानी पारी और भारत के 255 रनों के विशाल स्कोर ने विश्व कप के इतिहास में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में टीम इंडिया ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह विश्व क्रिकेट की सिरमौर है।

## पंजाब में हथियार सप्लाई मॉड्यूल का भंडाफोड़, एक नाबालिग समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार सप्लाई करने वाले एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान पुलिस ने एक नाबालिग समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पंजाब के डीजीपी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्सइ पर लिखा, कपूरथला पुलिस की कार्रवाई में एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से पांच देसी पिस्तौल (7.65 एमएम) भी बरामद की हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है, जिससे इस मामले से जुड़े अन्य लोगों को गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई खुफिया सूचना मिलने के बाद विशेष ऑपरेशन के तहत की गई। शुरूआती जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी विदेश में बैठे हैंडलर्स के निर्देश पर काम कर रहे थे। बताया जा रहा है कि इनका संपर्क फिलीपींस और यूएई में बैठे कुछ संदिग्ध लोगों से था, जो इस पूरे नेटवर्क को संचालित कर रहे थे। जांच में यह भी पता चला है कि आरोपियों ने अवैध हथियार मध्य प्रदेश से खरीदे थे। इसके बाद इन



हथियारों को पंजाब में सक्रिय आपराधिक गिरोहों तक पहुंचाने की योजना बनाई गई थी। बरामद पिस्तौलों का इस्तेमाल इलाके में फायरिंग, धमकी देने और जबरन वसूली जैसी आपराधिक गतिविधियों के लिए किया जाना था। पंजाब पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक, यह नेटवर्क काफी संगठित तरीके से काम कर रहा था और इसके तार देश के बाहर बैठे लोगों से जुड़े हुए हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## खामेनेई के बाद अब किम जोंग उन!, ट्रंप ने कोरिया भेजी अमेरिकी सेना,जंगी तैयारियां शुरू

**न्यूयॉर्क।** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच कोरियाई प्रायद्वीप पर भी अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच टकराव बढ़ने



की आशंका जताई जा रही है। इसकी वजह अमेरिका और दक्षिण कोरिया द्वारा शुरू किया गया संयुक्त सैन्य अभ्यास 'फ्रीडम शील्डइ है, जिसमें हजारों सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। यह युद्धाभ्यास 19 मार्च तक चलेगा। दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ्स ऑफ स्टाफ के मुताबिक इस अभ्यास में करीब इ18 हजार दक्षिण कोरियाई सैनिकइ शामिल हैं। हालांकि यूएस फोर्सेस कोरिया (स्स्न्य) ने इसमें भाग लेने वाले अमेरिकी सैनिकों की संख्या सार्वजनिक नहीं की है।

यह संयुक्त सैन्य अभ्यास ऐसे समय में हो रहा है जब दक्षिण कोरियाई मीडिया में अटकलें लगाई जा रही हैं कि अमेरिका अपने कुछ सैन्य संसाधनों को दक्षिण कोरिया से हटाकर मिडिल ईस्ट में ईरान के खिलाफ संभावित कार्रवाई के लिए भेज रहा है।

अमेरिकी सेना ने पिछले सप्ताह कहा था कि सुरक्षा कारणों से वह सैन्य संसाधनों की तैनाती और गतिविधियों पर टिप्पणी नहीं करेगी। वहीं दक्षिण कोरियाई अधिकारियों ने भी उन रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया देने से इनकार किया है, जिनमें दावा किया गया था कि कुछ अमेरिकी पैट्रियट एंटी-मिसाइल सिस्टम और अन्य उपकरणों को मिडिल ईस्ट भेजा जा रहा है।

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने नाहन क्षेत्र के लिए 190 करोड़ रुपये की 17 परियोजनाएं की समर्पित

**शिमला (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने सिरमौर जिले के नाहन में एक दिवसीय दौरे के दौरान 190 करोड़ रुपये की लागत की वाली 17 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किये।

मुख्यमंत्री ने 152 करोड़ रुपये की लागत वाली

> **7.81 करोड़ रुपये की लागत से धौला कुआं स्थित राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में आवासीय खंड, 2.41 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ऑटोमोबाइल खंड, 3.30 करोड़ रुपये की लागत से छात्रावास का उद्घाटन किया**

परियोजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने नाहन शहर में 53.40 करोड़ रुपये की लागत से स्मार्ट ग्रिड तकनीक का कार्यान्वयन, पांवटा साहिब शहर में 43.66 करोड़ रुपये की लागत से स्मार्ट ग्रिड तकनीक का कार्यान्वयन, 16.04 करोड़ रुपये की लागत से भेरों से आदि बद्री सड़क, 12.36 करोड़ रुपये की लागत से कांशिवाला से बिरोजा फैक्ट्री वाया जब्बल का बाग सड़क का शिलान्यास किया। इसके अलावा



मुख्यमंत्री ने 8.42 करोड़ रुपये की लागत से नाहन में मुख्य चिकित्सा कार्यालय, 8.17 करोड़ रुपये की लागत से बर्मा पापरी-पालियों-माजरी सड़क का सुधार एवं उन्नयन, 6.98 करोड़ रुपये की लागत से सैनवाला झमेरिया-ब्रोगरिया-जामनवाला-चरूवाला-कोटला लिंक रोड तथा 3.13 करोड़ रुपये की लागत से एनएच-07 से भद्रकाली मंदिर होते हुए फॉरेस्ट चेक पोस्ट कोलर बिलासपुर तक सम्पर्क मार्ग का भी शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने 3.03 करोड़ रुपये की लागत से नाहन में नए टेबल टेनिस-कम-स्क्वैश कोर्ट कॉम्प्लेक्स, 3.17 करोड़ रुपये की लागत से धौला कुआं स्थित राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में तकनीकी शिक्षा के लिए छात्रवास तथा 4.91 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अकादमिक खंड की दूसरी मंजिल का लोकार्पण किया। उन्होंने 7.81 करोड़ रुपये की लागत से धौला कुआं स्थित राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में आवासीय खंड, 2.41 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ऑटोमोबाइल खंड, 3.30 करोड़ रुपये की लागत से छात्रावास का उद्घाटन किया।

इसी प्रकार 2.57 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित जुड्डा-का-जोहार से गांव गड्डा तक सम्पर्क सड़क, 3.80 करोड़ रुपये की लागत से कालाअंब में फायर पोस्ट भवन तथा नाहन में 5.65 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एफआरए के तहत 28 परिवारों को मालिकाना हक के पट्टे भी प्रदान किए।

**तीखी प्रतिक्रिया** | सांसद सुखजिंदर रंधावा ने पंजाब बजट पर दी तीखी प्रतिक्रिया

# कहा-पंजाब को कर्ज में डूबोने और आर्थिक स्थिति कमजोर करने वाला बजट

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री और सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने आज राज्य सरकार के पेश किए गए पंजाब बजट 2026-27 को पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने 2.61 लाख करोड़ रुपए के बजट को पूरी तरह से दिशाहीन, जनविरोधी और केवल आंकड़ों का खेल बताया। उन्होंने कहा कि दिखावटी बजट में आंकड़े तो बढ़े, लेकिन हकीकत सिकुड़ हुई है। चुनावी साल में पेश किए बजट में सिर्फ बड़े-बड़े दावे ही किए गए हैं। जमीनी स्तर पर लागू होने वाली कोई स्पष्ट नीति दिखाई नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि महिला दिवस के मौके पर बजट में सरकार ने बड़ी ठगी की है। उन्हें 1000 और 1500 रुपए के हिसाब से पांच सालों का पूरा पैसा दिया जाना चाहिए।

रंधावा ने आरोप लगाया कि सरकार ने इस बजट में किसानों की समस्याओं का कोई ठोस समाधान नहीं किया और न ही युवाओं, कर्मचारियों तथा व्यापारियों के लिए कोई ठोस योजना पेश की है। पंजाब की जनता को इस बजट से बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन सरकार ने एक बार फिर लोगों को निराश किया है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि आखिर सरकार बताए इस बजट से आम आदमी को क्या फायदा होगा। उन्होंने कहा कि पंजाब पहले ही भारी कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है, लेकिन सरकार ने कर्ज कम करने या राज्य की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए कोई ठोस रोडमैप पेश नहीं किया। इसके उलट सरकार लगातार नए कर्ज लेकर राज्य की आर्थिक स्थिति को और कमजोर कर रही है। सरकार को चाहिए था कि वह वित्तीय प्रबंधन को मजबूत करने और खर्चों को नियंत्रित करने के लिए ठोस नीति पेश करती, लेकिन बजट में ऐसा कुछ भी दिखाई नहीं देता। रंधावा ने कहा कि पंजाब की अर्थव्यवस्था का आधार किसान हैं, लेकिन बजट में किसानों के लिए कोई ठोस राहत नहीं दी



गई। किसानों की कर्ज माफी, फसल विविधीकरण और सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बजट में बड़े स्तर की घोषणा होनी चाहिए थी। लेकिन सरकार केवल घोषणाओं और वादों तक सीमित रह गई है। सरकार किसानों के इन मुद्दों को नजरअंदाज कर रही है। रंधावा ने कहा कि पंजाब के लाखों युवा रोजगार की तलाश में विदेशों की ओर रुख कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने उन्हें राज्य में रोजगार देने के लिए कोई प्रभावी योजना नहीं बनाई। सरकार के दावे के बावजूद राज्य में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। युवाओं को रोजगार देने के बजाय सरकार केवल कागजी योजनाओं का प्रचार कर रही है। रंधावा ने कहा कि पंजाब में व्यापार और उद्योग पहले से ही कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। राज्य में निवेश लाने और उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए ठोस नीति की जरूरत है, लेकिन बजट में इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

रंधावा ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी बजट में कोई बड़ा बदलाव या सुधार दिखाई नहीं देता। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों और अस्पतालों की स्थिति सुधारने के लिए ठोस निवेश की जरूरत है, लेकिन सरकार केवल प्रचार पर ज्यादा ध्यान दे रही है। अगर सरकार सचमुच शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार चाहती है, तो उसे इन क्षेत्रों के लिए बड़े स्तर पर बजट आवंटित करना चाहिए था। रंधावा ने आरोप लगाया कि यह बजट जनता के हित में नहीं बल्कि केवल राजनीतिक प्रचार के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार अपने वादों और दावों को पूरा करने में पूरी तरह असफल रही है। उन्होंने कहा कि जनता को अब समझ आ चुका है कि सरकार केवल घोषणाएं करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई बदलाव नहीं लाती।

# स्याना में नगर पालिका कर्मचारियों की सफाई व्यवस्था फेल हो रही है

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**स्याना (वसीम खाँन)।** नगर पालिका कर्मचारियों की सफाई व्यवस्था फेल होती हुई नजर आ रही है तो वहीं दूसरी तरफ गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान भी नगर पालिका के काम नहीं आ रहा, हवा हवाई साबित हो रहा है। नगर पालिका की टीम द्वारा लाउडस्पीकर के माध्यम से गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया था लेकिन यह अभियान केवल कागजों में ही सिमट कर रह गया गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया गया जिससे लोगों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नालियों से पानी निकाल कर सड़क पर आ रहा है आने जाने वाले लोगों सहित स्कूली बच्चों को निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन यह नजारा लोगों की नजरों में ही नहीं गली मोहल्ले में काम करने वाले नगर पालिका के कर्मचारियों की नजरों में भी है लेकिन गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कोई बोलने के लिए तैयार नहीं है लोगों को लगातार परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है उच्च अधिकारी केवल ऑफिस में बैठकर ड्यूटी निभा रहे हैं।



# नवोदय विद्यालय में चोरी छिपे वृक्ष कटवाने का आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुगरासी।** जनपद के जवाहर नवोदय विद्यालय बुकलाना में मिलीभगत व चोरी छिपे बिना किसी अनुमति के हरे वृक्ष काटने जैसे आरोप लगा पर्यावरण वन व जलवायु वन मंत्रालय दिल्ली शिकायत की गई है। जांच को पहुंचे वनकर्मी इस बाबत चुप्पी साधे हुए है, जबकि प्राचार्य ने आरोपों को निराधार बताया।

- पर्यावरण वन व जलवायु मंत्रालय से शिकायत
- जांच को पहुंचे वनकर्मी भी बचते रहे, प्राचार्य ने निराधार बताये आरोप

जनपद का एक मात्र जवाहर नवोदय विद्यालय कई बार हुई घटनाओं की वजह से चर्चा में रहता है। लेकिन इस बार विद्यालय परिसर से हरे वृक्ष कटान की शिकायत पर्यावरण वन व जलवायु मंत्रालय में शिकायत चर्चा का विषय बनी हुई है। शिकायत कर्ता ने पीएम पोर्टल सहित सबंधित विभाग को शिकायत भेज प्राचार्य पर गंभीर आरोप लगाये है। बताया कि स्थानीय लकडहारों से सांठ-गांठ कर सैकडों हरे वृक्ष कटवा दिये। जिसकी विभाग या समिति बगैर अनुमति के खेल करा दिया। शिकायत कर्ता का आरोप है कि


संलग्नक: नवोदय विद्यालय बुलन्दशहर से वृक्षों के काटकर ले जाते समय के कुछ छायाचित्र

अवैध कटान से राजस्व सहित पर्यावरण को हानि पहुंचाई गई। शिकायत कर्ता ने अवैध कटान के दौरान के फोटो भी उपलब्ध करा साक्ष्य बतौर दिये है। मामले की जांच को गुलावठी रेज से वन विभाग की टीम पहुंची और अंदर क्या गुपचुप हुआ, उसकी जानकारी किसी को लीक नही की। रेंजर योगेश कुमार ने बताया कि प्राचार्य से न मिलने की वजह से अभी कुछ नही कहा जा सकता। उधर प्राचार्य पीके राय ने सभी आरोपों को निराधार बताया। बताया गया है कि ऐसा मामला चर्चा में पहली बार नही है, मगर शिकायतों के अभाव में लीपापोती होती रही है।अगर वहां जवाहर नवोदय विद्यालय में कुछ नहीं हुआ था तो मिडिया को अंदर क्यों नहीं जाने दिया। यतेन्द्र त्यागी बुगरासी।।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के स्वागत की तैयारी शुरू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार अनुप्रिया पटेल के भव्य स्वागत की तैयारी करे पार्टी कार्यकर्ता जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यक्रम जनपद बुलंदशहर में आयोजित होगा उक्त विचार अपना दल एस बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने अपना दल एस के स्याना कैम्प कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में व्यक्त किए।जिला अध्यक्ष ने कहा पार्टी का एक एक कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है कार्यकताओं से सत्ता है सत्ता से कार्यकर्ता नहीं है जिस प्रकार पार्टी का कारवां बढ़ रहा है वो दिन अब ज्यादा दूर नहीं जब पार्टी उत्तर प्रदेश की नंबर वन पार्टी बनेगी जिला अध्यक्ष ने कहा अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय स्वास्थ मंत्री भारत सरकार मा अनुप्रिया पटेल जी सड़क से लेकर संसद तक समाज के दबे कुचले पिछड़ों की आवाज को उठा रही है और इसी का नतीजा है पार्टी आज उत्तर प्रदेश की तीसरे नंबर की पार्टी है जिस प्रकार पार्टी का संगठन



विस्तारित हो रहा है निश्चित 2027 में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष जी उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनेंगी। जिला अध्यक्ष ने कहा जिला पंचायत के लिए पार्टी कार्यकर्ता अभी से जुट जाए और पार्टी जिला पंचायत की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी।बैठक में सदस्यता अभियान चलकर पार्टी पदाधिकारियों को सक्रिय सदस्य बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से राजकुमार भुर्जी जिला अध्यक्ष अपना दल एस बुलन्दशहर, मोहित शर्मा,पुरूषोतम सैन जिला उपाध्यक्ष, हाजीखालिक अंसारी जिला महासचिव,संगीता तोमर जिला महासचिव,भूप सिंह प्रधान जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति मंच,हामिद अली सैफी जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच, धर्मेंद्र चौहान जिला अध्यक्ष किसान मंच,खुशी सागर जिला अध्यक्ष महिला मंच,गोपाल शर्मा जिला अध्यक्ष बौद्धिक मंच,राजीव अग्रवाल जिला अध्यक्ष चिकित्सा मंच,ललित लोधी जिला सचिव, भगवत जाटव जिला सचिव,डॉ राम सिंह विधान सभा अध्यक्ष खुर्जा, दीपक गौतम विधान सभा अध्यक्ष स्याना, कपिल गौतम जोन अध्यक्ष स्याना,शिवकुमार लोधी,नितिन कुमार,प्रतीक भारद्वाज,जितेंद्र लोधी जिला उपाध्यक्ष चिकित्सा मंच,युवा नेता सतीश लोधी,रोहित कुमार,जितिन कुमार,धर्मवीर सिंह,मोहम्मद जाहिद,प्रशांत कुमार,गौरव कुमार,ललित कुमार,सुरेंद्र कुमार,इरफान अली,अकील भाटी,रफीक कुरैशी,नरेंद्र कुमार,दुष्यंत कुमार,अर्जुन सिंह,दिनेश सिंह,जितेन्द्र सिंह,अनिल कुमार,हाजी नईम,राजेंद्र बाल्मीकि,मुन्ना अहमद अल्वी,सुरेंद्र लोधी,राजीव कुमार,आदि उपस्थित रहे।

# डॉ.वसीम उर रहमान ने अपनी मेहनत और लगन से कायम की मिसाल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के एक साधारण ग्रामीण परिवेश से निकलकर देश की प्रतिष्ठित सिविल सेवाओं तक पहुंचने का डॉ. वसीम उर रहमान का सफर मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास की मिसाल है डॉ. वसीम उर रहमान कटरा प्रखंड के पंचायत हथौरी अंतर्गत गांव ठिकाही के निवासी हैं। उनके पिता सऊद आजम रहमानी सेवानिवृत्त प्रखंड कृषि पदाधिकारी हैं और माता जहाना खातून सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका हैं। परिवार में शिक्षा और अनुशासन का वातावरण रहा, जिसने बचपन से ही उन्हें पढ़ाई के प्रति गंभीर और लक्ष्य के प्रति समर्पित बनाया।

उनकी प्रारंभिक शिक्षा मुजफ्फरपुर में ही हुई। कक्षा आठ तक उन्होंने हजरत अली एकेडमी और डीएवी पब्लिक स्कूल में पढ़ाई की। इसके बाद आगे की पढ़ाई के लिए वे अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय गए, जहां से उन्होंने कक्षा नौ से बारहवीं तक की शिक्षा प्राप्त की। अलीगढ़ का शैक्षणिक माहौल उनके व्यक्तित्व और दृष्टि को विस्तार देने में सहायक रहा साल 2014 में उन्होंने बिहार प्री-मेडिकल टेस्ट (Bihar PMT) में हिस्सा लिया और पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद



उन्होंने वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज (VMMC) और सफदरजंग अस्पताल नई दिल्ली से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की।

चिकित्सा शिक्षा के साथ ही उनका रुझान प्रशासनिक सेवाओं की ओर भी बढ़ता गया। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी और 69वीं बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) परीक्षा में उनका चयन लेबर एन्फोर्समेंट ऑफिसर के रूप में हुआ इसके बाद उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की सिविल सेवा परीक्षा 2024 में ऑल इंडिया रैंक 281 प्राप्त की और उनका चयन भारतीय राजस्व सेवा (Indian Revenue Service - Income Tax) में हुआ। आगे प्रयास जारी रखते हुए उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा 2025 में ऑल इंडिया रैंक 157 हासिल की। इस सफलता के साथ वे अब भारतीय पुलिस सेवा (Indian Police Service - IPS) में शामिल होंगे।

डॉ. वसीम उर रहमान की यह यात्रा दिखाती है कि साधारण पृष्ठभूमि से आने वाला व्यक्ति भी निरंतर मेहनत और स्पष्ट लक्ष्य के साथ बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकता है। उनका सफर विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# सपा कार्यालय पर होली मिलन समारोह व रमजान इफ्तियार का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर मासिक बैठक व होली



मिलन समारोह व रमजान इफ्तियार का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष मतलूब अली तथा संचालन जिला महासचिव कृष्णपाल यादव ने की` आज सभा को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने कहा हमारा देश गंगा जमुना की मिली जली तहजीब का देश है इसमें सभी त्यौहार हिन्दू, मुस्लिम सिख ईसाई एक दूसरे के पर्व को हर्ष पूर्वक मनाते हैं लेकिन डबल इंजन सरकार ने जो बीज हिन्दू मुस्लिम का बोया है वह इस देश में ज्यादा चलने वाला नहीं। पार्टी कार्यालय पर सास्कृतिक कार्यक्रम भजन व ढोल व बम के साथ फूलों की होली खेलकर मनाया गया। शाम को 06:30 बजे रोजा इफ्तियार करके हिन्दू मुस्लिमों ने हिस्सा लेकर सफल बनाया तथा एक दूसरे को बधाई दी।

# फर्जी नियुक्ति पत्र देकर एफसीआई (FCI) में नौकरी दिलाने के नाम पर 18 लाख रुपये की ठगी करने वाले 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** वादी विकास कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी बी-45 बी ब्लॉक रंगपुरी नई दिल्ली ने साइबर थाना पर तहरीर दी कि उसको व उसकी पत्नी मोनिका गौतम को अभियुक्तों द्वारा खुद को एफसीआई में अधिकारी एवं कर्मचारी बताकर एफसीआई में नौकरी दिलाने का झांसा दिया गया तथा एफसीआई (त्र्छक) का कूटरचित नियुक्ति पत्र देकर उनसे 18 लाख रुपये की ठगी की गयी है। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर साइबर क्राइम थाना बुलन्दशहर पर मुअसं-23/2025 धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2),61(2) बीएनएस व 66 डी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर दिनेश कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार के पर्यवेक्षण में साइबर थाना पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर घटना में संलिप्त 02 अभियुक्तों को भूड चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता . प्रिन्स



कुमार तोमर पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी ग्राम भौपुर थाना खानपुर जनपद बुलन्दशहर. दीपक शर्मा पुत्र आनन्द शर्मा निवासी ग्राम रसूलपुर थाना जारचा जनपद गौतमबुद्धनगर पूछताछ का विवरणः- गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया वे अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर खुद को एफसीआई के अधिकारी व कर्मचारी बताकर छात्रों व उनके परिजनों को एफसीआई में नौकरी दिलाने के झांसे में ले लेते है एवं छात्रों व परिजनों को फर्जी नियुक्ति पत्र देकर उनसे भारी मात्रा पैसे ले लेते है। जिसके बाद ये सभी फरार हो जाते है। इस प्रकार अभियुक्तों द्वारा एफसीआई में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने का काम किया जाता है।

# LPG आपूर्ति और नियमों में बदलाव को लेकर प्रधान इन्डेन सेवा की ग्राहकों से अपील

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** प्रधान इन्डेन सेवा, गुलावठी की ओर से सभी इन्डेन गैस उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है।

एजेंसी द्वारा जारी सूचना के अनुसार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच चल रहे तनाव का असर ऊर्जा क्षेत्र पर भी पड़ रहा है, जिससे छढत्र्‍ गैस की आपूर्ति और कीमतों पर प्रभाव देखने को मिल रहा है। एजेंसी के अनुसार 6 मार्च को छढत्र्‍ गैस के दामों में बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही कुछ कारणों से कमर्शियल गैस की आपूर्ति में अस्थायी कठिनाइयां भी सामने आ रही हैं।

प्रधान इन्डेन सेवा ने बताया कि गैस वितरण से संबंधित कुछ नियमों में भी बदलाव किया गया है। अब किसी भी उपभोक्ता की नई गैस बुकिंग 25 दिन पूरे होने से पहले स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके अलावा गैस सिलेंडर की डिलीवरी के समय उपभोक्ता को ओटीपी देना अनिवार्य होगा।

एजेंसी की ओर से सभी ग्राहकों से अपील की गई है कि वे गैस का उपयोगआवश्यकता और सावधानी के साथ करें तथा नए नियमों का पालन करते हुए सहयोग प्रदान करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा उपलब्ध कराई जा सके।

# बिना नंबर प्लेट धड़ले से सड़कों पर दौड़ रहे ई रिक्शा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** कोतवाली क्षेत्र में नियम कायदों को ताक पर रख ई रिक्शा दौडई जा रही हैं। यही नहीं लालचवस ई-रिक्शा की कमान नाबालिकों के हाथ में पहुंच गई है। वह इन्हें लापरवाही और अनियंत्रित गति से सड़कों पर दौड़ा रहे हैं। इससे दुर्घटना की आशंका अधिक रहती है। नगर से लेकर देहात क्षेत्र में यह नाबालिक धड़ले से ई रिक्शा दौड़ा रहे हैं। ई-रिक्शा की जैसे बाढ सी आ गई है जिधर देखो उधर ई रिक्शा ही नजर आ रहे हैं। क्षेत्र में यातायात का मुख्य साधन यह ई-रिक्शा बन गए हैं पैरों से संचालित होने वाले रिक्शा की जगह इन ई रिक्शाओ ने ले ली है धन के अभाव के चलते आज भी कुछ लोग पेट पालने के लिए पैरों से चलने वाला रिक्शा चला रहे हैं। ई-रिक्शा के आने से स्वरोजगार का अच्छा माध्यम बन



गया है। इसे आसानी से खरीद कर लोग सड़कों पर दौड़ा रहे हैं। ई रिक्शा चालक एमबी एक्ट के नियमों को तोड़ने से बाज नहीं आ रहे हैं। ओवरलोड और बिना रजिस्ट्रेशन के साथ ही बिना नंबर प्लेट के ई रिक्शा दौड़ा रहे हैं। ऐसे में कोई बड़ा हादसा होने पर इन चालकों को पकड़ना पुलिस के लिए चुनौती बन जाता है। बढ़ते ई रिक्शा यातायात व्यवस्था में खलन जरूर डाल रहे हैं।

# जीशान चौधरी पत्रकार के पिता इकबाल चौधरी (58) की बाइक दुर्घटना में मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**खानपुर (वसीम खॉन)।** जिशान चौधरी के पिता इकबाल चौधरी (58) की बाइक दुर्घटना में मौत। यह हादसा अमरगढ़ रोड कनौना चौराहे के पास हुआ था।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह इकबाल आवश्यक कार्य से बाइक से अमरगढ़ जा रहे थे। कनौना चौराहे के पास सड़क पर चल रहे युवक को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। सड़क पर गिरने से उनका सिर सड़क में लग गया, जिससे इकबाल चौधरी के गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। घटना की सूचना मिलने ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया।




जहा डॉक्टरो ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर मेरठ के रेफर कर दिया गया जहां उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां करीब 23 घंटे तक चले उपचार के बाद बुधवार की सुबह उनका निधन हो गया।

घर पर निधन की खबर मिलते ही मातम छा गाया। उनके घर पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। सूचना की खबर मिलते ही दैनिक बुलन्द संदेश पेपर के पत्रकार वसीम खान को पता लगते ही खानपुर में उनके आवास पर जाकर शोक व्यक्त किया और कहा की अल्लाह उनको जन्नत नसीब करे।

# थाना अनूपशहर पुलिस द्वारा 03 शातिर अभियुक्तों को किया गया जिलाबदर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** थाना अनूपशहर पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1.जीता उर्फ जीत सिंह पुत्र ब्रहम सिंह व 2.अशोक पुत्र ब्रहम सिंह निवासीगण ग्राम जिनाई थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर 3. गौरव पुत्र प्रेमपाल सिंह निवासी ग्राम अनिवास थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर के विरूद्ध गुंडाएक्ट की कार्यवाही की गयी थी। जिनको जिलाधिकारी महोदया जनपद बुलन्दशहर द्वारा जिलाबदर घोषित किया गया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर दिनेश कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में दिनांक 08 मार्च को थाना अनूपशहर पुलिस द्वारा जिलाबदर अपराधियों के विरूद्ध उनके निवास के स्थान पर मुनादी कराते हुए 06 माह के लिए जनपद की सीमा से बाहर किया



गया हैं। जिला बदर अपराधी गौरव उपरोक्त के विरूद्ध थाना अनूपशहर पर पूर्व से मारपीट, बलवा एवं छेड़छाड़ आदि के कुल 05 अभियोग एवं अभियुक्त अशोक व जीता उर्फ जीत सिंह उपरोक्त के विरुद्ध हत्या, मारपीट व छेड़छाड़ आदि के कुल 05 अभियोग पंजीकृत हैं।

**आयोजन** | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन सभागार में हुआ महिला पुलिस संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन

# बीआईएस की नीतियों से मिलेगा उपभोक्ता अधिकारों को संरक्षण : नरेश कुमार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो की नोएडा शाखा के अंतर्गत नवदीप सामाजिक विकास संस्था भारत के द्वारा आज पुलिस लाइन सभागार में वामा सारथी (उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन) के सहयोग से महिला पुलिस संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद के समस्त पुलिस थानों की महिला उप निरीक्षक व महिला आरक्षियों को सहभागी बनाकर मानकों एवं गुणवत्ता के महत्व पर आधारित भारतीय मानक ब्यूरो की नीति व कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो की नीतियां उपभोक्ता अधिकारों का संरक्षण करती है, इसलिए महिलाओं को विशेषकर इसके प्रति जागरूक होना चाहिए तथा बाजार में सतर्कता से खरीदारी करनी चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता एवं नवदीप संस्था के परियोजना संयोजक सचिन वर्मा स्वर्णकार ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो बाजार में वस्तु की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के साथ-साथ उपभोक्ताओं के अधिकारों का संरक्षण भी करता है। इसलिए महिला उपभोक्ताओं को इन अधिकारों की जानकारी विशेष रूप से होना जरूरी है। उन्होंने प्रयोग की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं पर आईएसआई मार्क, सोने व चांदी के





के जेवरों पर लगने वाले हॉल मार्क तथा इलेक्ट्रॉनिक सामान पर लगने वाले सीआरएस मार्क की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही आम जनता को सोने व चांदी के जेवरों की खरीद में होने वाली धोखाधड़ी से बचने के लिए हॉल मार्किंग के प्रति जागरूकता लाने पर बल दिया। ताकि प्रत्येक उपभोक्ता को सोने व चांदी के जेवरों पर एचयूआईडी हॉल मार्किंग के रूप में शुद्धता की पहचान हो सके तथा इसकी मांग बढ़ने पर ज्वैलर्स भी बीआईएस के साथ अनिवार्य रूप से पंजीकृत होकर शुद्ध हॉल मार्किंग ज्वैलरी ही अपने ग्राहकों को बेचें। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को बीआईएस केयर एप के विषय में भी जानकारी देते हुए कहा कि यह बाजार में वस्तु पर लगे गुणवत्ता चिन्ह की सत्यता को जांचने में एक विशेषज्ञ के जैसे काम करता है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने स्मार्टफोन में बीआईएस केयर एप डाउनलोड करना चाहिए। इस मौके पर महिला थानाध्यक्ष स्वाति बालियान, उपनिरीक्षक योजना चौधरी, मोना अग्रवाल, आरक्षी रीना नागर को भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से सशक्त महिला के रूप में पटका पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित भी किया गया। आयोजन में सहयोग के लिए उपनिरीक्षक राकेश शर्मा एवं संजीव बालियान को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर नवदीप संस्था की कार्यक्रम संयोजक मिलिंद रानी, जिला परियोजना प्रबंधक अशोक राघव महिला आरक्षी मोनिका ज्योति, अमिता गौतम, मीरा कमल, सीमा यादव, सुशीला देवी, बेबी कुमारी, प्रीति कुमारी समेत जिले के समस्त पुलिस थानों की महिला आरक्षी उपस्थित रहीं।

# ललित जायसवाल द्वारा पार्क में ए ब्लॉक निवासियों के लिए बड़ी स्क्रीन पर मैच दिखाने का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** भारत और न्यूजीलैंड के फाइनल मैच में ए ब्लॉक पार्क संगठन एवं ललित जायसवाल द्वारा पार्क में ए ब्लॉक निवासियों के लिए बड़ी स्क्रीन पर मैच दिखाने का आयोजन किया गया जिसमें सभी निवासियों ने चटकारे और आइसक्रीम के साथ मैच का आनंद लिया मैच विजय होने के बाद आतिशबाजी कर आपस में मिठाई खिलाकर अपनी खुशियां जाहिर करी जिस तरह कल अहमदाबाद स्टेडियम में भारत माता की जय के जयकारों के साथ गूंज रहा था वैसे ही ए ब्लॉक पार्क में भी बच्चों द्वारा झंडा फहराकर भारत माता की जय के नारे के साथ भारत की टीम का हौसला बढ़ाया।





# गर्व गर्ग की सफलता पर गर्व है विधायक संजीव शर्मा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने पुरानी सब्जी मंडी निवासी गर्व गर्ग को यूपीएससी मे अक्क्र192 रेंक लाने पर उनके निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी और उज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। गाजियाबाद की पुरानी सब्जी मंडी के होनहार बेटे गर्व गर्ग ने यूपीएससी (वढरउ) की परीक्षा में अक्क्र 192 प्राप्त कर पूरे शहर का नाम रोशन किया है। साधारण परिवार से आने वाले गर्व गर्ग की यह उपलब्धि मेहनत, लगन और मजबूत संकल्प का प्रेरणादायक उदाहरण है।बेहद साधारण परिवार में जन्मे गर्व के पिता संजय गर्ग पुरानी सब्जी मंडी में किराने की दुकान चलाते हैं और माता निशा गर्ग गृहिणी हैं। परिवार की तीन बड़ी बहनों के सहयोग और प्रेरणा ने गर्व की इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।गर्व गर्ग ने अपनी दसवीं की पढ़ाई गाजियाबाद पब्लिक स्कूल से, बारहवीं डीपीएस मेरठ रोड से तथा ग्रेजुएशन हिंदू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से पूरी की। कोरोना काल के दौरान घर पर रहकर उन्होंने पूरी एकाग्रता के साथ तैयारी की, स्पष्ट रणनीति बनाई और प्रतिदिन लगभग 7-8 घंटे अध्ययन किया। कड़ी मेहनत और धैर्य के साथ तीसरे प्रयास में उन्होंने यह सफलता हासिल की। यह कहानी बताती है कि यदि संकल्प मजबूत हो और परिवार का साथ मिले तो साधारण परिस्थितियों से भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। इस अवसर पर विधायक संजीव शर्मा जी ने कहा कि गर्व गर्ग ने अपनी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से यह सिद्ध कर दिया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद भी बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं। उनकी यह सफलता गाजियाबाद के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।उन्होंने आगे कहा कि गर्व गर्ग जैसे प्रतिभाशाली युवा देश की प्रशासनिक सेवा में जाकर समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। मुझे विश्वास है कि वे अपने कार्यों से देश और गाजियाबाद का नाम और ऊंचा करेंगे। मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने बताया कि गर्व गर्ग की इस सफलता से पूरा परिवार बेहद खुश है और उनके घर पर परिवारजनों व निकट संबंधियों का बधाई देने के लिए लगातार आना-जाना लगा हुआ है। इस अवसर पर चेयरमेन संदीप पाल, आशुतोष शर्मा, अंकित गुप्ता, संजय, अनु चौधरी एवं गर्व गर्ग के परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।'



# यूपीएससी में चयन होने पर विधायक संजीव शर्मा ने उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने आज यूपीएससी (UPSC) परीक्षा में AIR 327 प्राप्त करने वाले होनहार युवा सात्विक शर्मा को उनके निवास बी-53, पटेल नगर सेकंड पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक जी ने कहा, सात्विक शर्मा की यह सफलता पूरे गाजियाबाद और क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है। कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। मुझे विश्वास है कि सात्विक भविष्य में देश और समाज की सेवा करते हुए क्षेत्र का नाम और ऊंचा करेंगे। सात्विक शर्मा के पिता गजेंद्र शर्मा एक व्यवसायी हैं तथा माता सुनीता शर्मा ग्रहणी हैं। तीन भाइयों में सात्विक मध्यम पुत्र हैं। कोरोना काल से ही उन्होंने पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया और लगातार मेहनत करते हुए चौथे प्रयास में यह शानदार सफलता प्राप्त की। मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने कहा, मुझे गर्व है कि सात्विक शर्मा हमारे पटेल नगर का निवासी है। उनकी यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है और युवाओं के लिए प्रेरणा है। पूरे क्षेत्र की ओर से सात्विक शर्मा को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। इस अवसर पर धर्मेंद्र चौधरी, संदीप पाल, आशुतोष शर्मा, हिमांशु पाराशर, मोहित ठाकुर,निक्कू, संदीप शर्मा, गोपाल, प्रवीण शर्मा शहीद परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे ।



# समाधान शक्ति सामाजिक संस्था द्वारा 23 मार्च को शहीदों की स्मृति में कार्यक्रम को भव्य बनाने को लेकर बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** । समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के तत्वावधान में भाजपा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में शालीमार गार्डन एक्स-1 स्थित शहीद स्थल पर 23 मार्च शहीद दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विभिन्न जिम्मेदारियों का कार्यकताओं के बीच विभाजन किया गया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं कार्ययोजना तैयार की गई।

इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस भी मनाया गया तथा उपस्थित महिलाओं को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी प्रतीक माथुर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पप्पू पहलवान जी के नेतृत्व में शहीदों की स्मृति में यह कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित होकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस अवसर पर समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, डीएन कॉल, भूषण लाल, प्रेम त्यागी, भूपेंद्र गोस्वामी, जितेंद्र कुमार, एसपी तिवारी, सुमन सती, प्रियंका सोलंकी, निशा चौहान, अंजू घनशाला, मीडिया प्रभारी प्रतीक माथुर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# गृहकर में भ्रामक छूट हमे स्वीकार्य नहीं,क्या नगर आयुक्त जनप्रतिनिधियों से बड़े हो गए है संरक्षक कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** यहां कोरवा यू पी के शीर्ष पदाधिकारियों की एक बैठक हुई जिसमे पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी और हिमांशु मित्तल ने भी भाग लिया लकोरवा यू पी यानी कनफेडरेशन ऑफ आर डब्लू ए - उत्तर प्रदेश । ये एक पंजीकृत और जनता के मुद्दों को प्रदेश स्तर पर उठाने वाला संगठन है ।

कोरवा यू पी के मुख्य संरक्षक कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने पहले तो ये कहा की ग्रास रूट लेवल पर जनता के मुद्दे हम नहीं उठाएंगे तो कौन उठाएगा ? कर्नल त्यागी ने कहा दिखाया कुछ भी जाए पर ग्रह कर का पूरा विवाद नगर आयुक्त का खड़ा किया हुआ लगता है । क्या नगर आयुक्त जनप्रतिनिधियों से बड़े हो गए ? तरह तरह के अगर मगर , गृह कर में ब्राहमक छूटो का एलान , देरी से गृहकर जमा करने पर 12% का जुमार्ना झ इन सब के पीछे मास्टर माइंड श्री विक्रमादित्य सिंह मलिक है ।मैं अपने अनुभव के आधार पर कह सकता हूं की ये आग नगर आयुक्त की लगाई हुई है और माननीय मेयर श्रीमती सुनीता दयाल ने जनता की पीठ में छुरा घौपा है । होना तो ये चाहिए था की गाजियाबाद की तुलनात्मक द्रष्टि से बेहतर आर्थिक स्थिति को देखते हुए नियमावली के अनुसार लोगों पर न्याय संगत तरीके से गृह कर की 10% दरो में भी कमी की जाती ।

कोरवा-यूपी के अध्यक्ष डा पवन कौशिक और मुख्य सलाहकार डा आर के आर्या ने स्पष्ट शब्दों में संकल्प लिया की कल को क्या होगा हमें मालुम नहीं तुरंत डी एम सर्कल रेट पर आधारित गृह कर में अप्रत्याशित वृद्धि के खिलाफ हम लड़ते रहेंगे ।हम यह भीं कह देना चाहते है की गाजियाबाद के सभी जन प्रतिनिधि ये अच्छी तरह से समझ ले की यदि डी एम सर्कल रेट पर आधारित गृह कर की वृद्धि वापस नहीं हुई तो ये उनका आखरी कार्यकाल होगा` हम उन्हें सपोर्ट तो करेंगे ही नहीं बल्कि विरोध भी करेंगे । गाजियाबाद के नगर में पांच बार चुने गए निर्भीक पार्षद राजेन्द्र त्यागी , पूर्व पार्षद एडवोकेट हिमांशु मित्तल और कोरवा-यूपी के संगठन महासचिव जय दीक्षित ने सर्वोच्च न्यायालय जाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है उन्होंने नगर निगम को आगाह किया की गृह कर जमा करने के लिए जनता पर दबाव न बनाया जाये ।गौरव सेनानी गुरमेल सिंह सिद्धू और अभय अग्रवाल ने गाजियाबाद के लोगों का आवाहन किया की वो अपने अपने घरो पर काले झंडे लगाये और लिखे की हमें डी एम सर्कल रेट पर आधारित गृह कर स्वीकार्य नहीं है । हमें गृह कर जमा करने पर छूट देने का लोली पॉप देकर हमें छलने की कोशिश ना करें ।अंत में आज निम्नलिखित निर्णय लिए गए : 1. गृह कर वृद्धि के विरुद्ध संघर्ष न केवल जारी रखा जायेगा बल्कि उसे बढाया भी जायेगा । यूपी पोर्टल पर , सोशल मिडिया पर एवं अन्य प्लेटफोर्म पर आवाज उठाई जाएगी । सफलता नहीं मिली तो वर्तमान के जनप्रतिनिधि दोबारा नहीं आ पायेंगे ।. तबादले पर आये हुए अधिकारियों को शालीन भाषा में समझाया जायेगा की गाजियाबाद यहाँ के रहने वाले लोगों का है , उनका नहीं ।

जो निर्णय लोगों की रोजी रोटी पर असर डालते हों उन्हें लागू करने से पहले, जनता के सुझावों पर गौर करना आवश्यक है ।डी एम सर्कल रेट आधारित गृह कर की वृद्धि के खिलाफ आवाज उठाते कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी , पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी , पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल , डा पवन कौशिक , डा आर के आर्या , जय दीक्षित एवं अन्य,डा पवन कौशिक अध्यक्ष , कोरवा-यूपी जय दीक्षित ,संगठन महासचिव , कोरवा-यूपी ,कैलाश चन्द्र शर्मा संगठन महासचिव , कोरवा।



## संक्षिप्त समाचार

### पैर में हुआ फेक्चर इलाज के दौरान हुई मौत, अस्पताल में ग्रामीणों ने किया हंगामा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर (इनामुल हक)।** जेवर के गांव कुरैब के एक व्यक्ति के पैर में घर में पंखा टांगते समय गिरने से फेक्चर हो गया। परिवार के लोगों ने उसको कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार के लोगों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगा हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार को कार्यवाई का आश्वासन देकर मामला शांत करा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव कुरैब निवासी बलबीर (45) रविवार को घर की घत पर कुर्सी पर चढ़ पंखा टांग रहे थे, तभी वह डिसबैलेंस होने से कुर्सी से जमीन पर जा गिरे और उनके पैर में फेक्चर हो गया, जहां परिवार के लोग उनको लेकर कस्बे के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां अस्पताल वालों ने उन्हें भर्ती कर सोमवार की सुबह पैर का ऑपरेशन करने की बात कही। आरोप है कि सोमवार की सुबह डाक्टर बलबीर को ऑपरेशन के लिए लेकर गए और कुछ देर बाद परिवार से आकर कहा की बलबीर की मौत हो गई है। जिसके बाद परिवार के साथ ग्रामीणों ने अस्पताल के डाक्टरों पर लापरवाही से कोई गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया। आरोप है कि गलत इंजेक्शन लगाने या दवा की ओवरडोज से मौत हुई है। जिसके बाद अस्पताल पर कार्यवाई की मांग को लेकर हंगामा शुरू हुआ, जिससे रोड पर कुछ देर के लिए जाम लग गया। वहीं सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्यवाई का आश्वासन देकर मामला शांत करा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।




### वरिष्ठ महिलाओं के सम्मान के साथ महिला दिवस समारोह आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एहसास महिला समिति की ओर से दुल्हन बैंक्वेट हॉल में नौवें महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम इस वर्ष विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक आयु की वरिष्ठ महिलाओं को समर्पित रहा, जिसमें क्षेत्र की अनेक महिलाओं ने भागीदारी की। समिति की संस्थापक अध्यक्ष अनुप्रीत कौर ने बताया कि समारोह में विशेष रूप से क्षेत्र की वरिष्ठ महिलाओं यानी 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को समिति की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंजू शिवाच तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पिंक बूथ प्रभारी उषा मलिक मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन सृष्टि गौर ने किया। इस अवसर पर संगठन की नगर सचिव तारिका माटा ने बताया कि समिति का उद्देश्य महिलाओं के आत्मसम्मान को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें समाज में सम्मानजनक और सशक्त स्थान दिलाने के लिए प्रयास करना है। कार्यक्रम के अंत में अनुप्रीत कौर ने अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में रीता बक्शी, बिंदु आत्रेय, वनीता खन्ना, नव्या विज, युवाक्षी कालरा, पूजा शर्मा, अपराजिता सिंह और आस्था गौर का सहयोग रहा।



# भारत के वर्ल्ड कप जीतने की खुशी में एक हफ़्ते तक होंगे एडमिशन फ्रीः जावेद अमन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** भारत की ऐतिहासिक जीत की खुशी में हर बार की तरह इस बार भी मुरादनगर के दा बेस्ट इंस्टिट्यूट ऑफ म्यूज़िक एंड डांस के डायरेक्टर गुरु जावेद अमन ने एक हफ़्ते तक फ्री एडमिशन देने का ऐलान किया।

गुरु जावेद अमन ने कहा ये भारत का छटा वर्ल्ड कप है जो हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। भारत ने अब तक कुल 6 बार मुख्य आईसीसी (क्कउ) वर्ल्ड कप (वनडे और टी20 मिलाकर) जीते हैं। इसमें 2 वनडे वर्ल्ड कप (1983, 2011)3 टी20 वर्ल्ड कप (2007, 2024, 2026) और एक आईसीसी वुमेंस वर्ल्ड कप 2025 )शामिल हैं। गुरु जावेद अमन ने कहा की हमारे जांबाज खिलाड़ियों ने रविवार को नियूजीलैंड जैसी बड़ी टीम को 96 रन से हराकर फिर से इतिहास रच दिया जिसके लिए पूरी टीम को सलाम है।

दा बेस्ट इंस्टिट्यूट में गुरु जावेद अमन के साथ सभी छात्रों व अभिभावकों ने ढोलनगाड़ो के साथ जमकर डांस किया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।




# भारतीय क्रिकेट टीम की धमाकेदार जीत जश्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा टी 20 वर्ल्ड कप जीतने की खुशी में शहर विधायक संजीव शर्मा के सिद्धार्थ विहार स्थित आवास पर पटाखे चलाकर जोरदार जश्न मनाया गया। इस ऐतिहासिक जीत पर विधायक संजीव शर्मा ने सभी देशवासियों एवं भारतीय टीम के खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है और यह जीत हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने बताया कि भारतीय टीम की यह जीत देश की एकता और उत्साह का प्रतीक है तथा उम्मीद है कि जीत का यह सिलसिला आगे भी लगातार जारी रहेगा।




## शिविर — मरीजों के लिए गाजियाबाद के विभिन्न स्थानों पर नियमित शिविर का आयोजन किया गया

# आई.टी.एस डेंटल कॉलेज द्वारा फरवरी, माह में लगाए गए स्वास्थ्य शिविरो में लगभग 4500 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आई.टी.एस डेंटल कॉलेज मुरादनगर द्वारा फरवरी माह में मरीजों के लिए गाजियाबाद के विभिन्न स्थानों पर नियमित शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत संस्थान ने गाजियाबाद जिले के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न शिविर लगाये जिसमें भोपूरा, रजापुर, विजय नगर, मसूरी, जावली, नंदग्राम, लोनी, मोहन नगर, मोदीनगर, नैकपुर, नंगला बैर, चिरोडी, लाल कुंआ, कुभहेडा, रिस्टल, विवेकानंद नगर आदि के साथ-साथ फॉर्चुन रेजीडेन्सी, आशियाना पालम, अंजना इंटेग्रीटी एवं ऑफिसर सिटी जैसी गाजियाबाद की विभिन्न सोसायटियों में भी विभिन्न दंत चिकित्सा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, व्यक्तियों को सामान्य दंत समस्याओं के प्रारंभिक संकेतों के बारे में शिक्षित करना और मुफ्त निदान तथा उपचार सेवाएं प्रदान करना था। प्रत्येक शिविर की शुरूआत मौखिक स्क्रीनिंग सत्र से हुई, जिसके बाद प्रत्येक मरीज को अपना उपचार कराने के लिए प्रेरित किया गया। विशेष रूप से दांतों की सड़न, मसूड़ों की बीमारियों, दंत फ्लोरोसिस और उन्हें रोकने के उपायों पर जोर दिया गया। इसके साथ ही उन्हें कैरियोजेनिक खाद्य पदार्थो के बारे में शिक्षित किया गया जो दांतों की सड़न पैदा कर सकते है।

इसके अतिरिक्त मरीजों को संस्थान में प्रदान किये जाने वाले उन्नत उपचार जैसे डेंटल इंप्लांट, लैमिनेट्स, वेनीर्स, माइक्रोस्कोपिक रूट कैनाल ट्रीटमेंट, ब्रेसेस, एलाइनर्स, टीथ व्हाइटनिंग, हेयर ट्रांसप्लांट आदि के बारे में भी बताया गया। इसके बाद शिविर स्थल पर मरीजों के दांत निकाले गये, दांतो की सफाई करायी, दांतों की सड़न को रोकने के लिए एपीएफ जैल लगाना और और मरीजों का एक्स-रे तथा दांतो मे मसाला भी भरा गया। इसके अतिरिक्त, संस्थान के द्वारा भोजपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पी.एच.सी) और मुरादनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सी.एच.सी) में अपनी चल रही सेटेलाइट के जरिए लगभग 1500 से अधिक मरीजों को निशुल्क उपचार प्रदान किया। आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आर. पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की प्रेरणा से इन स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।



# स्कूली बच्चे पहुंचे जे पी विद्या मंदिर उत्तम व्यवस्था साफ सफाई और अध्ययन कक्ष देख हैरान रह गए मासूम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद (बुलंदशहर)।** उच्च प्राथमिक विद्यालय ख्वाजपुर के छात्र छात्राओं ने जे पी विद्या मंदिर तौमडी का दौरा कर विद्यालय का जायजा लिया। विद्या मंदिर की साफ-सफाई व्यवस्था अध्धयन कक्ष प्रयोगशालाओं आदि को देख स्कूली बच्चे हैरान रह गए। बच्चों ने बेहतर गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर बेहद खुशी का इजहार किया। पी एम श्री स्कूल ट्विनिंग कार्यक्रम के अंतर्गत पी एम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय ख्वाजपुर ब्लाक लखावटी के बच्चे सोमवार को जे पी विद्या मंदिर तौमडी पहुंचे। विद्या मंदिर परिसर में प्रधानाचार्या सुनीता सिंह के नेतृत्व में शिक्षक शिक्षिकाओं स्कूली बच्चों ने अतिथि विद्यार्थियों और शिक्षकों का भावभीना स्वागत सत्कार किया। दोनों विद्यालयों के बच्चों ने एक दूसरे से परिचय प्राप्त किया और अपने विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों और उपलब्धियों का आदान-प्रदान किया। अतिथि बच्चों को विद्यालय की भौतिक, रसायन,जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं में सामान्य प्रयोग कराये गये तथा कंप्यूटर लैब में गूगल बाबा से मनचाही जानकारी प्रश्न पूछे। बच्चों ने सामाजिक विज्ञान व। कला लैब में आकर्षक चित्र और पेंटिंग देख बच्चे मंत्रमुग्ध हो गए और भरपूर प्रशंसा करते हुए कहा कि काश विद्या मंदिर उनका अपना विद्यालय होता तो वो और अधिक बेहतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम होते। संगीत कक्ष में बच्चों ने सुर लय ताल मिलाते हुए भरपूर आनंद उठाया।।



आकर्षण का मुख्य केंद्र सामान्य समूह चर्चा रस्साकसी खेल रहा जिसका अतिथियों ने भरपूर लुत्फ उठाया। सभी को जलपान कराया गया और अनुभवों का आदान-प्रदान किया गया। अतिथि शिक्षक प्रधानाचार्य राजकुमार तथा वेदप्रकाश शिक्षिका बबीता ने अनुभव को यादगार बताते हुए जे पी विद्या मंदिर परिवार का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा इस माध्यम से छात्रों का आत्मविश्वास सहयोग मित्रता आदि गुणों का विकास होता है। प्रवक्ता चंद्र प्रताप निखिलेश गुप्ता मनीष चौधरी संदीप चौधरी जितेश कुमार नीवे अग्रवाल जितेंद्र भारद्वाज सोमकुमार आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया ।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कस्तूरबा विद्यालय में हुआ भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश्ज्ञ ब्यूरो

**अलीगढ़।** शहरी क्षेत्र स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह, गरिमा और प्रेरणादायी वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मा0 राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती मीना कुमारी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मा0 जिला

## बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने का दिया संदेश

पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजय सिंह एवं जिलाधिकारी श्री संजीव रंजन सहित अनेक गणमान्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों एवं छात्राओं ने मा0 मुख्यमंत्री जी के सजीव कार्यक्रम का प्रसारण भी देखा और महिला सशक्तिकरण से जुड़े संदेशों को सुना।इस अवसर पर मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के साथ खेल और तकनीकी ज्ञान में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आत्मविश्वास और परिश्रम से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ लेकर छात्राएं अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकती हैं। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सशक्तिकरण की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने कहा कि जब बेटियां शिक्षित और आत्मनिर्भर बनती हैं तो पूरा समाज मजबूत होता है। जिलाधिकारी ने छात्राओं को जीवन में बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी।




कार्यक्रम के दौरान महिला कल्याण विभाग की ओर से सभी कस्तूरबा विद्यालयों को क्रिकेट किट भी वितरित की गई, जिससे छात्राओं में खेल गतिविधियों के प्रति उत्साह बढ़ा। इस अवसर पर डीपीओ अजीत कुमार, के.के. राय और बीएसए राकेश कुमार सहित अनेक अधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करते हुए महिला सशक्तिकरण के संदेश को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना रहा। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मंगलायतन विश्वविद्यालय के साथ शिक्षक व विद्यार्थी हुए सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** गुरुग्राम स्थित द नॉर्थ कैप विश्वविद्यालय में आयोजित फिजियो कनेक्ट-6 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मंगलायतन विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी विभाग के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। सम्मेलन का आयोजन द मायरा फाउंडेशन द्वारा किया गया था। इस अवसर पर फिजियोथेरेपी शिक्षा और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी के लिए मंगलायतन विश्वविद्यालय को ह्लसर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय पुरस्कारह्व से सम्मानित किया गया।

सम्मेलन में मंगलायतन विश्वविद्यालय के बीपीटी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के 19 विद्यार्थियों ने शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत बीपीटी द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों राघवेंद्र कुमार चौबे, मोहम्मद शाहन अंसारी, रितेश और



अखिल ने समूह नृत्य प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बीपीटी चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राएं रागिनी और महक ने भी नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सम्मेलन के अकादमिक सत्र में भी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए। बीपीटी द्वितीय सेमेस्टर के राघवेंद्र कुमार चौबे और मोहम्मद शाहन अंसारी तथा बीपीटी चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राएं सृष्टि जैन और निधि ने पोस्टर प्रस्तुति के माध्यम से अपने शोध विषयों को प्रस्तुत किया, जिन्हें उपस्थित विशेषज्ञों ने सराहा। वहीं फिजियोथेरेपी विभाग के प्राचार्य डा. केके शर्मा को शिक्षा एवं नैदानिक क्षेत्र में उनके दीर्घकालीन योगदान के लिए ह्लभारत गौरव फिजियोथेरेपी पुरस्कारह्व प्रदान किया गया। इसके अलावा विभाग की सहायक प्राध्यापक डा. स्वाति को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए ह्लशैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कारह्व से सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो. पीके दशोरा, कुलसचिव ब्रिगेडियर डा. समरवीर सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिनेश शर्मा व डीन एकेडमिक प्रो. अम्बरीष शर्मा ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की प्रतिभा, परिश्रम और विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को दशार्ती है।

# वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय में डिपार्टमेंट ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज के मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (एमएलटी) विभाग द्वारा विद्यार्थियों को आर्थिक प्रबंधन और वित्तीय संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनआईआईटी फाउंडेशन द्वारा किया गया तथा इसे आईसीआईसीआई फाउंडेशन का सहयोग प्राप्त था। मुख्य वक्ता रोशन गिरी ने कहा कि वर्तमान समय में वित्तीय साक्षरता प्रत्येक व्यक्ति के लिए अत्यंत आवश्यक है, विशेषकर युवाओं के लिए। उन्होंने विद्यार्थियों को बैंकिंग सेवाओं की मूलभूत जानकारी, बचत की आदत, डिजिटल भुगतान, वित्तीय योजना, बजट बनाना तथा वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। इसके



साथ ही उन्होंने आधुनिक वित्तीय उपकरणों जैसे यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग और डिजिटल वॉलेट का सुरक्षित और प्रभावी ढंग से उपयोग करने के बारे में भी मार्गदर्शन दिया। अनूप और विवेक ने भी विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के आयोजन में आईएनपीएस के प्रिंसिपल शिवराज त्यागी, शिक्षक गजेंद्र पराशर, आकाशदीप सिंह, विनोद कुमार, सलोनी सिंह, नरेश कुमार, किरण और माजिद भट्ट का सहयोग रहा।

# गॉधीपार्क चौराहा स्थित चामुण्डा माता मंदिर पर बासौडा पूजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** सोमवार को गॉधीपार्क चौराहा स्थित चामुण्डा माता मंदिर



पर बासौडा के पूजन हेतु उमडी माता बहनें और पूजा अर्चना की। आपको बताते दे कि होली के बाद पड़ने वाले पहले सोमवार को परंपरागत रूप से माता रानी की पूजा अर्चना की जाती है। इसमें नगर से बड़ी संख्या में माता बहने एवं श्रद्धालु माता रानी के दर्शन करने पहुंचे।

बासौडा के दौरान माताऐं अपने बच्चों को लेकर सुबह तड़के ही अपने अपने क्षेत्र के माता के मंदिरों में पहुंची और यहां पहुंचकर पूजा-अर्चना कीऔर माता को ठंडे पकवानों का भोग लगायें। ऐसी मान्यता है कि इस दिन माता की पूजा करने से परिवार के सदस्यों को रोगों से मुक्ति मिलती है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### उधार चुकाने के बहाने घर बुलाकर युवक को धुना, पीड़ित की तहरीर पर दो नामजदों सहित चार पर मुकदमा दर्ज सभी आरोपी फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद/बुलंदशहर ।** गांव मूढ़ी बकापुर निवासी एक युवक को एक व्यक्ति ने अपने पैसे ले जाने के बहाने बुलाया और साथियों सहित मारपीट कर जख़्मी कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजदों सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। सभी आरोपी फरार होने में कामयाब रहे। गांव मूढ़ी बकापुर निवासी दुष्यंत पुत्र हरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसे मौहल्ला ढाक कस्बा औरंगाबाद निवासी योगेश पुत्र धर्मवीर सिंह ने फोन कर कहा कि अपने 8800 रुपए आकर ले जाओ। जैसे ही मैं उसके घर पहुंचा तो योगेश और उसके भाई आशु ने दो अन्य अज्ञात लोगों के साथ मिलकर गंदी गंदी गालियां देते हुए लाठी डंडे से मारपीट शुरू कर दी। बुरी तरह जख़्मी करके घर से भगा दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने योगेश पुत्र धर्मवीर और आशु पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी मौहल्ला ढाक कस्बा औरंगाबाद व दो अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सभी आरोपी फरार होने में कामयाब रहे।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बच्चे में टक्कर मार दी, मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** कौडियागंज में घर के सामने खेल रहे बच्चे में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना की परिजनों से जानकारी ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कौडियागंज निवासी विपिन कुमार ने बताया है कि दो वर्षीय छोटा बेटा यश रविवार की शाम घर के बाहर दरवाजे पर खेल रहा था। ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बच्चे में टक्कर मार दी। टक्कर से मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे को उपचार के लिए अलीगढ़ के निजी अस्पताल लेकर गए। वहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीड़ित पिता का आरोप है कि हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भाग गया। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि बच्चे की मौत की सूचना मिली है। तहरीर प्राप्त होने पर कार्रवाई की जाएगी।

### काली नदी से निकल कर मगरमच्छ पहुंचा गांव में

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** सोमवार को गंगीरी के गांव भगोसा के ग्रामीणों में उस समय हडकंप मच गया कि जब पास से होकर गुजर रही काली नदी से करीब साढ़े तीन फीट लंबा मगरमच्छ गांव में पहुंच गया। नाली में मगरमच्छ को देख खलबली मच गई। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और बाद में नदी में छोड़ दिया।

### एएमयू में इमाम अली (अ.स) के शहादत दिवस का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** इमाम अली (अ.स) के जन्मदिवस और शहादत दिवस को मनाने की अपनी पुरानी परंपरा को जारी रखते हुए, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की अली सोसाइटी एक बार फिर इमाम अली (अ.स) के शहादत दिवस के अवसर पर अपना वार्षिक कार्यक्रम मजलिस-ए-शहादत आयोजित करने जा रही है, ताकि इस पवित्र दिन को याद किया जा सके और उसका सम्मान किया जा सके। हर वर्ष अली सोसाइटी इमाम अली (अ.स) के जन्मदिवस को अली डे के रूप में मनाती है, जो इमाम अली (अ.स) के जीवन से जुड़ी शिक्षाओं और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने और उन्हें फैलाने की अपनी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इसी के साथ, सोसाइटी 21 रमजान को उनके शहादत दिवस को भी याद करती है, जिसमें अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्र और समाज के अन्य लोग एकत्र होकर उन्हें याद करते हैं, उनके जीवन पर विचार करते हैं और आध्यात्मिक रूप से इस अवसर को मनाते हैं।

इस वर्ष इस कार्यक्रम में हजरत मौलाना सैयद उरूजुल हसन मीसम रिजवी करारवी साहब किबला, प्रिंसिपल, मदरसतुल वाएजीन, लखनऊ, संबोधन देंगे और इमाम अली (अ.स) के स्थायी संदेश, ज्ञान और विरासत पर प्रकाश डालेंगे। अली सोसाइटी के अध्यक्ष प्रो. मजहर अब्बास ने बताया कि मजलिस-ए-अजा 11 मार्च 2026 (21 रमजान) को शाम 7:30 बजे बैतुस्सलात, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ में आयोजित की जाएगी।

# ऑडिट रिपोर्ट में उल्लिखित बिंदुओं पर जिला पंचायत प्रशासन, गंभीर पारदर्शिता व वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने के निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के कार्यों में पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समय-समय पर लेखा परीक्षा कराई जाती है। इसी क्रम में प्राप्त ऑडिट रिपोर्ट में कुछ बिंदुओं के संबंध में जिला पंचायत प्रशासन द्वारा गंभीरता से संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य अधिकारी जिला पंचायत योगेंद्र कुमार ने बताया कि शासन स्तर पर प्रेषित की गई ऑडिट रिपोर्ट में जिन बिंदुओं का उल्लेख किया गया है, वे मुख्य रूप से पूर्व वर्षों से संबंधित हैं। शासन की मंशा के अनुरूप सभी बिंदुओं की बारीकी से समीक्षा कराई जा रही है और जहां भी प्रक्रियागत कमियां पाई जाएंगी, वहां नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत द्वारा कराए जाने वाले सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और निर्धारित वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। वर्तमान में विकास कार्यों की स्वीकृति, कार्ययोजना, तकनीकी परीक्षण और भुगतान की प्रक्रिया को और अधिक व्यवस्थित व पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि भविष्य में किसी भी निर्माण कार्य के प्रारंभ से पूर्व स्वीकृत नक्शा, डिजाइन, अनुमान और अन्य तकनीकी औपचारिकताओं का पूर्ण रूप से पालन कराया जाएगा।

# सोनू ने ही रची हमले की साजिश, हड़पे रुपए वापस न करने के लिए चलवाई खुद पर गोली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** थाना क्वार्सी इलाके में तालानगरी के पास हुई कंपाउंडर पर हुए हमले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि कंपाउंडर ने जालसाजी से हड़पी रकम की वापसी के दबाव से बचने के लिए गोलीकांड कराया था। पुलिस ने इस मामले में गोली चलाने वाले एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

हरदुआगंज थाने के शाहपुर निवासी कंपाउंडर सोनू पुत्र योगेंद्र सिंह ने करीब 40 बेरोजगार युवाओं से नौकरी लगवाने के नाम पर फॉर्म भरवाए थे। इसके एवज में उनसे मोटी रकम वसूली थी।

जब नौकरी नहीं लगी तो लोग लगातार अपने रुपए वापस मांगने लगे। इसी दबाव से बचने के लिए सोनू ने अपने दोस्त रिहान, वसीम और एक अन्य साथी के साथ मिलकर खुद को घायल करने की योजना बनाई। योजना के मुताबिक उसने रिहान से अपने पैर में गोली



चलवाई और फिर खुद ही 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। पुलिस ने इस मामले में मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य खंगाले। वहीं, जब सख्ती से पूछताछ की थी तो पूरा मामला खुल गया। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी सोनू और उसके साथी वसीम निवासी नींबरी थाना रोरावर को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से घटना में प्रयुक्त मोपेड भी बरामद की गई है। फिलहाल पुलिस फरार आरोपी रिहान और उसके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।

**महिला जनसुनवाई** — महिलाओं की शिकायतों का गंभीरतापूर्वक अनुश्रवण कर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

# उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ.मीनाक्षी भराला ने की महिला जनसुनवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार, गौतम बुद्ध नगर में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें मा0 सदस्य के समक्ष प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में महिलाओं से संबंधित लगभग 50 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा, भरण-पोषण, उत्पीड़न मामले प्रमुख रूप से शामिल रहे।

जनसुनवाई के दौरान माननीय सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला ने सभी फरियादी महिलाओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा प्रत्येक मामले का संज्ञान लेते हुए मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर अनुश्रवण करते हुए उनका समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय मिल सके और उनकी समस्याओं का समाधान पारदर्शी एवं संवेदनशील तरीके से किया जा सके।

माननीय सदस्य ने बैठक में उपस्थित पुलिस विभाग, महिला कल्याण विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि कार्यालयों में आने वाली फरियादी महिलाओं की समस्याओं को अत्यंत संवेदनशीलता, सहानुभूति और मधुर व्यवहार के साथ सुना जाए। उन्होंने कहा कि कई बार महिलाएं सामाजिक और पारिवारिक दबाव के कारण अपनी समस्याएं खुलकर नहीं रख पाती हैं, ऐसे में अधिकारियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे उन्हें भरोसा दिलाएं और न्याय दिलाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाएं। डॉ. मीनाक्षी भराला ने कहा कि




उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग का उद्देश्य महिलाओं को न्याय दिलाने के साथ-साथ उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना भी है। आयोग यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि किसी भी महिला को अन्याय या उत्पीड़न का सामना न करना पड़े तथा उसकी शिकायत का त्वरित और निष्पक्ष समाधान हो।

इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सदस्य द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित महिला अधिकारियों, कर्मचारियों तथा फरियादी महिलाओं को पौधे भेंट कर उन्हें महिला दिवस की शुभकामनाएं भी दी गईं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवाकांत द्विवेदी, एडिशनल पुलिस कमिश्नर मुख्यालय अजय कुमार, डीसीपी महिला सुरक्षा अनुकृति शर्मा, एसीपी दीक्षा सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, एसीएमओ टीकम सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# समाजसेवी ने अन्न,जल त्यागने की घोषणा की,आज से कार्मिक अनशन शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका सीमा से टोल प्लाजा हटाए जाने की मांग को लेकर होने वाली टोल के उच्च अधिकारियों से वार्ता में नहीं

- **ब्रजघाट टोल नहीं हटेगा,टोल हटाने को कोर्ट की शरण में जाओ**
- **तहसील व गढ़ बार एसोसिएशन ने समर्थन में की घोषणा**



आने व प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने हाथ खड़े किए नहीं हटेगा टोल कोर्ट जाओ। जिस समाजसेवी पंकज लोधी ने भी कर दिया ऐलान,अब आखिरी सांस भ्रष्टद्दाचार के खिलाफ अनशन जारी रहेगा।

समाज सेवी पंकज लोधी के पास में आरटीआई के माध्यम से भारत सरकार की सूचना में 59 किलोमीटर पर दूसरा टोल स्थापित किया हुआ है जबकि वर्तमान टोल मात्र 51 किलोमीटर की दूरी पर है 8 किलोमीटर की दूरी का कोई भी संतोषजनक जवाब टोल के अधिकारी कर्मचारी नहीं दे पा रहे,पंकज लोधी ने अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान कर दिया एवं कार्यकताओं का 10 मार्च से कर्मिक अनशन अन्न जल छोड़े जाने की भी घोषणा कर दी गई।

वहीं गढ़मुक्तेश्वर की दोनों बार एसोसिएशन ने अनशन के समर्थन में तहसील और कचहरी की हड़ताल कर दी,उसी के साथ बुलंदशहर जिले की स्याना बार एसोसिएशन ने भी इस धरने को समर्थन दिया जहां मामला लगातार तुल पकड़ता जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के जिला अध्यक्ष अमित त्यागी ने घोषणा कर दी,मामला जनता की अदालत में ही होगा,गरीब समाज सेवी लोगों के पास इन टोल माफियाओं से लडने के लिए किसी प्रकार का कोई धन नहीं है,इसीलिए शासन प्रशासन कोई भी कदम उठाने से पहले 1000 बार सोचे की जनता के हित में सभी समाजसेवी आवाज उठा रहे हैं,जल्दी ही संयुक्त मोर्चा बनाया जाएगा,सभी संगठनों का एक आवाज में इस अवैध टोल को नगर पालिका सीमा में लगे होने का विरोध करके इसको हटाया जाएगा। समाज सेवी पंकज लोधी ने घोषणा की यदि किसी भी प्रकार की जबरदस्ती कर उन्हें उठाने की कोशिश की तो वह आत्मदाह कर लेंगे और उसकी जिम्मेदारी उस जबरदस्ती उठाने वाले पदाधिकारी या पुलिसकर्मी की होगी। इस मौके पर बाबा महंत रामदास,हर शरण प्रजापति, गंगाराम, राजेंद्र सिंह चौहान अध्यक्ष,सचिव जितेंद्र यादव, अंकित शर्मा, सुरेंद्रनगर, ऋषिपाल,जिद्दी जय सिंह राणा, एडवोकेट बबलू सहगल,राजरानी,मुन्नी देवी,चंद्रशेखर चौहान,भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी एडवोकेट ललित कुमार,कपिल लोधी एडवोकेट,नरेश कुमार,भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकेट के युवा प्रदेश सचिव अमीर चौधरी,उमेश लोधी, राजवीर शास्त्री,आशीष शर्मा,श्याम सिंह, संजीव त्यागी,अब्दुल कादिर, विजय शर्मा,राजेश शर्मा सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभ दिलाये:डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषे पाण्डेय द्वारा जीरो पॉवर्टी अभियान की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चिन्हित लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ें, फैमिली आईडी बनवाएँ (किसान, पेंशनधारक आदि) और स्टेट डेटा से मिलान करें।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश के तहत लाभार्थियों से फीडबैक लेने को कहा, ताकि योजनाओं की प्रभावशीलता मापी जा सके।

इस अवसर परियोजना निदेशक अनवर शेख, जिला पूर्ति अधिकारी सीमा बालियान डीपीआरओ शिव बिहारी शुक्ला,बीडीओ श्रुति आदि उपस्थित रहे।



# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसः शिवा पाठशाला में मास्को से आई विदेशी मेहमान को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** रेलवे रोड मोहल्ला कलेक्टर गंज स्थित शिवा प्राथमिक पाठशाला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मास्को से आई विदेशी मेहमान को सम्मानित किया गया।

सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया और शिवा पाठशाला के बच्चों



ने मनमोहक प्रस्तुति दी। नगर शिक्षा अधिकारी मनोज गुप्ता ने बच्चों को जीवन में सफल होने के टिप्स बताए। डॉ हरजीत कौर ने जीवन में कभी हार न मानने का दृढ़ निश्चय करवाया।

मास्को से आई ओलगा सिंह शिवा पाठशाला पहुंची और वह उत्तर प्रदेश के एक सरकारी

**शिक्षा के माध्यम से ही सपनों को साकार किया जा सकता है: ओलगा सिंह**

स्कूल शिवा पाठशाला के बच्चों की प्रतिभा व शिक्षण कार्य को देखकर बहुत प्रभावित हुई। उन्होंने बच्चों से ज्ञान-विज्ञान, सामान्य विषय आदि पर अंग्रेजी में प्रश्न पूछे ।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. सुमन अग्रवाल ने अंग्रेजी में पूछे गए प्रश्नों का हिंदी में अनुवाद कर बच्चों तक पहुंचाया और फिर बच्चों के उत्तर विदेशी अतिथि तक पहुंचाया। बच्चों ने भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।

अतिथि ओलगा सिंह ने कहा कि शिक्षित होकर स्वयं व परिवार को ऊचाईयों तक पहुंचाया जा सकता है और शिक्षा के माध्यम से ही सपनों को साकार किया जा सकता है। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मास्को से आई ओलगा सिंह व डॉक्टर हरजीत कौर को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका डॉ सुमन अग्रवाल, नीतू नारंग, लक्ष्मी शर्मा, सोनम, सुमन आदि मौजूद थी।

# दुनिया के विकास में महिलाओं की प्रमुख भूमिका रही है: डा.शबनम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,धौलाना।** अंतर्राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण दिवस के शुभ अवसर पर पी.एम.श्री कंपोजिट विद्यालय हिम्मतनगर में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर शबनम खातून ने कहा महिलाओं ने आज दुनिया के प्रत्येक क्षेत्र में अपने ज्ञान और हुनर का परचम लहराया है,पृथ्वी से लेकर अंतरिक्ष और विज्ञान के क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़-चढ़कर के प्रतिभाग कर रही

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन**

है,विकास के हर क्षेत्र महिलाएं पुरुषों से आगे आ बढ़-चढ़कर के प्रति भाग कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि भारत में वर्तमान में द्रोपदी मुर्मू राष्ट्र के प्रमुख पद पर सुशोभित हैं,स्वर्गीय इंदिरा गांधी भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री रही है जिन्होंने अपने कार्यकाल में अनेक कठोर निर्णय लिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अमिट छाप बनाई,राज्यपाल आदि प्रमुख पदों को महिलाओं ने भी सुशोभित किया हैं। ज्ञान का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है,जिसमें महिलाओं ने अपना लोहा नहीं मनवाया हो,दुनिया के विकास में महिलाओं की प्रमुख भूमिका रही है।

महिला सशक्तिकरण दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए जैसे रंगोली प्रतियोगिता,चम्मच में नींबू रखकर दौड़,रस्साकशी,वाद विवाद प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर दौड़, नुक्कड़ नाटक इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली माता में रस्सा कशी प्रतियोगिता में सीमा व अर्चना





आंगनबाड़ी की टीम प्रथम,चम्मच में नींबू रखकर दौड़ में सीमा आंगनबाड़ी प्रथम म्यूजिकल चेयर दौड़ में रोशन जहां प्रथम अध्यापिकाओं में म्यूजिकल चेयर दौड़ में डॉ0 अंचल शर्मा प्रथम रंगोली प्रतियोगिता में सुशीला रानी प्रथम स्थान पर रही। बालिकाओं में रस्सा कशी में रुजदा की टीम प्रथम,चम्मच में नींबू रखकर दौड़ में आफिया प्रथम स्थान पर रही, इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभा करने वाले प्रत्येक माता और बालिकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शबनम, आफिया, सीमा, अर्चना, रोशनजहां, सोफिया, लक्ष्मी, हिना, रुजदा, खुशनसीब, उमरा, अजमी,आफिया, जिया, लक्ष्मी, सिदरा, खुशी, सानिया, शाहीन आदि बालिकाओं की माता ने उपस्थित रहकर महिला दिवस पर कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया।

कार्यक्रम सफल बनाने में दीपिका, डॉ0 नीरज भारद्वाज, ईशा मलिक, नीलम सिंह, कुसुम रानी, रेखा रानी मालती ओमवती टीना सुशीला रानी अर्चना सीमा मोहम्मद असलम खान, डॉ सूरजपाल सिंह, मुर्शीद अली, जावेद आलम, फिरोज अहमद आदि अध्यापकों ने सहयोग किया।

# अपनी मांगो को लेकर आज धरने पर बैठेंगे शिक्षक: देवेन्द्र शिशोदिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र शिशोदिया ने बताया की उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षक समस्याओं के समाधान हेतु मंगलवार 10-3-2026 से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देगा।

**बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर होगा धरना प्रदर्शन**

शिक्षकों के एरियर महीनो से लेखाधिकारी के स्तर पर है भुगतान नहीं किया जा रहा है। एनपीएस की धनराशि शिक्षकों के प्रान नंबर में शो नहीं कर रही है।

सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की पत्रावली भी अपूर्ण है। जीपीएफ को आनलाइन नहीं किया जा रहा है ओर न ही लेखा पर्ची ही दी जा रही है। जनपद बनने के बाद सामूहिक बीमा का भी भुगतान



देवेन्द्र शिशौदिया जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ हापुड़

नहीं किया जा रहा है। 3% डीए अंतर्जनपदीय शिक्षकों के बोनस का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है चयन वेतनमान आदि समस्याओं के निस्तारण को लेकर 23 फरवरी को लेखाधिकारी कार्यालय पर दिए गए ज्ञापन में स्पष्ट किया गया था कि 15 दिन में समस्याओं का समाधान न होने की स्थिति में संघ धरना करने के लिए बाध्य होगा।

समस्या समाधान हेतु अपेक्षित प्रगति न होने के कारण संगठन धरना देने के लिए बाध्य है ।

10-3-2026 को को 3 बजे के बाद धरना दिया जाएगा। वही जिलाध्यक्ष देवेन्द्र शिशोदिया ने अधिक से अधिक शिक्षकों से धरना-प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

# वृहद रोजगार मेले में 1105 अभ्यर्थियों को चयनित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** सोमवार को उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा दिल्ली रोड स्थित

**एसएसवी डिग्री कालेज के किया,वृहद रोजगार मेले का आयोजन**

एस0एस0वी0 पी0जी0 कालेज में वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया। जिसमें कम्पनियों द्वारा 1105 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया।

एसएसवी डिग्री कालेज में आयोजित वृहद रोजगार मेला का उद्घाटन सदर विधायक विजयपाल आढ़ती जी, मा0 विधायक सदर व मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। गया।







वृहद रोजगार मेला में बहुप्रतिष्ठित निजी क्षेत्र की कम्पनियों के नियोजकों द्वारा हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, स्नातकोत्तर, आई0टी0आई0, डिप्लोमा एवं पॉलीटेक्निक योग्यताधारी कुल 2924 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया गया, जिनमें से कुल 1105 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्टिड / चयनित किया गया। वृहद रोजगार मेला में श्री विजयपाल आढ़ती विधायक सदर,हिमांशु गौतम, मुख्य विकास अधिकारी, प्रधानाचार्य, राजकीय आई0टी0आई0 हापुड़ द्वारा अभ्यर्थियों को रोजगार,स्वरोजगार के सम्बन्ध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य, एस0 एस0 वी0, डिग्री कालिज एवं प्रधानाचार्य,राजकीय पौलिटैक्निक कॉलिज, भी उपस्थित रहे। वृहद रोजगार मेला में जिला सेवायोजन कार्यालय व एस0एस0वी0 पी0जी0 कालेज के समस्त स्टाफ द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस** महिला जागृति फाउंडेशन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया

# महिलाएं समाज और राष्ट्र की असली ताकत हैं: गीता पैट्रिक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गढ़ रोड स्थित मोहल्ला सोटावाली में महिला जागृति फाउंडेशन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।







कार्यक्रम का उद्घाटन के. बी मंसारे प्रदेश अध्यक्ष, म.प्र (एन. जी . ओ पब्लिक फोरम) मुख्य अतिथि डॉ नीलम सिंह (रिदम हॉस्पिटल),विशिष्ट अतिथि आभा बाना, डॉक्टर सीमा सिंह अवंतिका, रामशरण बौद्ध,बरखा भोपाल,सीमा शर्मा सभासद चेतनपुरा अमित मिश्रा,साहिल अलु,सचिन जेरी, राजकुमार,मनीष पौल,रमन सिंह ने किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्षा महिला जागृति फाउंडेशन की फाउंडर गीता पैट्रिक ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आज हम यहां नारी शक्ति,त्याग, समर्पण और साहस का सम्मान करने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि महिलाएं केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की असली ताकत हैं।

उन्होंने कहा कि महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है,चाहे वह शिक्षा हो, विज्ञान हो, राजनीति हो,खेल हो या व्यापार। हमारे देश की महान हस्तियों जैसे क्लारा जेटकिंग,मदर टेरेसा, सावित्रीबाई फुले, रमाबाई, झलकारी बाई, फातिमा शेख, तथा अन्य महिलाओं ने यह सिद्ध किया है कि यदि अवसर मिले तो महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। नारी केवल घर की लक्ष्मी नहीं है, वह समाज की प्रेरणा है, राष्ट्र की प्रगति की पहचान है। एक शिक्षित और सशक्त महिला पूरे परिवार और समाज को आगे बढ़ाती है। कार्यक्रम को संचालन ऋषिपाल गौतम ने किया।

इस अवसर पर मुंद्रेश गौतम, नमिता, काजल, कुसुम, प्रमोद कुमार, वीर सिंह, थॉमस पैट्रिक, साइमन पैट्रिक, मुकुल, रंजन,बबीता राज, राजकिशोर, सैकड़ों महिलाएं, पुरुष तथा बच्चे उपस्थित थे।

# किसान की बेटी ने यू0पी0एस0सी0की परीक्षा की उत्तीर्ण, त्यागी समाज हापुड़ संगठन द्वारा किसान को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,सिंभावली।** त्यागी समाज हापुड़ संगठन द्वारा संघ लोक सेवा आयोग में रेंक 807 प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली शिवानी त्यागी के पिता किसान हिर्देश त्यागी निवासी ग्राम दत्तियाना सिंभावली को फूल माला एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया।





निखिल त्यागी अहाते वालों ने कि शिवानी त्यागी ले यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिजन,गांव,जनपद के साथ-साथ त्यागी समाज का नाम रोशन किया है। हापुड़ आने पर त्यागी समाज द्वारा शिवानी को सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित करने वालों में ओमदत्त त्यागी सबली, गायत्री परिवार से सुधीर त्यागी भूनी वाले, चौधरी निखिल त्यागी अहाते वाले, राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र त्यागी,बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अभिषेक त्यागी,एडवोकेट राजेंद्र त्यागी ,एडवोकेट अर्जुन त्यागी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# खामोशी का दौर और लोकतंत्र की परीक्षा



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

किसी भी लोकतंत्र की असली परीक्षा तब होती है जब सत्ता के फैसलों और सामाजिक घटनाओं पर जनता किस तरह प्रतिक्रिया देती है। लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं चलता, बल्कि नागरिकों की जागरूकता, सवाल पूछने की क्षमता और अन्याय के खिलाफ खड़े होने की हिम्मत से मजबूत होता है।
पिछले कुछ वर्षों में देश में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं जिन पर समाज की प्रतिक्रिया सीमित या कमजोर दिखाई दी। धार्मिक स्थलों को लेकर विवाद, भीड़ हिंसा की घटनाएं, प्रशासनिक कार्रवाइयों के रूप में बुल्डोजर की बढ़ती चर्चा–इन सबने सार्वजनिक बहस को प्रभावित किया है। लेकिन इन घटनाओं पर व्यापक सामाजिक एकजुटता और स्पष्ट प्रतिरोध बहुत कम देखने को मिला।
डर किसी भी समाज को नियंत्रित करने का सबसे प्रभावी हथियार माना जाता है। जब लोगों को यह महसूस होने लगे कि विरोध करने की कीमत बहुत भारी पड़ सकती है–चाहे वह कानूनी कार्रवाई हो, सामाजिक दबाव हो या आर्थिक नुकसान–तो धीरे-धीरे समाज में खामोशी बढ़ने लगती है। यही खामोशी सत्ता और व्यवस्था के लिए सबसे बड़ी राहत बन जाती है।
इतिहास बताता है कि जब अन्याय के शुरूआती संकेतों को नजरअंदाज कर दिया जाता है, तब वही घटनाएं आगे चलकर एक व्यापक प्रवृत्ति का रूप ले लेती हैं। शुरूआत में अगर समाज मजबूत आवाज उठाए, तो कई बार हालात को बिगड़ने से रोका जा सकता है। लेकिन जब लोग यह मान लेते हैं कि ह्लहम पर असर नहीं पड़ेगाह्व, तब अक्सर वही सोच बाद में गलत साबित होती है।
यह भी समझना जरूरी है कि लोकतंत्र में कानून का राज सर्वोपरि होना चाहिए। किसी भी नागरिक के साथ होने वाली कार्रवाई कानून के दायरे में, पारदर्शिता और न्याय के सिद्धांतों के आधार पर होनी चाहिए। अगर लोगों को यह महसूस होने लगे कि न्याय का पैमाना अलग-अलग है, तो यह लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती बन जाता है।
आज का सवाल केवल किसी एक घटना या समुदाय का नहीं है। असली सवाल यह है कि क्या समाज अन्याय, भय और असमानता के खिलाफ एक साझा आवाज बन पाएगा या नहीं। क्योंकि इतिहास में कई बार यह साबित हुआ है कि जब समाज लंबे समय तक खामोश रहता है, तब उसकी खामोशी ही सबसे बड़ा राजनीतिक संदेश बन जाती है।
लोकतंत्र की मजबूती इस बात पर निर्भर करती है कि नागरिक केवल दर्शक बने रहते हैं या सक्रिय भागीदार बनकर न्याय और संविधान के मूल्यों की रक्षा करते हैं।

> ज़िंदगी में कभी भी अपने किसी भी हुनर पर घमंड मत करना, क्योंकि...पत्थर जब पानी में गिरता है तो, अपने ही वज़न से डूब जाता है

# यूपीएससी सफलता और बनाई हुई कहानियाँ



डॉ. प्रियंका सौरभ




भारत में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा केवल एक परीक्षा नहीं है, बल्कि यह लाखों युवाओं के सपनों, संघर्षों और आकांक्षाओं का प्रतीक है। हर वर्ष देशभर से लाखों अभ्यर्थी इस परीक्षा में बैठते हैं और उनमें से कुछ सौ लोग ही अंततः प्रशासनिक सेवा में स्थान प्राप्त कर पाते हैं। इसलिए जो लोग इस कठिन परीक्षा में सफल होते हैं, वे स्वाभाविक रूप से समाज में चर्चा और सम्मान का विषय बन जाते हैं। समाचार माध्यम, सामाजिक माध्यम और आम समाज उनके जीवन की कहानी जानने के लिए उत्सुक रहते हैं।
पिछले कुछ वर्षों में एक दिलचस्प और कभी-कभी चिंताजनक प्रवृत्ति भी देखने को मिली है। कई बार ऐसा प्रतीत होता है कि शहरों की समृद्ध पृष्ठभूमि में पले-बढ़े कुछ सफल अभ्यर्थी अचानक अपनी पहचान को ह्लकिसान पुत्रह्व, ह्लगाँव का बेटाह्व या ह्लग्रामीण पृष्ठभूमिह्व के रूप में प्रस्तुत करने लगते हैं। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत पहचान का प्रश्न नहीं है; यह उस व्यापक सामाजिक-मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया को भी उजागर करती है, जिसमें लोकप्रियता और सहानुभूति प्राप्त करने के लिए अपनी कहानी को विशेष तरीके से प्रस्तुत किया जाता है।यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि आखिर ऐसा क्यों होता है? क्या यह केवल प्रेरणा देने का प्रयास है या फिर लोकप्रियता हासिल करने की एक रणनीति? इस प्रश्न का उत्तर सरल नहीं है, क्योंकि इसके पीछे कई सामाजिक, सांस्कृतिक और माध्यम-संबंधी कारण छिपे हुए हैं। भारतीय समाज में संघर्ष की कहानियाँ हमेशा से अत्यधिक सम्मानित रही हैं। जब कोई व्यक्ति कठिन परिस्थितियों से निकलकर बड़ी सफलता हासिल करता है, तो वह कहानी लाखों लोगों को प्रेरित करती है। यही कारण है कि समाचार माध्यम अक्सर ऐसे उदाहरणों को प्रमुखता से प्रस्तुत करते हैं, जहाँ कोई अभ्यर्थी सीमित संसाधनों, आर्थिक कठिनाइयों या ग्रामीण पृष्ठभूमि के बावजूद सफलता प्राप्त करता है।
इसमें कोई संदेह नहीं कि ऐसी कहानियाँ समाज के लिए सकारात्मक भूमिका निभाती हैं। वे युवाओं को यह विश्वास दिलाती हैं कि परिस्थितियाँ चाहे जैसी भी हों, मेहनत और दृढ़ संकल्प से सफलता हासिल की जा सकती है। भारत जैसे देश में, जहाँ आज भी ग्रामीण और शहरी अवसरों के बीच बड़ा अंतर मौजूद है, ऐसी कहानियाँ उम्मीद और प्रेरणा का स्रोत बनती हैं। लेकिन समस्या तब उत्पन्न होती है जब वास्तविकता से अधिक आकर्षक या भावनात्मक कहानी प्रस्तुत करने का दबाव बढ़ जाता है। सामाजिक माध्यमों के इस दौर में हर व्यक्ति अपनी कहानी को इस तरह प्रस्तुत करना चाहता है कि वह अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचे और उन्हें प्रभावित करे। इस प्रक्रिया में कभी-कभी वास्तविक पृष्ठभूमि की जटिलता को सरल और भावनात्मक कथा में बदल दिया जाता है।
आज के समय में समाचार माध्यम और सामाजिक माध्यम किसी भी व्यक्ति की छवि बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक सफल अभ्यर्थी की कहानी कुछ ही घंटों में पूरे देश में फैल सकती है। विभिन्न साक्षात्कार, वीडियो मंच और समाचार लेख अक्सर उस कहानी के ऐसे पहलुओं को सामने लाते हैं जो भावनात्मक और प्रेरणादायक हों। माध्यमों की दृष्टि से यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि दर्शक और पाठक ऐसी कहानियों से अधिक जुड़ाव महसूस करते हैं। ह्लगाँव से निकलकर प्रशासनिक सेवा में पहुँचा युवकह्व या ह्लकिसान की बेटी जिसने प्रशासनिक सेवा में स्थान बनायाह्व जैसी सुर्खियाँ तुरंत ध्यान आकर्षित करती हैं। परिणामस्वरूप, कभी-कभी कहानी के कुछ हिस्सों को अधिक महत्व दिया जाता है, जबकि अन्य पहलू पीछे छूट जाते हैं। यदि किसी अभ्यर्थी का परिवार मूल रूप से ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ा रहा हो, लेकिन उसकी शिक्षा और परवरिश शहरों में हुई हो, तो माध्यम अक्सर उसी ग्रामीण संबंध को प्रमुखता से प्रस्तुत करते हैं। इससे वास्तविकता का एक आंशिक चित्र सामने आता है।
भारत जैसे विशाल और विविध समाज में पहचान हमेशा सरल और एक-आयामी नहीं होती। किसी व्यक्ति का जन्म गाँव में हो सकता है, लेकिन शिक्षा शहर में हुई हो सकती है। किसी के माता-पिता खेती से जुड़े हो सकते हैं, जबकि परिवार की आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत हो सकती है।
वास्तव में दोनों बातें एक साथ सही हो सकती हैं। लेकिन जब कहानी को सरल और प्रभावी बनाने की कोशिश की जाती है, तो अक्सर एक ही पहचान को प्रमुखता दी जाती है। यही कारण है कि कभी-कभी लोगों को यह लगता है कि वास्तविकता से अलग या बढ़ा-चढ़ाकर चित्र प्रस्तुत किया जा रहा है। आज का समय छवि और कथानक का समय है। सामाजिक माध्यमों ने हर व्यक्ति को अपनी छवि गढ़ने का अवसर दिया है। लोग केवल यह नहीं बताते कि वे कौन हैं, बल्कि यह भी तय करते हैं कि वे समाज के सामने कैसे दिखाई देना चाहते हैं। लेकिन जब यह प्रक्रिया वास्तविकता से अधिक छवि-निर्माण पर आधारित होने लगती है, तो यह आलोचना का विषय बन जाती है। समाज को यह महसूस होने लगता है कि लोकप्रियता प्राप्त करने के लिए पहचान का उपयोग किया जा रहा है।
यह भी याद रखना आवश्यक है कि हर सफल अभ्यर्थी ऐसा नहीं करता। देश में हजारों ऐसे अधिकारी हैं जो अपनी पृष्ठभूमि के बारे में ईमानदारी से बात करते हैं और अपनी सफलता को केवल व्यक्तिगत उपलब्धि के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में देखते हैं। अंततः प्रशासनिक सेवा में सफलता का वास्तविक मूल्य इस बात से तय होना चाहिए कि कोई अधिकारी अपने पद का उपयोग समाज के हित में किस प्रकार करता है। ईमानदारी, संवेदनशीलता और जनसेवा की भावना ही किसी भी अधिकारी की सबसे बड़ी पहचान होती है। लोकप्रियता क्षणिक हो सकती है, लेकिन सच्ची सेवा और ईमानदार कार्य ही वह आधार है जो किसी व्यक्ति को स्थायी सम्मान दिलाता है।

## न्यायिक उत्तर ढूंढना आलसी नजरिया

बदले राजनीतिक माहौल में अदालतें न्यायिक सक्रियता दिखाने में खुद को असमर्थ पा रही हैं, तो समाज का एक हिस्सा इसे दायित्व निर्वहन से मुंह मोड़ना मानेगा। बहरहाल, संदेश यही है कि राजनीतिक प्रश्नों का न्यायिक उत्तर ढूंढना आलसी नजरिया है।
प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्य कांत ने स्वीकार किया है कि कथित गौ-रक्षकों की अवैध गतिविधियों और भीड़ की हिंसा को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में जो 'सामान्य दिशा-निर्देशइ जारी किए, उनकी निगरानी कोर्ट के लिए संभव नहीं रह गई है। तब सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों को दिशा-निर्देश दिए थे। तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश जस्टिस दीपक मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा था कि नस्ल, जाति, वर्ग या धर्म का बिना ख्याल किए सभी नागरिकों की ऐसे अपराधों से रक्षा करना सरकार का दायित्व है। बेंच ने ऐसी घटनाओं को रोकने, पीड़ितों से इंसाफ और मुजरिमों को दंडित करने के लिए कई उपाय तय किए। सरकारों से कहा गया कि इन उपायों पर अमल कर वे सुप्रीम कोर्ट में अनुपालना रिपोर्ट पेश करें। जाहिर है, ऐसा नहीं हुआ। उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों के बावजूद उस तरह की घटनाएं जारी रहीं। उनका ही जिक्र करते हुए पिछले साल सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल हुई, जिसमें संबंधित अधिकारियों पर अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की गुजारिश की गई। तभी कोर्ट ने कहा था कि विभिन्न स्थलों और विभिन्न राज्यों में हुई मॉब लिंचिंग एवं हिंसा की 'सूक्ष्म निगरानी करना उसके लिए संभव नहीं है। यही बात जस्टिस सूर्य कांत दोहराई है। कहा है कि अदालत को ऐसे मामलों में 'सामान्य दिशा-निर्देशइ देने के बजाय हर मामले पर अलग सुनवाई करनी चाहिए। इस तरह चीफ जस्टिस ने अदालती दायरे की पुनर्व्याख्या की है। संवैधानिक नजरिए से इसमें खोट नहीं निकाली जा सकती। मगर अतीत में खुद न्यायालयों ने स्वतः संज्ञान के जरिए संवैधानिक भावना की रक्षा की भूमिका अपनाई थी। इसे 'न्यायिक सक्रियताइ कहा गया। मगर बदले राजनीतिक माहौल में अदालतें इस भूमिका को अपनाए रखने में खुद को असमर्थ पा रही हैं, तो नागरिक समाज का एक हिस्सा इसे दायित्व निर्वहन से न्यायपालिका के मुंह मोड़ने के रूप में देखेगा। बहरहाल, उन समूहों के लिए संदेश यही है कि राजनीतिक प्रश्नों का न्यायिक उत्तर ढूंढना आसान एवं आलसी नजरिया है। वैसे समाधान असल में सार्वजनिक जीवन की धूल-धक्कड़ में उतर कर ही खोजे जा सकेंगे।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**
**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# राहवीर योजना से भय को निकालने की जरूरत



अरविंद रावल

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाने और दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों की जान बचाने के उद्देश्य से पिछले वर्ष अप्रैल से लागू की गई राहवीर योजना वास्तविक धरातल पर कितनी सफल हो रही है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक वर्ष में महज 14 लोगों को ही शासन की ओर से इस योजना के अंतर्गत पुरस्कार राशि स्वीकृत हुई है । मध्य प्रदेश देश का चौथा ऐसा राज्य है जहां सर्वाधिक वाहन दुर्घटनाएं होती हैं। प्रदेश में प्रतिदिन 150 से अधिक वाहन दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें करीब 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं के शिकार लोगों को तत्काल इलाज उपलब्ध हो सके, इस जनहितैषी सोच के साथ पिछले वर्ष अप्रैल में राहवीर योजना शुरू की गई। इसका उद्देश्य यह है कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति को एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचा कर उसकी जान बचाने वाले व्यक्ति को शासन की ओर से 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाए । निश्चित रूप से मध्य प्रदेश सरकार की यह योजना सराहनीय है, लेकिन व्यापक प्रचार-प्रसार के अभाव और कानूनी तथा पुलिसिया कार्यवाही के भय के कारण आज भी कई लोग सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तड़पता छोड़कर आगे बढ़ जाते हैं। इस जीवनदायिनी योजना को प्रभावी बनाने के लिए सरकार को इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करना चाहिए और लोगों के मन से यह भय भी दूर करना चाहिए कि घायल व्यक्ति की मदद करने पर उन्हें कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा । प्रदेश शासन को चाहिए कि दुर्घटना में किसी की जान बचाने वाले व्यक्ति को एक माह के भीतर ही राहवीर योजना की राशि प्रदान की जाए और जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया जाए। इससे समाज में लोगों का भय दूर होगा और घायलों के प्रति संवेदना भी बढ़ेगी । यदि सरकार चाहे तो राहवीर योजना का प्रचार-प्रसार स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थियों के माध्यम से भी किया जा सकता है। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ग्रामीण से लेकर नगरीय क्षेत्रों तक विशेष प्रयास करने होंगे।
वर्तमान में वाहन दुर्घटना में सर्वाधिक शिकार युवा होते हे ! दुर्घटना में अधिकांश युवा के हताहत होने का एक कारण नशा कर तेज गति से वाहन चलाना भी सामने आता हे ! वही कुछ युवा जवानी के जोश में वाहनों द्रुतगति से चला कर अपना और दूसरों का जीवन खतरे में डालते हे !
शासन प्रशासन को विशेषकर तेज गति से वाहन चलाने वाले नाबालिग और युवा चालकों पर सख्ती बरतना बेहद जरूरी है । इसके अलावा जिला प्रशासन की जवाबदेही तय की जानी चाहिए कि वह यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए। जिस जिले में दुर्घटनाओं का ग्राफ सबसे कम हो, वहां के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी शासन की ओर से प्रोत्साहन दिया जाए । यदि इन उपायों पर गंभीरता से अमल किया जाए तो निश्चित ही राहवीर योजना प्रदेश के लोगों के जीवन में वरदान साबित हो सकती है ।

## मंगलवार का राशिफल

**मेष** – घर बनाने के लिए पैसे जोड़ सकेंगे, माता की जीवन में ज्यादा चलेगी, कुछ नया सीखने के लिए ज्यादा समय देंगे, व्यवसाय में कर्म का लाभ मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-67

**वृषभ** – विवाद को शांत करेंगे, नौकरी में में ट्रांसफर, या दूर पर जाना सम्भव हैं, व्यवसाय में ग्राहकों की भीड़ रहेगी, खुश रहेंगे। भाग्य प्रतिशत-69

**मिथुन** – मानसिक शांति का अनुभव होगा, कॉमर्स क्षेत्र में करियर का रास्ता खुलेगा, मार्केटिंग या कोई एजेंसी ली हैं तो चलेगी। भाग्य प्रतिशत-60

**कर्क** – जीवन साथी से सहयोग मिलेगा, अच्छी शिक्षा का लाभ करियर में मिलेगा, प्रिंटिंग, बेकरी, सौंदर्य प्रसाधन व्यवसाय प्रगति करेगा, विवाह मंडप चलेगा। भाग्य प्रतिशत-72

**सिंह** – प्रोपर्टी से आय करना चाहेंगे, विचलित ना हो, क्रोध बढ़ेगा, राजनीति में भूमिका बढ़ेगी, स्टॉक एक्सचेंज कार्य करेंगे। भाग्य प्रतिशत-62

**कन्या** – विरोधी बढ़ सकते हैं, लेकिन उनको शांत करेंगे, किसी महिला से लाभ होगा, जनसंचार, जनसंपर्क कार्य में प्रगति करेंगे, शारीरिक शक्ति पर ध्यान दे। भाग्य प्रतिशत-54

**तुला** – सभी महत्वपूर्ण कार्य जल्दी से होंगे, मन खुश रहेगा, उच्च शिक्षा लेने विदेश जाने का मार्ग बनेगा, व्यवसाय में प्रगति होगी, होटल, फैशन, मॉडलिंग क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे। भाग्य प्रतिशत-75

**वृश्चिक** – प्रेम की अनुभूति होगी, समबन्ध को आगे बढ़ाना चाहेंगे, ऑनलाइन कार्य से आय होगी, जिम कार्य, लेडीज टेलर,ऑर्थोपेडीक सर्जन केस में व्यस्त रहेंगे। भाग्य प्रतिशत-71

**धनु** – नया घर ले सकेंगे, विदेश में परेशानी होगी, किसी वृद्ध महिला का स्वास्थ्य नर्म रहेगा, वैवाहिक जीवन में परेशानी का हल ढूंढना पड़ेगा।

**मकर** – आपके भाषण से लोग प्रभावित होंगे, कलाकार के लिए उत्तम समय हैं, विवाह की वेबसाइट से रिश्ता देख सकते हैं का कार्य चलेगा, ऑनलाइन सामान मंगा सकते हैं।

**कुंभ** – जल्दबाजी से बचना होगा, अन्यथा कोई आर्थिक नुकसान सम्भव हैं, कोई कार्य सही से करके दे, प्ले स्कूल, वीडियोग्राफी, कम्प्यूटर लेपटॉप, मोबाइल कार्य व्यवसाय चलेगा। भाग्य प्रतिशत-56

**मीन** – सेहत में सुधार होगा, पैसे की बचत कर सकेंगे, नेटवर्क बढ़ेगा लोगों से मिलना होगा, कोई अतिथि के रूप में घर बुला सकता है, खाने पीने का व्यवसाय चलेगा। भाग्य प्रतिशत-76



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# भारत की दहलीज पर विश्व विजय का सपना,जीत के जश्न की अभिलाषा

**टी20** विश्व कप का फाइनल किसी भी क्रिकेट प्रेमी के लिए रोमांच का चरम क्षण होता है। जब मैदान पर दो मजबूत टीमें उतरती हैं तो सिर्फ खिलाड़ियों की क्षमता ही नहीं, बल्कि उनका धैर्य, रणनीति और आत्मविश्वास भी परीक्षा में होता है। आज अहमदाबाद के विशाल नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड आमने-सामने हैं। एक ओर भारतीय टीम लगातार दूसरी बार विश्व चैंपियन बनने का सपना लेकर मैदान में उतरेगी, तो दूसरी ओर न्यूजीलैंड पहली बार टी20 विश्व कप का ताज पहनने की उम्मीद के साथ पूरी ताकत लगाएगी। भारत इस टूनामेंट में बेहद मजबूत और संतुलित टीम के रूप में सामने आया है। बल्लेबाजी से लेकर गेंदबाजी और फील्डिंग तक टीम का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है। भारतीय ओपनर्स ने कई मैचों में शानदार शुरूआत देकर टीम को मजबूत आधार दिया है। आक्रामक बल्लेबाजी ने विरोधी टीमों के गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाया है। यही वजह है कि भारत ने पूरे टूर्नामेंट में आत्मविश्वास के साथ मुकाबले जीते और फाइनल तक का सफर तय किया।
हालांकि फाइनल का मुकाबला हमेशा अलग होता है। यहां एक छोटी सी गलती भी मैच का रुख बदल सकती है। अहमदाबाद की पिच और परिस्थितियां भी मैच में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। यहां हुए टी20 मैचों के आंकड़े बताते हैं कि 180 से ज्यादा का स्कोर चेज करना आसान नहीं रहा है। इसलिए टॉस का परिणाम भी काफी अहम साबित हो सकता है। टॉस जीतने वाली टीम पहले बल्लेबाजी करके बड़ा स्कोर खड़ा करना चाहेगी ताकि दबाव विरोधी टीम पर आ सके।
भारतीय टीम की सबसे बड़ी ताकत उसका संतुलन है। बल्लेबाजी में आक्रामकता और गेंदबाजी में विविधता दोनों मौजूद हैं। टीम के युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण इसे और मजबूत बनाता है। ओपनिंग में अभिषेक जैसे खिलाड़ी तेजी से रन बनाकर विपक्षी टीम की रणनीति को बिगाड़ सकते हैं। वहीं मध्यक्रम भी किसी भी परिस्थिति में टीम को संभालने की क्षमता रखता है। गेंदबाजी में भारतीय टीम के पास तेज और स्पिन दोनों प्रकार के विकल्प हैं, जो न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों के लिए चुनौती बन सकते हैं।
फिर भी न्यूजीलैंड को कभी हल्के में नहीं लिया जा सकता। क्रिकेट जगत में यह टीम अपनी अनुशासन और शांत स्वभाव के कारण जानी जाती है। उसे अक्सर ह्लसाइलेंट किलरह्व कहा जाता है क्योंकि वह बिना ज्यादा शोर किए बड़े-बड़े टूनामेंट में शानदार प्रदर्शन कर देती है। कई बार ऐसा हुआ है कि न्यूजीलैंड ने मजबूत टीमों को चौंका दिया है। यही कारण है कि भारतीय टीम को फाइनल में पूरी सावधानी और एकाग्रता के साथ खेलना होगा। न्यूजीलैंड के ओपनर फिन एलन इस टूनामेंट में सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक बनकर उभरे हैं। उन्होंने तेज स्ट्राइक रेट के साथ कई शानदार पारियां खेली हैं। सेमीफाइनल में उनका शतक पूरे टूनामेंट की सबसे यादगार पारियों में से एक माना जा रहा है। एलन की बल्लेबाजी की खासियत यह है कि वे शुरूआत से ही आक्रामक खेलते हैं और गेंदबाजों को संभलने का मौका नहीं देते। यदि उन्हें शुरूआत में आउट नहीं किया गया तो वे मैच का रुख पलट सकते हैं।
न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र भी टीम के लिए बेहद अहम खिलाड़ी साबित हुए हैं। उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया है। मध्य ओवरों में उनकी स्पिन गेंदबाजी भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकती है। इसके अलावा उनका बल्लेबाजी में योगदान भी टीम को मजबूती देता है। रचिन का शांत स्वभाव और समझदारी भरा खेल न्यूजीलैंड के लिए बड़ी ताकत है।
कप्तान मिचेल सैंटनर भी टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे एक अनुभवी खिलाड़ी हैं और परिस्थितियों के अनुसार खेल को पढ़ने की क्षमता रखते हैं। उनकी किफायती गेंदबाजी विरोधी टीम को खुलकर खेलने नहीं देती। इसके साथ ही जरूरत पड़ने पर वे बल्लेबाजी में भी उपयोगी योगदान दे सकते हैं। तेज गेंदबाज मैट हेनरी न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण की रीढ़ माने जाते हैं। उनकी स्विंग और सटीक लाइन-लेंथ बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें पैदा कर सकती है। खासकर नई गेंद से वे शुरूआती विकेट लेकर मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। भारतीय शीर्ष क्रम को उनके खिलाफ सावधानी से खेलना होगा। इसके अलावा टिम साइफर्ट भी शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने इस टूनामेंट में कई उपयोगी पारियां खेलकर न्यूजीलैंड को मजबूत शुरूआत दिलाई है। उनका आक्रामक अंदाज और तेजी से रन बनाने की क्षमता भारतीय गेंदबाजों के लिए चुनौती बन सकती है। यदि साइफर्ट और एलन की जोड़ी चल गई तो मैच रोमांचक हो सकता है।
हालांकि इन सबके बावजूद भारतीय टीम कई मायनों में न्यूजीलैंड से मजबूत नजर आती है। भारत के बल्लेबाज बड़े मैचों में दबाव को संभालने की क्षमता रखते हैं। इसके साथ ही घरेलू परिस्थितियों का फायदा भी टीम को मिल सकता है।
दर्शकों का समर्थन भी भारतीय खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा।
भारत के खिलाड़ियों ने पूरे टूनामेंट में जिस तरह का आत्मविश्वास और आक्रामकता दिखाई है, वह इस फाइनल में भी निर्णायक साबित हो सकती है। टीम इंडिया के खिलाड़ी जानते हैं कि यह सिर्फ एक मैच नहीं बल्कि इतिहास रचने का मौका है। लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप जीतना किसी भी टीम के लिए बड़ी उपलब्धि होगी और भारतीय टीम इस गौरव को हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोंक देगी।
फाइनल मुकाबले का रोमांच इसलिए भी खास है क्योंकि दोनों टीमें अलग-अलग शैली की क्रिकेट खेलती हैं। भारत जहां आक्रामक और आत्मविश्वास से भरी क्रिकेट खेलता है, वहीं न्यूजीलैंड शांत और रणनीतिक खेल के लिए जाना जाता है। यही विरोधाभास इस मैच को और भी रोचक बना देता है।
आज शाम जब अहमदाबाद के मैदान पर दोनों टीमें उतरेंगी तो करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों की नजरें इस मुकाबले पर टिकी होंगी। हर भारतीय प्रशंसक यही चाहता है कि एक बार फिर जीत का जश्न मनाने का मौका मिले और टीम इंडिया विश्व क्रिकेट के शिखर पर अपनी बादशाहत कायम रखे। अगर खिलाड़ी अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन करते हैं तो भारत के लिए इतिहास रचना बिल्कुल संभव है।
अब इंतजार सिर्फ उस पल का है जब मैच की पहली गेंद डाली जाएगी और विश्व क्रिकेट को उसका नया चैंपियन मिलेगा। भारत के पास मौका है कि वह अपनी श्रेष्ठता साबित करे और एक बार फिर दुनिया को दिखा दे कि क्रिकेट के इस सबसे छोटे लेकिन रोमांचक प्रारूप में भी उसकी बादशाहत कायम है।

**-कांतिलाल मांडोत**

# सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में लगेगा माता बगिया वाली देवी मंदिर का जात मेला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** सीता आश्रम सिद्ध पीठ माता बगिया वाली देवी मंदिर में 10 मार्च, मंगलवार को पारंपरिक जात मेले का आयोजन किया जाएगा। वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मेले को लेकर मंदिर समिति और प्रशासन ने तैयारियां कर ली हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से पूरे परिसर की निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही स्थानीय पुलिस भी मेले के दौरान मुस्तैद रहेगी और भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से शांति और अनुशासन बनाए रखने की अपील की है।मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं से विशेष सहयोग की भी अपील की गई है। समिति ने कहा है कि मेले में आने वाली माता-बहनें सोने-चांदी के आभूषण पहनकर न आएं, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा या अप्रिय घटना से बचा जा सके। समिति ने यह भी कहा कि मंदिर परिसर में आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। मेला आयोजन को लेकर मंदिर समिति और पुलिस प्रशासन संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में माता के दर्शन कर सकें। हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

# रामलीला मैदान में गूंज रहे जय श्रीराम के जयघोष, श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**पिलखुवा।** नगर के रामलीला मैदान में आयोजित श्रीराम कथा के दौरान इन दिनों भक्तों का भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचकर भगवान श्रीराम की कथा का श्रवण कर रहे हैं। कथा के चलते पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है और श्रद्धालु श्रद्धा भाव से कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। कथा वाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन मानव समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत करता है। उनके जीवन से हमें सत्य, मयार्दा, त्याग और कर्तव्यपालन की प्रेरणा मिलती है।
कथा के दौरान सती प्रसंग और भगवान शिव के तांडव का मार्मिक वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कथा स्थल पर समय-समय पर श्रद्धालु जय श्रीराम के जयघोष लगाते हुए भक्ति में लीन दिखाई देते हैं।
नगर के अलावा आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने के लिए पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर चेतन कंसल, विपिन अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, अंशुल मित्तल, रणपाल, सुरेश गुप्ता, जनक सिसोदिया, सोहन पाल मास्टर, अमित टांक, अखिलेश मित्तल, सुधीर गोयल, अजय कुमार और बीना गोयल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# होली मिलन पर मानवाधिकार संघ की विचार गोष्ठी आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**चंदौसी।** सीता आश्रम रोड स्थित दुर्गा कॉलोनी में रविवार अपरान्ह 4 बजे मानवाधिकार संघ के कैंप कार्यालय पर होली मिलन के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए प्राकृतिक रंग के रूप में चंदन का तिलक लगाकर की।
संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत, बसंत ऋतु के आगमन और राधा-कृष्ण के प्रेम का प्रतीक है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यह दिन भगवान विष्णु द्वारा भक्त प्रह्लाद की रक्षा और हिरण्यकश्यप व होलिका के विनाश की स्मृति भी दिलाता है।
प्रदेश संयोजक अश्विनी कुमार शर्मा ने प्राकृतिक रंगों को मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य तथा त्वचा के लिए लाभकारी बताया। संस्था के सचिव शैलेश यादव ने कहा कि होली केवल रंगों का नहीं बल्कि प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता का पर्व है, जिसे देश के अलग-अलग राज्यों में विभिन्न परंपराओं के साथ मनाया जाता है।
इस दौरान जयशंकर दुबे ने अपने काव्य पाठ ह्लभाग्य रेखा मुझे अब कहाँ ले चली, देखो पंडित जी मेरी जन्म कुंडलीह्व से उपस्थित लोगों में उत्साह भर दिया। गोष्ठी में हरीश सिंह एडवोकेट, जगदीश राणा, त्रिमोहन सिंह यादव, के.जी. गुप्ता, डॉ. दीपचंद अग्रवाल, विभुकांत शर्मा, सौरभ मिश्रा, नितेश उपाध्याय, दिनेश भारद्वाज व विपिन गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजपाल शर्मा तथा संचालन अश्विनी कुमार शर्मा ने किया।

# चंडी मंदिर में महारुद्राभिषेक, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया भगवान शिव का अभिषेक

बुलन्द संदेश ब्यूरो






**पिलखुवा।** नगर के चंडी मंदिर प्रांगण में धर्म यात्रा सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान शिव के महारुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में पूरे समय भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा। महारुद्राभिषेक के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 301 दंपतियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर रुद्राभिषेक किया और परिवार की सुख-समृद्धि, शांति तथा कल्याण की कामना की। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव के साथ अनुष्ठान में भाग लिया और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल भी पहुंचे और आयोजन में शामिल होकर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा और आस्था को मजबूत करने का कार्य करते हैं।
इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी और सदस्य भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में लोकेश गर्ग, अंशुल मित्तल, राहुल मित्तल सहित कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। धार्मिक अनुष्ठान शांतिपूर्ण और श्रद्धा के वातावरण में संपन्न हुआ।

# सिंभावली क्षेत्र में पशु चोर सक्रिय, दो भैंसे चोरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिम्भावली थाना क्षेत्र में पशु चोरी की घटनाओं से पशुपालकों में चिंता बढ़ गई है। अलग-अलग गांवों से अज्ञात चोर दो भैंसे चोरी कर ले गए। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## पांच दिन में दो स्थानों पर हुई वारदात



जानकारी के अनुसार सिंभावली हरौड़ा रोड स्थित धर्म कांटे के पास कॉलोनी निवासी रिफाकत पुत्र नवाब खां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 8 मार्च 2026 की रात उसका भैंसा रोज की तरह घर के घेर में बंधा हुआ था। रात में किसी समय अज्ञात चोर घेर के मेन गेट का ताला तोड़कर भैंसा चोरी कर ले गए। पीड़ित ने बताया कि 9 मार्च की सुबह करीब 4:30 बजे जब वह पशुओं को चारा डालने के लिए घेर में पहुंचा तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ मिला और भैंसा गायब था। इसके बाद उसने आसपास के गांवों में काफी तलाश की, लेकिन भैंसे का कोई सुराग नहीं लग सका।
इसी तरह चार मार्च की रात वैठ गांव निवासी इकबाल के घेर से भी अज्ञात चोर एक भैंसा चोरी कर ले गए थे। लगातार हो रही पशु चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के पशुपालकों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।
थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि पीड़ितों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस टीम पहले भी पशु चोरी करने वाले एक गैंग का पदार्फाश कर कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। जल्द ही इस घटना का भी खुलासा किया जाएगा।

# विश्व मोटापा दिवस पर लोगों को किया गया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** विश्व मोटापा दिवस के अवसर पर एसवीबीपी अस्पताल मेरठ की जनरल ओपीडी में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मरीजों और उनके परिजनों के लिए स्वास्थ्य वार्ता (हेल्थ टॉक) भी कराई गई।कार्यक्रम में डॉक्टरों ने लोगों को मोटापे के कारण, उसके दुष्प्रभाव और उससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। बताया गया कि मोटापा कई गंभीर बीमारियों जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और जोड़ों की समस्याओं का कारण बन सकता है। इसलिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और सक्रिय जीवनशैली अपनाना जरूरी है।यह कार्यक्रम कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार के मार्गदर्शन में और प्रोफेसर डॉ. सीमा जैन की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. कृति, डॉ. आशु, डॉ. आशीष, डॉ. अभिषेक, डॉ. पलक और डॉ. धीरेंद्र सहित अन्य चिकित्सक भी मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### 11 मार्च को महिला आयोग सदस्या करेंगी जनसुनवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ ।** प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह 11 मार्च 2026 को प्रातः 11:00 बजे जनपद के लोक निर्माण विभाग, बदायूं के गेस्ट हाउस में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला जनसुनवाई करेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित समस्याओं व शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे समस्त सूचनाओं सहित समय से उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहभागिता करें, साथ ही उन्होंने जनपद की समस्त महिलाओं से अपील है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर जनसुनवाई का लाभ उठाएं।

### सड़क किनारे बेहोश मिले मजदूर की उपचार से पहले मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के अचपलगढ़ी के पास रविवार रात सड़क किनारे अचेत अवस्था में मिले एक व्यक्ति की अस्पताल ले जाने पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि देर रात कुछ राहगीरों ने सड़क किनारे एक व्यक्ति को बेहोशी की हालत में पड़ा देखा। इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी गई, जिसके बाद उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में ले लिया। बाद में मृतक की पहचान अमरोहा जनपद के थाना गजरौला क्षेत्र के गांव धानपुर निवासी 45 वर्षीय अरुण के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि अरुण मजदूरी के सिलसिले में इस इलाके में आया हुआ था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक,हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी/सम्भल (मयंक सक्सेना)।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत सोमवार को जनपद सम्भल पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम में तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं को जागरूक किया। इस दौरान महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और समाधान के लिए चौपाल भी लगाई गई। अभियान के तहत प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों व धार्मिक स्थलों पर महिला पुलिसकर्मियों ने पंपलेट वितरित कर सरकार व पुलिस विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस 108, महिला हेल्पलाइन 181 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी देकर महिलाओं को जागरूक किया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अभियान का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण देना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।



**जियारत** मस्जिदे कूफा काजमैन से निकाला गया यह ताबूत इमामबाड़ा हकीम सैयद मोहम्मद तकी ले जाया गया

# रोजेदार अजादारों ने दिनभर की ताबूत की जियारत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (सज्जाद बाकर)।** अमीर-उल-मोमेनीन हजरत अली (अ.स.) को जरबत (तलवार) मारे जाने की याद में सोमवार को तड़के बड़ी अकीदत के साथ गिलीम के ताबूत का जुलूस निकाला गया। जिसमें में हजारों पुरूषों के अलावा पर्दानशीन महिलाओं व बच्चों ने काले लिबास पहने शिरकत की। मस्जिदे कूफा काजमैन से निकाला गया यह ताबूत इमामबाड़ा हकीम सैयद मोहम्मद तकी ले जाया गया। जुलूस को निकलवाने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। जुलूस से पूर्व सुबह 4.55 बजे मस्जिद में कारी ताहिर जाफरी ने फज्र की अजान दी। अजान होते ही मस्जिद परिसर नमाजियों से खचा-खच भर गया। मौलाना जहीर अहमद ने नमाज अदा करायी और मौलाना मुत्तकी जैदी ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने जब 19वीं रमजान को हजरत अली (अ.स.) पर सुबह की नमाज के दौरान अब्दुर्रहमान इब्ने मुल्जिम ने जहर से बुझी तलवार से वार करने का मंजर बयान किया तो अजादार रोने लगे। मजलिस के बाद जैसे ही कंबल में लिपटा ताबूत बाहर आया तो अजादार ताबूत का बोसा लेने लगे। अब यह ताबूत अपनी मंजिल के लिए बढ़ने लगा। जुलूस के आगे 'जुलूसे शबीह ताबूत" का काला बैनर चल रहा था। मर्सियाख्वानी और आंसुओं के साथ यह जुलूस मंसूर नगर, गिरधारी सिंह इंटर कालेज, संजीवनी अस्पताल बिल्लौचपुरा व नक्खास होते हुए पाटानाला के पास पहुंचा। जहां पुरुषों ने ताबूत महिलाओं को सौंप दिया जिसे वह इमामबाड़ा हकीम सैयद मोहम्मद तकी ले गयी।जहां दिनभर अजादारों ने की जुलूस की जियारत। जुलूस के साथ हजरत अब्बास (अ.स.) के अलम भी थे। रास्ते के दोनों ओर ताबूत की जियारत करने वालों का हुजूम था। ताबूत देख हर आंख से आंसू जारी हो जाते थे। इसके बाद अलविदायी मजलिस को मौलाना मीसम जैदी ने खिताब किया। मजलिस खत्म होते ही सीनाजनी के साथ हैदर मौला-या अली मौला की सदाएं गूंजने लगी। इसके बाद नदीम नजफी ने जियारत पढ़ायी।

**पुराने शहर में गूंजीं हैदर मौला-या अली मौला की सदायें इमाम के गम में पहने काले लिबास**

हजरत अली (अ.स.) की शहादत के गम में शहर में 'हैदर मौला-या अली मौला की सदाएं गूंजती रहीं। इमाम के गम मनाने के लिए अजादार काले लिबास पहने और मजलिसों व मातम का आयोजन करके उनकी शहादत का गम मनाया जा रहा है। जहां आज सुबह से ही पुरूषों व बच्चे ने विभिन्न कर्बलाओं व इमामबाड़ों में होने वाली मजलिसों में शिरकत की,वहीं महिलाओं ने घरों में नौहाख्वानी की। हर एक घर में यह नौहा पढ़ा गया। 'आलमे शबे जरबत ऐ मोमिनों आयी है, तारीक सी दुनिया पर हर सिम्त को छायी है,19वीं रमजान को शब भर मेरे मौला ने तकिये पर सर न रखा और नींद न आयी है। अजाखाने अख्तर हुसैन हसनपुरिया में महिलाओं की मजलिस को जाकिरा फिज्जा फातिमा ने खिताब किया। इसके बाद ताबूत की जियारत करायी गयी। ताबूत की आयोजक शीबा जैदी ने ताबूत में आये सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। आज सुबह नजफ में हजरत अली (अ.स.) का ताबूत सजा दिया गया। जिसे हसन मिर्जा के ताबूत के नाम से जाना जाता है। यहां मौलाना शौजफ काजिम जरवली व मीसम जैदी ने मजलिस को खिताब किया। सुबह से देर रात तक पुरूषों ने ताबूत की जियारत की और अंजुमन गुंचाए मजलूमिया, काजमिया आबिदया, रौनके दीने इस्लाम और फिरदौसिया आदि ने नौहाख्वानी व मातम किया। इमामबाड़ा लाडो खानम नक्खास व काजमैन में मौलाना मीसम जैदी,अजाखाना जफर रजा हसन पुरिया में मौलाना सैफ अब्बास, इमामबाड़ा नाजिम साहब,मस्जिद मलका किश्वर कैम्पबेल रोड व बैतुलहुजन में मौलाना यासूब अब्बास ने इमामबाड़ा शाहनजफ हजरतगंज में रजा अब्बास ने,मस्जिद मिर्जा जैना महमूद नगर में हसन रजा ने,मस्जिदे अब्बासिया हसन पुरिया में मौलाना जमन हैदर ने कर्बला अजमतुतदौला में मौलाना अब्बास इरशाद ने मजलिस को खिताब किया। बारगाह-ए-सकीना रुस्तम नगर में मौलाना रजा हुसैन जरवली ने मजलिस को खिताब किया। मुर्शद की मस्जिद रुस्तमनगर में मौलाना कल्बे नूरी ने मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर म मौलाना जाफर अब्बास ने अजाखाना सिकन्दर आगा कश्मीरी मोहल्ला में मौलाना अबुतालिब मेहदी ने मजलिस को खिताब किया। मस्जिदे कूफा काजमैन में मौलाना अब्बास इरशाद ने मजलिस को खिताब किया।





**इमामबाड़ा अबुतालिब में ताबूत की जियारत आज**

अंजुमन गुंचाए मजलूमियां की ओर से इस साल भी इमामबाड़ा अबुतालिब हसन पुरिया में शुक्रवार को मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद रात 10 बजे खिताब करेंगे। अंजमुन के सचिव इमरान अखतर ने बताया कि मजलिस के बाद ताबूत की जियारत होगी व अंजुमन नौहाख्वानी करेंगी। अजाखाना अख्तर हुसैन चसन पुरिया में मौलाना बाकर जैदी रात 8 बजे मजलिस पढ़ेंगे।

**कल सुबह 3 बजे निकलेगा 21वीं रमजान का जुलूस**

हजरत अली (अ.स.) की शहादत की याद में शनिवार को सुबह 3 बजे 21वीं रमजान का जुलूस रौजाए 'शबीह नजफ" रूस्तम नगर से निकाला जायेगा। मजलिस को मौलाना यासूब अब्बास खिताब करेंगे। मजलिस के बाद महिलाएं ताबूत को रौजे से उठाकर पुरूषों को सौंप देंगी। जुलूस यहां से निकल कर छोटे साहब आलम रोड, कर्बला दियानुतदौला, काजमैन, मंसूर नगर तिराहा, गिरधारी सिंह इंटर कालेज, संजीवनी अस्पताल से दाहिने मुड़कर हैदरगंज, बुलाकी अड्डा होते हुए कर्बला तालकटोरा पहुंचेगा जहां ताबूत को दफ्न किया जायेगा। अजादार दिन भर कर्बला पहुंच कर हजरत अली (अ.स.) की तुरबत पर फातेहा पढ़ेंगे।

# साइबर सुरक्षा व डिजिटल साक्षरता पर एनकेबीएमजी कॉलेज का शिविर आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो






**चंदौसी।** एन.के.बी.एम.जी. कॉलेज चंदौसी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन सोमवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय पत्रौआ में ह्यसाइबर सुरक्षा एवं डिजिटल साक्षरताह्न विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल (प्रथम इकाई) व डॉ. प्रियंका (द्वितीय इकाई) ने किया।
शिविर का शुभारंभ सरस्वती वंदना, लक्ष्य गीत, संकल्प गीत और राष्ट्रीय एकता गीत के साथ हुआ। इसके बाद छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया। प्रथम तकनीकी सत्र में रढएछ कोऑर्डिनेटर पूजा नागर ने छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कंप्यूटर, इंटरनेट या मोबाइल तकनीक के माध्यम से किए जाने वाले अपराध को साइबर क्राइम कहा जाता है। उन्होंने हैकिंग, फिशिंग, पहचान की चोरी, मालवेयर हमला, स्पैम ईमेल और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी जैसे उदाहरण बताते हुए साइबर अपराध से बचाव के उपाय भी बताए। साथ ही कहा कि किसी भी ठगी की स्थिति में 24 घंटे के भीतर साइबर पुलिस या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत करनी चाहिए। द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने आसपास की मलिन बस्तियों में जाकर लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया तथा अंत में सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास भी कराया गया।

# वरिष्ठ पत्रकार क्रकेटर मुरादाबाद से प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआइ) एवं समाज विज्ञानी डॉ. मोहम्मद को सुपुर्द ए खाक हो गए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी )।** वरिष्ठ पत्रकार क्रकेटर मुरादाबाद से प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) एवं समाज विज्ञानी डॉ. मोहम्मद को सुपुर्द ए खाक हो गए।
शुक्रवार शाम करीब छह बजे उनका निधन हो गया था।उनके निधन की खबर सुनकर पत्रकार एवं खेल जगत, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई थी। उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है। शनिवार की सुबह करीब दस बजकर पचास मिनट पर मदरसा मस्जिद में डा मुस्तकीम की अंतिम इच्छा के अनुसार उनके 17 वर्षीय बेटे मुहम्मद मोहरिज द्वारा नमाज-ए- जनाजा पढ़ी गई। यहां यह गौरतलब है कि मरहूम मुस्तकीम द्वारा भी अपने पिता का नमाज ए जनाजा खुद पढ़ाया था इसी तरह वह चाहते थे कि उनका जनाजा भी उनका बेटा पढ़ाए।
उसके बाद हरथला के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।
डॉ. मुस्तकीम एक बहुआयामी व्यक्तित्व थे। उन्होंने क्रिकेट पर डॉक्टरेट की डिग्री हासिल की थी और वर्ल्ड हैंड राइटिंग में सम्मान प्राप्त किया था। क्रिकेट के क्षेत्र में वे रणजी ट्रॉफी के रिजर्व विकेटकीपर भी रह चुके थे। पत्रकारिता में उनकी ईमानदारी, कर्मठता और मूल्यों के प्रति निष्ठा सदैव याद की जाएगी।
मायावती सरकार के दौरान मुरादाबाद के चर्चित किडनी कांड में उनकी रिपोर्ट ने खासी सुर्खियां बटोरी थीं। नोएडा स्थित शशांक शेखर की कोठी से जुड़ी उनकी खोजपूर्ण खबर को तत्कालीन नेता मुलायम सिंह यादव ने विधानसभा में उठाया था, जिससे जांच और कार्रवाई का रास्ता खुला। उनकी राजनीति में दिलचस्पी के साथ समझ भी मजबूत मानी जाती थी। राजनीति में गहरी समझ व रुचि के चलते मुरादाबाद(प) विधानसभा सीट से इनेलो के टिकट पर तथा बरेली-मुरादाबाद स्नातक सीट से कांग्रेस के टिकट पर विधान परिषद





अपने इकलौते पुत्र के साथ डा.मुस्तकीम

का चुनाव भी लड़ा था जिसमें उन्हें कामयाबी नहीं मिल पाई थी। उन्होंने अपनी पहली कांफ्रेंस में पत्रकारों को उन्होंने चांदी के फाउंटेन पेन गिफ्ट किए थे।
अपनी काबिलियत और रसूखों के बल पर दीन-दुखियों, पीड़ितों और जरूरतमंदों की मदद करना उनकी रोजमर्रा की जीवनशैली का हिस्सा था। पत्रकारिता में उनके आदर्श, ईमानदारी और निस्वार्थ कर्मठता आज के दौर में दुर्लभ है। समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता एवं कैबिनेट मंत्री रहने के दौरान आजम खान द्वारा उनके हैंडराइटिंग से प्रभावित होकर डॉ मुस्तकीम को ईरान से मंगाकर सोने की इंक से रामायण लिखने व पारितोषिक के रूप में दो लाख रुपये का देने आफर दिया था।
पत्रकारिता के साथ साथ उन्हें धार्मिक अध्ययन में भी विशेष रुचि थी।सीनियर फोटो जर्नलिस्ट सुहैल खान बताते हैं कि उनके द्वारा अंग्रेजी भाषा में करीब 600 पेज में कुरआन शरीफ लिखना अपने आप में काबिल ए तारीफ है। हालांकि बीमारी की वजह से उसकी जिल्द (बाइंडिंग) अभी नहीं हो पाई थी।
वह अपने पीछे उच्च शिक्षित सरकारी अध्यापिका के रूप में पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके अचानक निधन से परिवार पर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।
उनके पिता रेलवे अधिकारी थे, बड़े भाई मुरादाबाद के सीनियर अधिवक्ता हैं और छोटे भाई खाड़ी देश में लंबे समय तक इंजीनियर के रूप में कार्यरत रहे। शुक्रवार शाम से ही उनके हरथला स्थित आवास पर शोक सभाओं का सिलसिला जारी रहा। शनिवार सुबह जनाजे में मुरादाबाद मंडल व महानगर के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकार, साहित्यकार, निर्यातक, राजनीतिज्ञ, प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी, व्यापारी और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए।शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए गणमान्य जनों ने कहा कि डॉ. मुस्तकीम का जाना पत्रकारिता के उस पुराने स्कूल का अंत है, जहां सत्य, निष्पक्षता और जनसेवा सर्वोपरि थे। डॉ मुस्तकीम को गणमान्य जनों द्वारा खिराजे अकीदत पेश करते हुए मगफिरत और उनके परिवार को सब्र की दुआ की गई। रविवार को अमरोहा प्रेस क्लब व अन्य पत्रकारों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों पर चलने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर डा.महताब अमरोहवी ,मोमनीन कुरैशी ,डा. महेंद्र मौर्य ,वरिष्ठ पत्रकार महि पाल सिंह समेत काफी पत्रकर मौजूद थे।

# वृद्ध-दिव्यांग मां को दो बेटों को देने होंगे पांच-पांच हजार रुपये प्रति माह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिकरण ने दो पुत्रों को वृद्ध एवं दिव्यांग मां के लिए भरण पोषण के रूप में पांच-पांच हजार रुपये भरण पोषण के रूप में दिलाने का

**उपजिलाधिकारी सदर ने भरण पोषण वाद में किया अंतिम निर्ण**

आदेश दिए हैं। इससे दोनों बेटों में हड़कंप मचा है। वृद्ध माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला कोट की वृद्धा एवं दिव्यांग सरोज जिन्दल ने भरण पोषण के लिए वृद्ध एवं वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिनियम के अंतर्गत वाद दायर किया था। वाद में उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके बेटे नीरज जिंदल व राजीव जिंदल ने उनपर बहुत अत्याचार किए हैं। इससे उनको मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया है। इस कारण वह अपने बेटों का चेहरा भी नहीं देखना चाहती है। वह उनके मन से पूर्ण रूप से उतर गए हैं। ऐसी दशा में वह अपने बेटों से सुलह समझौता नहीं चाहती। उनके बेटों ने आज तक किसी भी प्रकार का कोई भरण पोषण नहीं दिया है। उनकी आय का काई साधन नहीं है। वह बामुश्किल भरण पोषण कर रही है। ऐसी दशा में उनके बेटों से भरण पोषण के लिए दस-दस हजार रुपए प्रतिमाह दिलाए जाएं। सुलह अधिकारी ने पक्षों को नोटिस जारी किया। अधिकरण के समक्ष दोनों पक्षों को सुना गया। नियत तिथियों पर नीरज जिंदल उपस्थित हुए। विपक्षी नीरज जिंदल ने बताया कि हम अपनी मां को अपने साथ रखने के लिये तैयार है परन्तु सरोज जिंदल ने इंकार कर दिया । दोनों पक्षों की ओर बहस सुनने के उपरांत न्यायालय ने वृद्ध दिव्यांग की दवा अर्जी को स्वीकार करते हुए अंतिम निर्णय पारित करते हुए वृद्ध एवं वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिकरण ने दोनों पुत्रों नीरज जिंदल व राजीव जिंदल से सरोज जिदंल को पांच-पांच हजार रुपये 4 फरवरी 2025 से प्रत्येक माह अदा करने का अंतिम निर्णय किया हैं।



सरोज जिंदल

साथ ही निर्देश दिया है कि इस अवधि में नीरज जिंदल व राजीव जिंदल उनका किसी भी प्रकार से उत्पीड़न नहीं करेंगे और प्रत्येक दशा में भरण पोषण धनराशि को अदा करेंगे । भरण पोषण अधिकरण द्वारा उक्त निर्णय की प्रतिलिपि समाज कल्याण विभाग और प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अमरोहा नगर को अनुपालन हेतु प्रेषित की गई है ।

# अग्निवीर सेना भर्ती रैली में 12 जिलों के हजारों अभ्यर्थी लेंगे भाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ ।** भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर सेना भर्ती को लेकर बरेली में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। भर्ती रैली का आयोजन जाट रेजीमेंट सेंटर, बरेली परिसर में 11 मार्च से 23 मार्च 2026 तक किया जाएगा, जिसमें उत्तर प्रदेश के 12 जनपदों के हजारों अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। सेना भर्ती रैली के दौरान बरेली सहित बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, सीतापुर, संभल, पीलीभीत, हरदोई, फरुर्खाबाद तथा बदायूँ जनपदों के अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग को अधिक से अधिक यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भर्ती प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सेना अधिकारियों ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई जाएगी तथा अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों एवं दलालों से दूर रहें। सेना भर्ती के निदेशक ने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वे अपने एडमिट कार्ड पर अंकित तिथि एवं समय के अनुसार भर्ती स्थल पर समय से पहुंचें, एडमिट कार्ड डाउनलोड कर अपने साथ रखें तथा सभी आवश्यक दस्तावेज अवश्य साथ लेकर आएं।

**11 से 23 मार्च तक जाट रेजीमेंट सेंटर बरेली में होगा भर्ती रैली का आयोजन**

# फूलों की होली से ब्राह्मण सभा ने होली मिलन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** रंग पंचमी के अवसर पर ब्राह्मण सभा के तत्वाधान होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें नगर के ब्राह्मणों बंधुओं ने एकत्र होकर एक दूसरे पर फूल बरसाकर और माथे पर तिलक लगाकर होली खेली एवं गले मिलकर बधाई दी ।रविवार की देर शाम नगर के मोहल्ला चौक स्थित ब्राह्मण सभा के उपाध्यक्ष विकास व्यास के आवास पर रंग पंचमी के अवसर पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसे संबोधित करते हुए ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पं० पवन कौशिक एवं महामंत्री पं० मनु शर्मा एडवोकेट ने संयुक्त रूप से उपस्थित ब्राह्मण बंधुओं का आवाहन करते हुए कहा कि होली रंगों का पर्व है जिसे सभी को मिलजुल कर मनाना चाहिए । आपस के गिले शिकवे और मनमुटाव को समाज में बैठकर हल कर लेना चाहिए । होली का त्यौहार हमें यही संदेश देता है ।शीघ्र ही ब्राह्मण सभा नगर के प्रत्येक ब्राह्मण परिवारों को समाज से जोड़ने का कार्य करेंगे । उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज को संगठित होकर प्रत्येक पर्व और त्योहार को इसी तरह से मिलजुल कर आपसी प्यार मोहब्बत से मनाने की आवश्यकता है । कार्यक्रम के अंत में सभी स्वजातीय बंधुओं ने एक दूसरे पर फूलों की पत्तियां डालकर, माथे पर तिलक लगाकर होली का पर्व मनाया और एक एक दूसरे के गले मिलकर होली के पकवान एवं मिष्ठान खिलाएं । इस अवसर पर ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पवन कौशिक, महामंत्री मनु शर्मा, संरक्षक योगेंद्र कुमार शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, उपेंद्रनाथ त्रिवेदी, विपुल शर्मा, प्रकाश व्यास, मेधावी व्यास, काश व्यास, पवन शर्मा, वरुण त्रिवेदी, राकेश कुमार शर्मा, स्वीकृत शर्मा, शिवम शर्मा, प्रेमचंद पाठक, खेमकरण शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, भगवानदास पाठक, गिरीश कुमार शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, नवनीत गौतम, वामदेव नौटियाल, वरुण त्रिवेदी, विकास त्रिवेदी, प्रमोद कुमार शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, उमेश कुमार शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे ।







# निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** मुख्य अतिथि जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, अमरोहा एवं जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन, गजरौला के संयुक्त तत्वाधान में मोटराइज्ड ट्राई साइकिल योजनान्तर्गत निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि मोटराइज्ड ट्राई साइकिल दिव्यांग जनों के जीवन में आए ठहराव को दूर करेगी और अब वह भी आसानी से घूम-फिर सकेंगे। इससे न केवल उनकी जीवनशैली बदलेगी बल्कि वह स्वरोजगार को बढ़ावा भी दे सकेंगे। उन्होंने इस पुनीत कार्य में सहयोग करने के लिए जुबिलेंट प्रबंधन की प्रशंसा भी की।कार्यक्रम में जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड के ऑफिसर्स क्लब में मोटराइज्ड ट्राई साइकिल योजना के तहत जिला दिव्यांगजन कार्यालय में पंजीकृत एक महिला समेत पांच पात्रों को डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जुबिलेंट के यूनिट हेड विनोद झा के संग इनका वितरण किया। इन्हें पाकर पात्रों के चेहरे खिल उठे। डीएम ने सभी से बातचीत भी की। उनका कहना था कि वे सभी कामगार हैं और अब उनके जीवन में बदलाव भी आएगा। डीएम ने हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया। इससे पूर्व जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित में मुख्य अतिथि डीएम निधि गुप्ता वत्स एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि जुबिलेंट शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार, पर्यावरण एवं जल संरक्षण आदि सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाती है। जेबीएफ में कार्यक्रम अधिकारी विशाल गौरव ने बताया कि प्रशासन ने कुल दस मोटराइज्ड ट्राई साइकिल खरीदी थीं। इनका भुगतान जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ने किया था। इनमें से पांच का वितरण हाल ही में प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने अमरोहा में किया था। इस मौके पर एसडीएम धनौरा विभा श्रीवास्तव, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शिखा शर्मा, समाजसेविका हितेश चौधरी, जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, डा. सुजिंदर फोगाट, डा. मधु चतुर्वेदी, ऋषिपाल सिंह, राम सिंह बौद्ध, कृपाल सिंह, सुमेधा शर्मा, चंदन सिंह, नवनीत सिंह, जॉनी, बूंदी सिंह, राहुल, आशु आदि भी मौजूद रहे।





# ईरान इजरायल युद्ध को लेकर टिप्पणी करना मुस्लिम युवक को भारी पड़ा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** ईरान-इस्राइल युद्ध को लेकर सोशल मीडिया पर टिप्पणी करना एक मुस्लिम युवक को महंगा पड़ गया। इज्जतनगर थाना क्षेत्र में इंस्टाग्राम पर रील डालने के मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
बताया जा रहा है कि युवक ने इंस्टाग्राम पर एक रील पोस्ट की थी, जिसमें उसने ईरान-इस्राइल युद्ध को लेकर विवादित टिप्पणी की। रील सामने आने के बाद हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने नाराजगी जताई और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से पुलिस से शिकायत की। इज्जतनगर थाने के एसआई मोहित कुमार की ओर से इस मामले में धौरेरा माफी निवासी सलीम अंसारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस के अनुसार युवक की पहचान होने के बाद उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
एसआई मोहित कुमार के मुताबिक सलीम अंसारी का विवादित वीडियो करीब 12 सेकेंड का है। वीडियो में वह कहता सुनाई दे रहा है कि यहूदी और मुसलमानों के बीच जंग चल रही है, लेकिन हिंदुस्तान में बैठे लोग क्यों चिल्ला रहे हैं। पुलिस का कहना है कि इस तरह की टिप्पणी से समुदाय विशेष की भावनाएं भड़क सकती हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही सोशल मीडिया पर डाले गए वीडियो की भी पड़ताल की जा रही है।



# होमगार्ड के बेटे ने बढ़ाया मानः रुपकिशोर बने बीएसएफ जवान,गांव में जश्न का माहौल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** जिले के गांव अझरा में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई जब होमगार्ड जवान श्यौराज सिंह के बेटे रुपकिशोर का चयन सीमा सुरक्षा बल में हो गया। बेटे की इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में गर्व और उत्साह का माहौल है। रुपकिशोर का चयन देश की प्रमुख सुरक्षा बलों में से एक Border Security Force (बीएसएफ) में हुआ है। इस खबर के मिलते ही परिजन, रिश्तेदार और ग्रामीण बेहद खुश नजर आए। रविवार को गांव में एक भावुक लेकिन गर्व भरा माहौल देखने को मिला। परिजन और ग्रामीणों ने रुपकिशोर को शुभकामनाओं के साथ ट्रेनिंग के लिए विदा किया। अब वह Hoshiarpur, Punjab में बीएसएफ की ट्रेनिंग लेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि होमगार्ड जवान के बेटे ने कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है, जिससे पूरे गांव का नाम रोशन हुआ है। गांव के लोग उम्मीद जता रहे हैं कि रुपकिशोर आगे भी इसी तरह मेहनत कर देश की सेवा करेंगे।



# बरेली आरटीओ में रेट लिस्ट का खेल, भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली ।** आरटीओ कार्यालय में कथित भ्रष्टाचार को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा महानगर बरेली के निवर्तमान महामंत्री यतिन भाटिया ने आरआई हारुन सैफी के खिलाफ मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है
आरटीओ कार्यालय में कथित भ्रष्टाचार को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा महानगर बरेली के निवर्तमान महामंत्री यतिन भाटिया ने आरआई हारुन सैफी के खिलाफ मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि परिवहन विभाग का कार्यालय अवैध वसूली का अड्डा बन चुका है और आम लोगों से खुलेआम मोटी रकम वसूली जा रही है।

**हजार की सरकारी फीस, लेकिन वसूली हजारों में**

शिकायत में कहा गया है कि आरटीओ कार्यालय में आम जनता से सरकारी शुल्क से कई गुना ज्यादा पैसे वसूले जा रहे हैं। आरोप है कि जहां किसी काम के लिए करीब एक हजार रुपये सरकारी शुल्क है, वहीं लोगों से पांच से दस हजार रुपये तक ह्यसुविधा शुल्कह्न के नाम पर मांगे जा रहे हैं। बिना पैसे दिए काम कराना लोगों के लिए लगभग नामुमकिन बताया जा रहा है।
प्राइवेट लोगों का बोलबाला, उन्हीं के हाथ में वसूली
शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि कार्यालय में कई प्राइवेट लोगों को बैठाकर उनसे ही अवैध वसूली कराई जा रही है। रोहित सक्सेना नाम के एक व्यक्ति का जिक्र करते हुए कहा गया है कि वह आरआई के इशारे पर लोगों से पैसे लेने का काम करता है। आरोप है कि ऐसे कई निजी लोग दफ्तर में सक्रिय हैं और वही तय करते हैं कि किसकी फाइल आगे बढ़ेगी और किसे चक्कर लगवाए जाएंगे।

**रिश्वत न दो तो दफ्तर के चक्कर लगाओ**

यतिन भाटिया का आरोप है कि अगर कोई व्यक्ति रिश्वत देने से मना कर देता है तो उसे बार-बार दफ्तर के चक्कर कटवाए जाते हैं। छोटी-छोटी कमियों का बहाना बनाकर फाइल रोक दी जाती है और लोगों को परेशान किया जाता है। उनका कहना है कि इससे न सिर्फ आम जनता त्रस्त है, बल्कि सरकार और विभाग की छवि भी खराब हो रही है।

**एआरटीओ बोले–संज्ञान में नहीं मामला**

इस मामले में जब एआरटीओ पीके सरोज से बात की गई तो उन्होंने कहा कि फिलहाल यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह की कोई शिकायत सामने आई है तो उसकी जांच कराई जाएगी और आरोप सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**वितरण** | गजरौला में जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के सहयोग से प्रशासन ने कराया पंजीकृत पात्रों को वितरण

# जीवन के ठहराव को दूर करेगी मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल: डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल दिव्यांगजनों के जीवन में आए ठहराव को दूर करेगी और अब वह भी आसानी से घूम-फिर सकेंगे। इससे न केवल उनकी जीवनशैली बदलेगी बल्कि वह स्वरोजगार को बढ़ावो भी दे सकेंगे। उन्होंने इस पुनीत कार्य में सहयोग करने के लिए जुबिलेंट प्रबंधन की काफी प्रशंसा भी की।
सोमवार को जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड के आफीसर्स क्लब में मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल योजना के तहत जिला दिव्यागजन कार्यालय में पंजीकृत एक महिला समेत पांच पात्रों को डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जु?बिलेंट के यूनिट हेड विनोद झा के संग इनका वितरण किया। इन्हें पाकर पात्रों के चेहरे खिल उठे। डीएम ने सभी से बातचीत भी की। उनका कहना था कि वे सभी कामगार हैं और अब उनके जीवन में बदलाव भी आएगा। डीएम ने हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया। इससे पूर्व जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित में मुख्य अतिथि डीएम निधि गुप्ता वत्स एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि जुबिलेंट शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला स?शक्तिकरण, स्वरोजगार, पर्यावरण एवं जल संरक्षण आदि सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाती है। जेबीएफ में कार्यक्रम अधिकारी विशाल गौरव ने बताया कि प्रशासन ने कुल दस मोटराइज्ड ट्राईसाईकिलें खरीदी थीं। इनका भुगतान जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ने किया था।
इनमें से पांच का वितरण हाल ही में प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने अमरोहा में किया था। इस मौके पर मंडी धनौरा की एसडीएम विभा श्रीवास्तव, जिला दिव्गाजन सशक्तिकरण अधिकारी शिखा शर्मा, समाजसेविका हितेष चौधरी, जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, डा. सुजिंदर फोगाट, डा. मधु चतुवेर्दी, ऋषिपाल सिंह, राम सिंह बौद्ध, कृपाल सिंह, सुमेधा शर्मा, चंदन सिंह, नवनीत सिंह, जॉनी, बूंदी सिंह, राहुल, आशु आदि भी मौजूद रहे।



# बरेली बांदीकुई ट्रेन जयपुर तक बढ़ाने की पहल से क्षेत्र वासियों में खुशी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** उत्तर पश्चिमी रेलवे ने बरेली-बांदीकुई पैसेंजर ट्रेन को जयपुर तक बढ़ाने की दिशा में पहल शुरू कर दी है। रेलवे बोर्ड को भेजे गए प्रस्ताव में इस ट्रेन को खातीपुर होते हुए जयपुर तक विस्तार देने और इसकी रफ्तार बढ़ाने का सुझाव दिया गया है। यदि प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है तो बरेली से जयपुर के बीच यात्रियों को रोजाना सीधी ट्रेन सुविधा मिल सकेगी।

**कोरोना के बाद दोबारा शुरू हुई ट्रेन**

कोरोना काल के दौरान 54356-55 बरेली-बांदीकुई पैसेंजर ट्रेन का संचालन बंद कर दिया गया था। लंबे समय तक ट्रेन बंद रहने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्रियों और जनप्रतिनिधियों की मांग के बाद करीब पांच साल बाद 30 जनवरी से इस ट्रेन का संचालन फिर से शुरू किया गया। यह अनारक्षित श्रेणी की पैसेंजर ट्रेन बरेली और बांदीकुई के बीच चलती है। रास्ते में यह करीब 55 स्टेशनों पर रुकते हुए 418 किलोमीटर की दूरी तय करती है। खास बात यह है कि इस ट्रेन से छोटे स्टेशनों और कस्बों के यात्रियों को भी लंबी दूरी की यात्रा का सीधा लाभ मिलता है।



**बरेली से जयपुर के लिए नहीं है रोजाना ट्रेन**

रेलवे अधिकारियों के अनुसार फिलहाल बरेली से जयपुर के लिए प्रतिदिन सीधी ट्रेन उपलब्ध नहीं है। इसी वजह से यात्रियों को या तो दूसरी ट्रेनों से लंबा रूट पकड़ना पड़ता है या फिर बीच में ट्रेन बदलनी पड़ती है। यात्रियों की इसी समस्या को देखते हुए रेलवे ने बरेली-बांदीकुई पैसेंजर को स्पीड अप करते हुए खातीपुर और जयपुर तक बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया है। अगर यह योजना लागू होती है तो बरेली से जयपुर की यात्रा काफी आसान हो जाएगी। रेलवे सूत्रों के मुताबिक नए वित्तीय वर्ष में इस प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय होने की संभावना जताई जा रही है।

**मतुआ समाज मेले के लिए चलेगी विशेष ट्रेन**

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने एक और विशेष ट्रेन चलाने का फैसला किया है। पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल ने मतुआ समाज मेले के अवसर पर 05030-29 काठगोदाम-ठाकुरनगर विशेष ट्रेन के संचालन की घोषणा की है। सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा ने बताया कि यह विशेष ट्रेन दोनों दिशाओं में एक-एक फेरा लगाएगी ।

# जिला एवं चार्ज स्तरीय अधिकारियों का जनगणना 2027 से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला एवं चार्ज स्तरीय अधिकारियों का जनगणना 2027 से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण में समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, समस्त ग्रामीण एवं नगर चार्ज अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस मुख्य विकास अधिकारी निशा ग्रेवाल द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित होते हुए जनगणना के बारे में गहनतापूर्वक जानकारी दी गई। जिला जनगणना अधिकारी / एडीएम श्री अभिषेक कुमार द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वह इसका व्यापक प्रचार प्रसार करें और जनगणना की महत्ता और गोपनीयता को बनाए रखे। जनगणना कार्य में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि जनगणना को दो चरणों में कराया जाना है, प्रथम चरण में 'मकान सूचीकरण एवं मकानों



की गणना' का कार्य जो दिनांक 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक किया जाना है तथा प्रथम चरण से पूर्व दिनांक 07 मई 2026 से 21 मई 2026 तक सामान्य पब्लिक के स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी स्वतः भर सकेंगे। दूसरा चरण 9 फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक किया जाना है। बुलंदशहर के लिए नामित जनगणना कार्य निदेशालय की प्रतिनिधि श्रीमती स्वाति गोयल द्वारा विस्तारपूर्वक जनगणना के सत्रों पर चर्चा की गई जिसमें सीएमएमएस पोर्टल, एचएलवी को गठन आदि के बारे में गहनतापूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर डॉ० ललित यादव प्रवक्ता डायट, उमेश कुमार, व्याख्याता, इलेक्ट्रॉनिक्स और सुरेंद्र सिंह, अनुदेशक, क्ळक द्वारा प्रशिक्षण के सत्रों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीपीआरओ, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत आदि उपस्थित रहे।

# डॉ.फुरकान अहमद सरधनवी मेरठ एनसीआर रत्न अवार्ड से सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस ऑफ इंटेलेक्चुअल के तत्वावधान में शांति निकेतन विद्यापीठ मेरठ में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के महासचिव प्रकाश निधि शर्मा ने की, जबकि नैनीताल हाईकोर्ट लोक अदालत के जज जस्टिस राजेश टंडन मुख्य अतिथि रहे।कार्यक्रम में सोफिया गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्य सिस्टर मीना, शांति निकेतन विद्यापीठ के प्रधानाचार्य नाजिश जमाली, एआईसीओआई मेरठ के सचिव साजिद, इंजीनियर रियाजुद्दीन, डॉ शोएब एडवोकेट और शेख नदीम अख्तर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।इस दौरान मुख्य अतिथि जस्टिस राजेश टंडन, कार्यक्रम संयोजक प्रकाश निधि शर्मा, सह संयोजक अनुश्री और शांति निकेतन विद्यापीठ के डायरेक्टर विशाल जैन ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले करीब




10 लोगों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, मेडल, शॉल और पगड़ी पहनाकर मेरठ एनसीआर रत्न अवार्ड से सम्मानित किया।इसी क्रम में सरधना के जाने-माने शायर, साहित्यकार और एक दर्जन से अधिक किताबों के लेखक डॉ फुरकान अहमद सरधनवी को साहित्य और कविता के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।डॉ सरधनवी को इससे पहले भी उनकी पुस्तक ह्लखुशबू इधर-उधरह्व के लिए अलीगढ़ में शहरयार अवार्ड, ह्लउत्तर प्रदेश में उर्दू गजल 1980 के बादह्व पर उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी लखनऊ का पुरस्कार, मिर्जा मुल्तानी वेलफेयर सोसाइटी का आउटस्टैंडिंग सुपर आइकन अवार्ड, मेरठ गौरव सम्मान, सर सैयद अवार्ड और कई अन्य साहित्यिक पुरस्कार मिल चुके हैं। मेरठ एनसीआर रत्न अवार्ड मिलने पर साहित्यिक और सामाजिक संगठनों ने डॉ फुरकान अहमद सरधनवी को बधाई दी है।

# भाजपा व बसपा समर्थकों ने थामा सपा का दामन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए. तोमर)।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा व बसपा से जुड़े कई समर्थकों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली।सपा जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी लगातार पीडीए के अधिकारों और हिस्सेदारी की आवाज उठा रही है।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सर्वसमाज हितैषी विचारधारा से प्रभावित होकर विभिन्न दलों के लोग सपा से जुड़ रहे हैं जिनका पार्टी में पूरा सम्मान किया जाएगा।कार्यक्रम में बसपा व भाजपा से लंबे समय से जुड़े सादपुर निवासी योगेश कुमार,योगेन्द्र कुमार,मुकेश कुमार और बिट्टू चौधरी ने सपा की सदस्यता ग्रहण की।




उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई,बेरोजगारी तथा किसान-मजदूर,पिछड़े,दलित और अल्पसंख्यकों की समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी ही मजबूती से आवाज उठा रही है।इसी विचारधारा से प्रभावित होकर उन्होंने सपा में शामिल होने का निर्णय लिया।उन्होंने वर्ष 2027 में प्रदेश में सपा की सरकार बनने को समय की आवश्यकता बताया।इस दौरान सपा नेता साजिद हसन,धर्मेंद्र सिंह नीटू,सरदार प्रेमपाल सिंह,कृष्ण पाल सिंह,राजेंद्र सिंह चौहान,सरदार मानवेंद्र सिंह, शाहनवाज मलिक,आशु मलिक,गगन मावी,मुजफ्फर अली,अक्षय कुमार और अंकित पाल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शक्ति फाउंडेशन महिला सुरक्षा एवं जागरूकता संस्थान ने रामनगरिया आश्रम नरोरा में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, हुआ सम्मान व होली मिलन समारोह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** तहसील क्षेत्र नरोरा में रामनगरिया आश्रम नरोरा के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शक्ति फाउंडेशन महिला सुरक्षा एवं जागरूकता संस्थान के तत्वावधान में महिला सम्मान समारोह एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा सरिता चौहान ने किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें स्मृति स्वरूप तस्वीरें भेंट की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता साध्वी सुषमा सरस्वती ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में ब्रह्माकुमारी रागिनी, पुष्पा एवं मीरा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय अध्यक्षा सरिता चौहान ने किया। इस अवसर पर सरिता चौहान ने




महिलाओं को विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने आत्मसम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा समाज में उच्च-नीच और जाति-पाति के भेदभाव को भुलाकर नारी शक्ति की एकता को मजबूत करना चाहिए।

महिला दिवस के उपलक्ष्य में संस्था द्वारा होली मिलन समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र की महिलाओं ने होली गीतों और राधा-कृष्ण के कीर्तन पर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की खुशियां साझा कीं।

कार्यक्रम में निर्मला यादव, गीता, पूजा, निर्मला शर्मा, खेम सिंह, कृष्ण चौहान, यतिन चौहान सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। अंत में सभी उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।

# महावीर विश्वविद्यालय में कृतज्ञता के दृष्टिकोण से सकारात्मक सोच विषय पर अतिथि व्याख्यान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** महावीर विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में कृतज्ञता के दृष्टिकोण से सकारात्मक सोच विषय पर एक प्रेरणादायक अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेशनल करियर काउंसलर पी. एस. यादव रहे।व्याख्यान में यादव ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच और कृतज्ञता के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज के समय में तनाव और नकारात्मक सोच युवाओं के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। सकारात्मक दृष्टिकोण और कृतज्ञता की भावना व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ने तथा कठिन परिस्थितियों का सामना करने की शक्ति देती है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर अवसरों के बारे में जानकारी दी और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति




जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता डॉ. शिवपाल सिंह ने अतिथि वक्ता का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. सर्वोत्तम दीक्षित ने ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में शिक्षा संकाय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# कादराबाद फाटक पर अंडरपास निर्माण टालने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** कादराबाद रेलवे फाटक पर प्रस्तावित अंडरपास निर्माण को लेकर ग्रामीणों और किसानों ने सोमवार को तहसील परिसर में प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से फिलहाल कार्य शुरू न कराने की मांग उठाई। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में पहले से चल रहे ओवरब्रिज निर्माण के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित है, ऐसे में एक और निर्माण कार्य शुरू होने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो सकता है।




बाबा परमेन्द्र आर्य के नेतृत्व में गांव रोरी और आसपास के ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि मोहिउद्दीनपुर रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण कार्य के चलते पहले से ही जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके अलावा हापुड़ रोड स्थित राज चौपला रेलवे फाटक पर भी ओवरब्रिज निर्माण जारी है, जिससे यातायात दबाव बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी बीच कादराबाद फाटक पर अंडरपास निर्माण शुरू कर दिया गया तो क्षेत्र का संपर्क मार्ग प्रभावित हो जाएगा और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

ग्रामीणों ने मांग की कि जब तक मोहिउद्दीनपुर ओवरब्रिज पर आवागमन शुरू नहीं हो जाता, तब तक कादराबाद फाटक पर अंडरपास निर्माण का कार्य स्थगित रखा जाए। उपजिलाधिकारी ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही किसानों और रेलवे अधिकारियों की बैठक बुलाकर समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान पप्पी नेहरा, कुलदीप त्यागी, राम नारायण, मनोज मुकदम, मिनु चौधरी, मनोज कुमार, दीपक कुमार, नितिन शर्मा, कपिल कुमार, प्रकाश चौधरी, ज्ञानेन्द्र सिंह, राजपाल सिंह और संजू श्योराण सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# एससी समाज से शिखा गौतम ने यूपीएससी की परीक्षा में जनरल की 113 वीं रैंक की हासिल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** महिलाएं आजकल हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही जो आईएएस,

- सरकारी स्कूलों में पढ़ाई कर एवं बिना कोचिंग के दूसरी बार में की यूपीएससी के परीक्षा पास
- शिखा गौतम मिडियम क्लास परिवार में पली जिनके पिता एक स्कूल में हैं फोर्थ क्लास कर्मचारी

आईपीएस, डॉक्टर ,इंजीनियर, खेल व सेना मे सेवा भी बढ़-चढ़कर सेवा दे रही। जिसमें अनुसूचित जाति जनजाति की महिलाएं भी पीछे नहीं है जो आजकल सामान्य जाति के महिलाओं को भी पीछे छोड़ रही है ऐसा ही एक मामला बुलंदशहर में देखने को मिला है जहां अंबेडकरनगर निवासी शिखा गौतम ने इस यूपीएससी की परीक्षा में 113 वीं रैंक जनरल कैटेगरी में प्राप्त कर एससी समाज का एवं बुलंदशहर का नाम रोशन किया। शिखा गौतम यूपीएससी के प्रथम प्रयास में इंटरव्यू से बाहर निकल चुकी थी जिन्होंने आगे कड़ी मेहनत कर दूसरे प्रयास में सफलता हासिल की। शिखा गौतम के पिता एक स्कूल में चपरासी की नौकरी कर रहे। शिखा गौतम ने बिना कोचिंग के सेल्फ तैयारी करके आर्थिक स्थिति का संकट झेलते हुए अनुसूचित जाति/जनजाति समाज से होते हुए यूपीएससी की परीक्षा पास की जिसमें उन्होंने सामान्य जाति के छात्र-छात्राओं को भी पीछे छोड़ दिया। शिखा गौतम सरकारी स्कूलों में पड़ी हुई। यूपीएससी के परीक्षा पास कर पहली बार



बुलंदशहर आने पर ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया अनेक लोगों ने शिखा गौतम को बुके देकर एवं मिठाई खिलाकर दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। सैकड़ो लोगों ने शिखा गौतम पर फूलों की बारिश कर का किया जोरदार स्वागत। घर पर लोगों का बधाई देने का तांता लगा हुआ, शिखा गौतम ने यूपीएससी की परीक्षा पास करने में परिवार एवं शिक्षक को दिया श्रेय। बहनों द्वारा आर्थिक संकट आने पर सहयोग किया गया। शिखा गौतम पहले बनना चाहती थी शिक्षक इसके बाद विचार बदलकर देश की सेवा हेतु यूपीएससी की तैयारी में लगाया ध्यान। महिलाओं को शिक्षा व रोजगार में बढ़ावा देने पर व हो रहे अत्याचार को खत्म करने के लिए कलेक्टर बनकर करेंगे काम। शिखा गौतम ने लड़कियों को दी सलाह कड़ी मेहनत कर मेरी तरह करें यूपीएससी की करें परीक्षा पास। अपने माता-पिता में जनपद का करें नाम रोशन।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित।

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** नगर पालिका द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत महिला सफाई मित्रों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नगर पालिका के अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित हुआ।



कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला के निर्देशन में महिला सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। साथ ही उनके बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें सुरक्षा किट भी वितरित की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ. कुलदीप, डॉ. राहुल देव और एएनएम नीतू सिंह ने महिला सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन नगरी सरधना की ब्रांड एंबेसडर डॉ. संगीता पुंडीर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पिंकी सोम, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति अध्यक्ष अंजलि, कविता और तनिका जैन ने विशेष सहयोग दिया।

# महिला आयोग की सदस्य मेरठ सर्किट हाउस में 11 मार्च में सुनेंगी महिलाओं की समस्याएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** राज्य महिला आयोग की सदस्य 11 मार्च को मेरठ के सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई करेंगी। जनसुनवाई सुबह 11 बजे से शुरू होगी।जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव ने बताया कि महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव, उत्पीड़न और अत्याचार से जुड़े मामलों के समाधान के लिए यह जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। इसमें आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला, मनीषा अहलावत और डॉ. हिमानी अग्रवाल मौजूद रहकर महिलाओं की शिकायतें सुनेंगी।उन्होंने बताया कि जिन महिलाओं को किसी प्रकार की समस्या या शिकायत है, वे अपनी लिखित शिकायत लेकर 11 मार्च को सर्किट हाउस में आयोजित जनसुनवाई में पहुंच सकती हैं, जहां उनकी समस्याओं पर सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज के लिए विवाहिता से मारपीट,भाई ने थाने में दी तहरीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** थाना क्षेत्र के ग्राम नवाबगढ़ी में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।पीड़िता के भाई ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्राम नवाबगढ़ी निवासी आमिर पुत्र सरफराज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन शबनम की शादी वर्ष 2024 में गांव के ही जानू पुत्र फरमान के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति जानू, ससुर फरमान, सास आशिया और देवर जानिब आए दिन उसकी बहन के साथ मारपीट करते रहते हैं।पीड़ित पक्ष के अनुसार रविवार की



सुबह आरोपियों ने शबनम से मायके से पैसे लाने के लिए कहा। मना करने पर सभी ने मिलकर उसके साथ लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट कर दी, जिससे उसे चोटें आईं। साथ ही गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़िता का भाई आमिर अपनी बहन को लेकर थाने पहुंचा और पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# घुड़चढ़ी के दौरान तीन युवकों ने राह चलते युवक को पीटा

**सरधना।** थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुरी में घुड़चढ़ी के दौरान एक युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मानपुरी निवासी सौरव पुत्र धर्मपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह किसी काम से बाइक से जा रहा था। उसी दौरान गांव में




घुड़चढ़ी निकल रही थी। आरोप है कि घुड़चढ़ी में शामिल तीन अज्ञात युवकों ने पहले कांच की बोतल उसकी बाइक पर मार दी और फिर उसके सिर पर कड़ा से वार कर दिया, जिससे उसके सिर से खून निकलने लगा।पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने किसी नुकीली वस्तु से भी हमला किया और उसके साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज की। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।घटना के बाद घायल युवक ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**अभियान** | एक लाख से अधिक लोगों को किया जागरूक बाल विवाह को बताया दंडनीय अपराध, अभियान से धर्मगुरुओं,छात्रों और पंचायतों को जोड़ा गया

# मुजफ्फरनगर में बाल विवाह मुक्ति रथ ने जगाई अलख,100 दिवसीय अभियान के तहत 160 गांवों में पहुंचा रथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए. तोमर)।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पहल पर चलाए जा रहे 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान के तहत जिले में बाल विवाह मुक्ति रथ के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया।अभियान के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण समाज विकास केंद्र ने कहा कि अभियान को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया से यह विश्वास मजबूत हुआ है कि बाल विवाह मुक्त मुजफ्फरनगर और बाल विवाह मुक्त भारत का लक्ष्य जल्द ही हासिल किया जा सकता है। ग्रामीण समाज विकास केंद्र बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए कार्यरत देश के सबसे बड़े नेटवर्क ह्यजस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेनह्न के सहयोगी संगठनों में शामिल है।संस्था के अनुसार जिले में बाल विवाह मुक्ति रथ को विधायक पंकज मलिक और जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।पिछले 30 दिनों में रथ ने जिले में चार हजार किलोमीटर से अधिक की यात्रा कर






160 गांवों तक पहुंच बनाई और एक लाख से अधिक लोगों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया।अभियान के तहत रथ ने गांवों और कस्बों में घूम-घूमकर लोगों को बाल विवाह के स्वास्थ्य,शिक्षा और आजीविका पर पड़ने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया। साथ ही लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई और इसके कानूनी पहलुओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में बताया गया कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है और कानून की नजर में यह दंडनीय अपराध है।संस्था के निदेशक गजेंद्र सिंह ने कहा कि यह यात्रा केवल प्रतीकात्मक नहीं बल्कि समाज में बदलाव का संदेश देने वाली पहल रही।उन्होंने कहा कि अब दुनिया इस बात को स्वीकार कर रही है कि बाल विवाह सामाजिक कुप्रथा नहीं बल्कि विवाह की आड़ में बच्चों के साथ होने वाला अपराध है।यह बच्चियों के जीवन की संभावनाओं को समाप्त कर उन्हें कुपोषण,अशिक्षा और गरीबी के दुष्चक्र में धकेल देता है।उन्होंने बताया कि यह अभियान तीन चरणों में संचालित किया गया। पहले चरण में शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया गया दूसरे चरण में धर्मगुरुओं से अपील की गई कि वे विवाह से पहले आयु की जांच कर बाल विवाह कराने से इनकार करें। इसके अलावा कैटरर्स,सजावट करने वाले,बैंक्वेट हॉल संचालक,बैंड-बाजे व घोड़ी संचालकों से भी बाल विवाह में सेवाएं न देने का आग्रह किया गया।तीसरे चरण में पंचायत स्तर पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।उन्होंने कहा कि सरकार, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से यह अभियान जनआंदोलन का रूप लेता दिखाई दिया और बाल विवाह के खिलाफ कानून,सुरक्षा और जवाबदेही का संदेश समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सफलता मिली।

# तहसील बार एसोसिएशन का "होली मिलन" समारोह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील बार एसोसिएशन के तत्वाधान में सोमवार को "होली मिलन समारोह" शानदार आयोजन किया गया 'तहसील बार सभागार में आज दोपहर आयोजित कार्यक्रम में
मुख्य अतिथि ग्रामीण न्यायालय के जज कुंवर

## गीत गजल और शायरी ने सबको किया "मंत्र मुग्ध " बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है होलीः राजकुमार सिंह








सूर्यसेन,विशिष्ट अतिथि तहसीलदार राजकुमार सिंह ने अधिवक्ताओं को होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है सबको भाईचारा एवं प्यार का संदेश देता है। समारोह के दौरान अधिवक्ताओं पत्रकारों अधिकारियों और बार के पदाधिकारियो ने होली मिलन समारोह में गीत, गजल और चुटकुले सुना कर भरपूर मनोरंजन किया किसी ने गीत किसी ने गजल किसी ने शेरो शायरी और किसी ने अपने कलाम सुना कर होली की शुभकामनाओं का संदेश दिया।

संचालन कर रहे अधिवक्ता शहजाद रफी और मोहम्मद इकबाल ने चुटकुले और अन्य शेरो शायरी के माध्यम से लोगों को खूब हंसाया। एडवोकेट कोमल सिंह, चरण सिंह ढाका, भू प्रकाश सिंह, विनीत नैन, भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी एवं "बुलंद संदेश" के जिला प्रभारी सुदेश बिश्नोई, शाह टाइम्स के तहसील प्रभारी ओमवीर सिंह बिश्नोई, पत्रकार पंकज कुमार भदोरिया, शब्बीर मोमीन,आदि ने अपने तरीके से होली मिलन समारोह की भव्यता में चार चांद लगाए।

अधिकारियों और अतिथियों का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया तहसीलदार राजकुमार सिंह और ग्रामीण न्यायालय के जज कुंबर सूर्यसेन को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम की खुले दिल से सराहना की।

कार्यक्रम में मुसर्रत हुसैन विजयबीर सिंह, कपिल राणा, राजीव बिश्नोई, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा, महासचिव दीपक बिश्नोई, काफी संख्या में अधिवक्ता एवं तहसील बार से जुड़े लोग शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद कुमार शर्मा ने की ।

# घर में खींचकर "युवती से दुष्कर्म की कोशिश" 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मझोला थाना क्षेत्र में एक युवती को घर में खींचकर दुष्कर्म की कोशिश की। पीड़िता के परिवार ने आरोपी के परिजनों से शिकायत की तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।मझोला थाने में पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि छह मार्च की दोपहर करीब 2:45 बजे वह आरोपी शिवकुमार के घर के पास से गुजर रही थी। इसी दौरान आरोपी आ गया और उसने उसे डरा धमका कर अपने घर ले जाने की कोशिश की। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और घर में खींच कर ले गया और दुष्कर्म की कोशिश की। किसी तरह पीड़िता आरोपी के चंगुल से बची और शोर मचा दिया। पीड़िता के परिजन भी मौके पर आ गए।आरोप है कि इसी दौरान आरोपी की मां, पिता, चाचा और चाची आ गए और उन्होंने पीड़िता और उसके परिवार के लोगों के साथ मारपीट की और धमकी देकर भगा दिए।सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता के मुताबिक तहरीर के आधार पर आरोपी शिवकुमार, उसके पिता दिग्विजय, मां, भाई और चाचा-चाची के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# शासन के निर्देश पर "संदिग्ध अभिलेखों से नौकरी पाने वाले सैकड़ो" शिक्षकों की फिर होगी जांच

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शासन के निर्देश पर जनपद सहित प्रदेश के संदिग्ध अभिलेखों से नौकरी पाने वाले सैकड़ो शिक्षकों की डिग्री और प्रमाणपत्रों की फिर से जांच होगी। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा की ओर से जारी हुए पत्र ने बेसिक शिक्षा विभाग में खलबली मचा दी है। कोर्ट ने प्रदेशभर में बेसिक के स्कूलों में सहायक शिक्षकों की नियुक्तियों की व्यापक जांच कराने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि फर्जी अभिलेखों से नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों के मामले पूर्व में सामने आ चुके हैं, जबकि 254 संदिग्धों को सूचीबद्ध किया गया था। अब इन संदिग्धों के अभिलेखों की जांच होगी। खास तौर पर दिव्यांगता भी जांची जाएगी। मामले में संदिग्धों की सूची भी तलब की गई है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष कारावास,25 हजार अर्थदण्ड

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए. तोमर)।** थाना छपार क्षेत्र में नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष के कारावास और 25 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।जानकारी के अनुसार 2 सितम्बर 2019 को पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर थाना छपार में धीरज उर्फ कल्लू पुत्र बलवीर निवासी रामपुर के विरुद्ध नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी को 5 सितम्बर 2019 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया और विवेचना पूरी करते हुए आरोप पत्र दाखिल किया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के बाद सोमवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/स्पेशल जज (पोक्सो) कोर्ट नंबर-1 ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कारावास तथा 25 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया।इस मामले में एडीजीसी प्रदीप बालियान और कोर्ट पैरोकार मुख्य आरक्षी दिनेश ने प्रभावी पैरवी की।

# मुरादाबाद जिला अस्पताल अस्पताल में डॉक्टर की घोर लापरवाही का मामला : पीलिया के रोगी को बता दिया "ब्रेन हेमरेज"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिला अस्पताल में बुजुर्ग महिला का टेस्ट कराए बगैर डॉक्टर ने उसे ब्रेन हेमरेज का रोगी बताते हुए रेफर करने का प्रयास किया। रिपोर्ट आने पर पता चला कि उसे पीलिया सहित अन्य रोग है। इस मामले में परिजनों ने डॉक्टर के व्यवहार को लेकर शिकायत सीएमएस से मिलकर की है। साथ ही कार्रवाई के लिए आई जी आर एस पोर्टल के माध्यम से डीएम को पत्र भेजा है।काशीराम नगर कॉलोनी निवासी कुमकुम पत्नी संजय सिंह ने बताया कि उनकी मां राजदुलारी (72) की हालत पांच मार्च को खराब हो गई। परेशान परिजन बुजुर्ग महिला का इलाज कराने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला अस्पताल पहुंच गए। इस बीच इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टर बगैर टेस्ट कराए कहने लगे कि महिला को ब्रेन हेमरेज हो गया है। आरोप लगाया कि डॉक्टर बुजुर्ग महिला को मेरठ रेफर करने के लिए दबाव बनाया।




परिजनों का कहना कि वे डॉक्टर की बात नहीं माने। इस बीच कर्मचारियों ने ब्लड सैंपल जांच के लिए भेज दिया। रिपोर्ट से पता चला कि महिला को पीलिया सहित अन्य रोग हैं। इलाज नहीं होने के कारण बुजुर्ग बेहोश हो गई। इस दौरान
अस्पताल के स्टाफ सीटी स्कैन करने के लिए आनाकानी करने लगे। कुछ देर बाद स्टाफ भी मरीज को रेफर करने के लिए दबाव बनाने लगे।इस दौरान समाजसेवी संगठन के लोगों ने डॉक्टर से बातचीत की। आरोप है कि डॉक्टर ने दुर्व्यवहार किया। परेशान होकर कुमकुम ने अपने पति और भाई के साथ महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. संगीता गौतम से मुलाकात की और डॉक्टर की शिकायत की।आरोप लगाया कि डॉक्टर ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। सीएमएस ने मरीज का इलाज कराने का भरोसा दिया। परिजन इस मामले में डीएम से मुलाकात करने के लिए गए। डीएम से मुलाकात नहीं होने पर परिजनों ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की है।

# हजरत अली की शहादत की याद में मजलिस, शबीहे ताबूत बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (सय्यद अतहर अली )।** शहर के मुहल्ला नूरियो सराय स्थित इमामबारगाह नंबरदारान में हजरत अली की शहादत की याद में मजलिस की गई। मजलिस को जाकिरे हुसैन मोहम्मद ने खिताब किया। उन्होंने हजरत अली की जिंदगी, उनके इंसाफ, बहादुरी और इस्लाम के लिए दी गई कुर्बानियों पर विस्तार से रोशनी डाली।
मजलिस में मर्सिया अमीर इमाम ने पेश किया, जिसे सुनकर मौजूद अकीदतमंद गमगीन हो उठे। बाद मजलिस शबीहे ताबूत हजरत अली बरामद किया गया, जिसकी अकीदतमंदों ने जियारत की। इस दौरान नोहा पढ़कर और मातम करके हजरत अली की शहादत का गम मनाया गया। पूरे माहौल में गम और अकीदत का वातावरण दिखाई दिया। बताया गया कि शिया समाज में माहे रमजान की 18वीं तारीख से 21वीं रमजान तक हजरत अली की शहादत की याद में मजलिसें बरपा की जाती हैं। इन तीन दिनों तक समाज के लोग गम मनाते हैं और कोई भी खुशी का कार्यक्रम नहीं किया जाता।

धार्मिक मान्यता के अनुसार हजरत अली अलैहिस्सलाम को माहे रमजान की 19 तारीख की सुबह कूफा की मस्जिद में नमाज के दौरान सिर पर जहरीली तलवार से वार कर घायल कर दिया गया था।
इस हमले के बाद 21वीं रमजान को उनकी शहादत हो गई थी। तभी से हर साल 18 से 21 रमजान तक उनकी शहादत की याद में गम का सिलसिला मनाया जाता है। मजलिस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे और सभी ने हजरत अली की शहादत को याद कर उन्हें खिराजे अकीदत पेश किया।

# बरसीम काटने गए लोगों पर जान से मारने की नीयत से हमला, अनेक लोग गंभीर रूप से हुए घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** वरसीम काटने गए किसान पर विपक्षियों ने हमला कर दिया जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए' घायल के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने कई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सुमित कुमार निवासी कुमरिया जुमला का कहना है कि उसके पिता रामपाल सिंह पुत्र गोकल सिंह खेती-बाड़ी का काम करते हैं 8 मार्च की दोपहर को वह खेत पर वरसीम काटने गए थे वहां पर मौजूद अनूप पुत्र चतर सिंह दीपक पुत्र अनूप नितिन पुत्र रिशिपाल दीपक पुत्र रिशिपाल ने पुराने जमीनी विवाद और उसके पिता से 2022 में लिए एक लाख रुपए पाने को लेकर कहा सुनी गाली गलौज शुरू कर दी उन्होंने विरोध किया तो अनूप दीपक नितिन और दीपक पुत्र

## एक व्यक्ति की हाथ पैर की हड्डियां टूटी मुरादाबाद भर्ती, हमला करने वालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

रिशिपाल ने लोहे की रॉड से मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की नीयत से पिता पर कई बार किए जिसमें उनके दोनों हाथों व पैरों की हड्डियां कई जगह से टूट गई शोर सुनकर बह मौके पर पहुंचा तो उन्होंने उसे भी जान से मारने की धमकी दी और तमंचे से कई गोली चलाई आसपास के लोग व गांव वाले मौके पर आए तो यह लोग आइंदा जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए ग्रामीणों की मदद से वह अपने पिता को सरकारी अस्पताल लेकर गया जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया पीड़ित के मुताबिक उसके पिता का इलाज अब कॉसमॉस अस्पताल मुरादाबाद में चल रहा है पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

# विद्यालय ना खोले जाने पर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने लगी बच्चों की कक्षाएं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**क्योलड़िया ।** भदपुरा ब्लॉक में खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के सामने पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष सुनीता गंगवार ने जादौपुर का स्कूल ना खोले जाने के विरोध में कक्षाएं लगाई व बच्चों को वहीं पढ़ाया लगभग दो माह से संस्था अध्यक्ष शिक्षा विभाग प्रशासन सबके चक्कर काटते हुए तमाम जिला प्रशासन तक पत्राचार करते हुए स्कूल नहीं खुला तो आक्रोशित होकर संस्था अध्यक्ष ने खंड शिक्षा अधिकारी के आगे धरना देने पर का फैसला किया। लगभग 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक संस्था अध्यक्ष ने बच्चों की कक्षा लगाकर उन्हें पढ़ाया संस्था अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों के शिक्षा के मौलिक अधिकार की हत्या की जा रही है लगभग 1 वर्ष हो गया स्कूल नहीं खुला जबकि सरकार व कोर्ट के निदेर्शानुसार 1 किलोमीटर से ऊपर के सभी स्कूल खोल दिए जाने के आदेश की पूरी तरह से शिक्षा विभाग बरेली ने धज्जियां उड़ाई है। सुनीता गंगवार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से भी मिलकर इस समस्या के लिए गुहार लगाई लेकिन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पूरी तानाशाही पर हैं जो प्रशासनिक अधिकारियों तक का फोन नहीं उठाती हैं तो आम आदमी का फोन कैसे उठाएंगी ऐसा लगता है कि वह लोक सेवक नहीं पब्लिक के ऊपर राज करने वाली राजा है यह रवैया है शिक्षा विभाग के अधिकारियों का इस स्कूल को तीन बार नापने की भी नौटंकी की जा चुकी है उसके बावजूद प्रक्रिया के नाम पर उलझा कर रखा है और बच्चों के भविष्य के साथ शिक्षा विभाग पूरी तरह से खिलवाड़ कर रहा काफी देर कक्षाएं लगने के पश्चात खंड शिक्षा अधिकारी धरने पर आए और उन्होंने कहा हमारे हाथ में कुछ भी नहीं है हम कोशिश कर रहे हैं हमें ऊपर से आदेश प्राप्त होगा तभी हम स्कूल खोल सकते हैं संस्था अध्यक्ष ने कहा कि क्या यह इतना बड़ा विषय है कि यदि स्कूल खुल जाएगा तो धरती फट जाएगी कितनी गलत सोच विभाग के अंदर पनप रही है कि एक जायज काम के लिए इतनी विनती और इतने चक्कर काटने पड़ेंगे सीधे-सीधे अगर इसे कहा जाए तो यह शिक्षा विभाग का एक घोर भ्रष्टाचार है और शिक्षा विभाग के अधिकारी क्षेत्रीय नेताओं से मिलकर राजनीति कर रहे हैं और राजनीति के कारण यह स्कूल नहीं खोला जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी ने उसके पश्चात आश्वासन दिया कि नए सत्र 1 अप्रैल से स्कूल खोल दिया जाएगा और इस वर्ष की बच्चों की परीक्षाएं ग्राम में ही कराई जाएगी इस पर सुनीता गंगवार ने धरना समाप्त करने की घोषणा की और साथ ही कहा यदि 1 अप्रैल के बाद स्कूल नहीं खुलता है तो यह धरना अनिश्चितकालीन धरने में बदल जाएगा। धरने में संस्था के कोषाध्यक्ष वहीद अहमद अंसारी ने कहा के बच्चों के साथ खिलवाड़ करने के लिए उनके भविष्य पर प्रश्न चिन्ह न लगे इसके लिए हमें जहां तक संघर्ष करना पड़ा वहां तक संघर्ष करेंगे। इस दौरान ब्रह्मानंद गंगवार, राम रतन गंगवार, राजेश्वर यादव आदि शामिल रहे।



# डायट में सामाजिक विज्ञान के शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान( डायट) कांठ में प्राचार्य बुद्ध प्रिय सिंह के दिशा निर्देशन में सामाजिक विज्ञान विषय के लिए उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट

## नई शिक्षा नीति अपनाने से देश का होगा विकासः डॉ अनिल यादव

विद्यालयों के सामाजिक विज्ञान विषय का प्रशिक्षण करने वाले शिक्षकों 3 दिवसीय प्रशिक्षण का सोमवार को समापन हुआ इसमें प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया'उक्त प्रशिक्षण जनपद मुरादाबाद के समस्त उच्च प्राथमिक , कस्तूरबा, व कम्पोजिट विद्यालयों के शिक्षकों हेतु आयोजित किया गया है यह प्रशिक्षण का पंचम फेरा था। प्रशिक्षण प्रभारी के रूप में डायट प्रवक्ता अनिल कुमार यादव द्वारा बताया गया कि इस प्रशिक्षण में शिक्षकों हेतु नई शिक्षा नीति व आकलन विषय पर बताया गया' डायट प्रवक्ता आशुतोष त्यागी द्वारा सत्रों का आयोजन किया गया तथा भूगोल विषय व शिक्षण में नवीन तकनीकी विषय पर अनिल यादव द्वारा एवं डायट प्रवक्ता अंशु गुप्ता द्वारा अर्थशास्त्र विषय का शिक्षण कराया गया। प्रशिक्षण प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि अभी प्रशिक्षण में समस्त शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग न किये जाने पर प्रशिक्षण का एक और बैच आयोजित किया जाएगा जिसमें अवशेष समस्त शिक्षकों का प्रशिक्षण पूर्ण कराया जाएगा।




# जर्नलिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल की इकाई का किया गठनः पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा करेगा संगठनः सुनील शर्मा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मानसरोवर कन्या इंटर कालेज में जर्नलिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल की बैठक हुई। जिसमें वर्ष 2026 के लिए मुरादाबाद जनपदीय इकाई का गठन किया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि पत्रकारों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए सक्रिय रूप से कार्य किया जाएगा। महासचिव दीपक कपूर ने बताया कि जल्द ही पत्रकारों व उनके परिवारों के लिए चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष नरेश भारद्वाज ने कहा कि संगठन पत्रकारों और उनके परिवारों के लिए रचनात्मक कार्य करेगा। प्रांतीय पर्यवेक्षक विनय गुप्ता ने नवगठित पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। अनुज विश्नोई व भावेश शर्मा उपाध्यक्ष, दीपक कपूर महासचिव, संदीप बर्मा व हेमंत यादव सचिव, सुनील गुप्ता कोषाध्यक्ष और सुनील तोमर मीडिया सचिव बनाए गए।

# सरकारी आवास में रहकर "एचआरए लेने का आरोप" मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) बुद्धप्रिय सिंह ने बीएसए को रिमाइंडर भेजकर रिपोर्ट मांगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बेसिक शिक्षा विभाग में नियमों को दरकिनार कर आर्थिक लाभ लेने के आरोपों का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार सरकारी नौकरी करने वाले पति-पत्नी सरकारी आवास में रह रहे हैं, इसके बावजूद मकान किराया भत्ता (एचआरए) लिया जा रहा है। साथ ही पत्नी के वेतन में एक अतिरिक्त इन्क्रीमेंट जोड़े जाने का भी आरोप लगाया गया है। इस मामले में जांच की प्रक्रिया पिछले करीब छह महीने से लंबित है, जिस पर विभागीय स्तर पर नाराजगी जताई गई है। मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) ने बीएसए मुरादाबाद से जांच रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन अब तक आख्याउपलब्ध नहीं कराई गई है। इसके चलते एडी बेसिक कार्यालय ने दूसरा अनुस्मारक पत्र जारी कर जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।मामला रामपुर निवासी अधिवक्ता सलीम अहमद की शिकायत के बाद सामने आया। उन्होंने 21 अक्टूबर 2025 को भेजे गए अपने पत्र में आरोप लगाया था कि संबंधित दंपति सरकारी आवास में रहते हुए भी एचआरए का लाभ ले रहे हैं। इसके अलावा पत्नी के वेतन में एक अतिरिक्त इन्क्रीमेंट जोड़े जाने की भी शिकायत की गई थी। शिकायत मिलने के बाद संयुक्त विकास आयुक्त, मुरादाबाद मंडल और मंडलायुक्त कार्यालय ने भी मामले में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इस संबंध में एडी बेसिक कार्यालय ने 23 दिसंबर 2025 और 24 फरवरी 2026 को भी पत्र भेजकर बीएसए से जांच आख्या मांगी थी, लेकिन अब तक रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई। अब एडी बेसिक द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि संबंधित प्रकरण में जांच कर मूल साक्ष्यों और संलग्नकों सहित आख्या तत्काल उपलब्ध कराई जाए, ताकि इसे मंडलायुक्त और संयुक्त विकास आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) बुद्धप्रिय ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद बीएसए को रिमाइंडर भेजकर रिपोर्ट मांगी गई है। उन्होंने बताया कि बीएसए ने इस प्रकरण में खंड शिक्षा अधिकारी से रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि पति-पत्नी अलग-अलग स्थानों पर रहते हैं तो एचआरए लिया जा सकता है, लेकिन यदि सरकारी आवास आवंटित है तो उसी आधार पर नियम लागू होते हैं। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

**संबोधन** भाजपा मंडल प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम सत्र में सोशल मीडिया सरल ऐप, नमो ऐप और एआई विषय पर कार्यकताओं को संबोधित किया गया

# सोशल मीडिया से संगठन को मिलेगी नई शक्तिः शुभम अग्रवाल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी (संभल)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत भाजपा मंडल प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम सत्र में सोशल मीडिया सरल ऐप, नमो ऐप और एआई विषय पर कार्यकताओं को संबोधित किया गया। इस दौरान बताया गया कि वर्तमान समय डिजिटल युग का है और सोशल मीडिया विचारों के प्रसार तथा जनसंवाद का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। आईटी कार्यकर्ता एवं जिला सह संयोजक प्रशिक्षण अभियान शुभम अग्रवाल ने कहा कि पहले संगठन की शक्ति गांव-गांव जाकर कार्य करने से बढ़ती थी, लेकिन आज सोशल मीडिया के माध्यम से विचारों को कुछ ही क्षणों में लाखों लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। भाजपा समय के साथ तकनीक को अपनाकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य कर रही है।उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, संगठन की गतिविधियों और सकारात्मक संदेशों को समाज तक पहुंचाएं। साथ ही सरल ऐप और नमो ऐप के माध्यम से संगठन से जुड़े रहने और डिजिटल तकनीकों का अधिकाधिक उपयोग करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सूचना, संचार और जनसंपर्क के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, इसलिए कार्यकताओं को तकनीकी ज्ञान अपनाकर संगठन को और मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।
उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया आज का डिजिटल चौपाल है, जहां सही विचारों से समाज की दिशा तय होती है। यदि प्रत्येक कार्यकर्ता डिजिटल मंचों पर सक्रिय रहेगा तो राष्ट्रहित के विचार तेजी से जन-जन तक पहुंचेंगे।







# मकान व जाति जनगणना के बाद ही पंचायत चुनाव संभव : उप मुख्यमंत्री

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पंचायत चुनाव समय पर होना संभव नहीं है। क्योंकि एसआईआर, जाति जनगणना और मकान गणना जैसे कार्य चल रहे हैं। इनके पूरा होने पर ही चुनाव हो पाएंगे। हालांकि, सरकार समय पर चुनाव कराना चाहती है' उन्होंने पत्रकार वार्ता में चुनाव पर स्थिति स्पष्ट करते हुए सपा पर भी हमला बोला। कहा कि सैफई के उत्तराधिकारी को 2047 तक सत्ता नहीं मिलेगी। भारतीय जनता पार्टी तुष्टीकरण की राजनीति से दूर रहकर सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर काम कर रही है'सिराथू विधानसभा क्षेत्र के सयारां डिग्री कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा के बढ़ते कदम को रोकना संभव नहीं है। हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली और बिहार चुनाव में भाजपा व उसके गठबंधन को प्रचंड जीत मिलना इसका उदाहरण हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और सपा पीडीए की बात कर लोगों को गुमराह कर रही है। 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 325 से अधिक सीटें जीतकर तीसरी बार सरकार बनाएगी।





# भागम भाग 2 में मीनाक्षी चौधरी की एंट्री पक्की, बोलीं-अक्षय कुमार की चेली बनकर रहूंगी

साउथ फिल्मों की चर्चित अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी अब बॉलीवुड में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि वो अक्षय कुमार की सुपरहिट कॉमेडी फिल्म के सीक्वल भागम भाग 2 के जरिए हिंदी सिनेमा में अपनी शुरूआत करेंगी। मीनाक्षी ने इसे अपने करियर का एक बड़ा मोड़ बताते हुए कहा कि अक्षय जैसे सुपरस्टार के साथ काम करने का अवसर उन्हें बिल्कुल सही समय पर मिला है। उन्होंने बातचीत में कहा, मुझे ऐसा लगता है कि ये मौका तब आया, जब मैं बिल्कुल इसी तरह की किसी चीज की तलाश में थी। मैं ऐसी कहानियां ढूंढ रही थी, जिसे पूरा परिवार एक साथ बैठकर देख सके। मैंने बचपन में इस फिल्म का पहला भाग देखा था और मुझे वो बहुत पसंद आया था, इसलिए इस फिल्म का हिस्सा बनना ऐसा लगता है जैसे ये बिल्कुल सही समय पर मेरे पास आई है। मीनाक्षी ने आगे कहा, इससे पहले कई प्रोजेक्ट्स मेरे पास आए थे, उनकी कहानियों में मेरी उतनी दिलचस्पी नहीं थी, लेकिन जब भागम भाग 2 मेरे पास आई तो इसमें सिर्फ और सिर्फ हंसी और मनोरंजन का एहसास हुआ। मुझे लगता है कि आपकी उम्र चाहे जो भी हो या आप किसी भी भाषा के हों, इस फिल्म की कहानी और इसके किरदार आपसे जरूर जुड़ेंगे। आप चाहे किसी भी भाषा में इसे देखें, आप इसका भरपूर आनंद लेंगे। अक्षय की कॉमिक टाइमिंग के साथ तालमेल बैठाने के सवाल पर मीनाक्षी बोलीं, मैं सेट पर सबसे बड़ी छात्रा बनकर रहूंगी, जैसे गुरु के पास चेले होते हैं। वो जो कहेंगे, मैं वही सीखने और पालन करने की कोशिश करूंगी।

मैं इस सेट पर वही बनने जा रही हूं और उनसे जितना हो सके, उतना सीखने की कोशिश करूंगी। आपको हर दिन किसी ऐसे व्यक्ति के साथ काम करने का मौका नहीं मिलता, जो अपने काम में इतना अद्भुत हो। इस सीक्वल की कमान ड्रीम गर्ल के निर्देशक राज शांडिल्य के हाथों में है, जिन्होंने फिल्म की कहानी भी लिखी है। हालांकि, निमार्ताओं ने अभी तक रिलीज तारीख का खुलासा नहीं किया है। फिल्म में अक्षय के साथ कॉमेडी के बादशाह परेश रावल, मनोज बाजपेयी और अभिनेत्री आयशा खान भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। ये 2006 की सुपरहिट फिल्म भागम भाग का आधिकारिक सीक्वल है, जिसका प्रशंसक सालों से इंतजार कर रहे थे।

# द केरल स्टोरी 2 ने 8वें दिन भी मचाई धूम, कर डाली शानदार कमाई




उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया स्टारर द केरल स्टोरी 2 ने अपना पहला हफ्ता पूरा कर लिया है और अब तक इंडियन बॉक्स ऑफिस पर इसकी कमाई अच्छी रही है. हालांकि सीक्वल फैक्टर को ध्यान में रखें, तो ये फिल्म अपने पहले पार्ट के मुकाबले बंपर कमाई नहीं कर पाई है लेकिन अगर हम उन्हें अलग-अलग देखें, तो कलेक्शन ठीक-ठाक रहे हैं. ये घरेलू कमाई से पूरा बजट वसूलने की ओर बढ़ रही है, और दूसरे वीकेंड पर हर हालत में ये सक्सेसफुल फिल्म होने का टैग हासिल कर ही लेगी. इसी के साथ चलिए यहां जान लेते हैं कि द केरल स्टोरी 2 ने रिलीज के 8वें दिन कितना कलेक्शन किया है?


द केरल स्टोरी 2 27 फरवरी को थिएटर में रिलीज हुई थी और इसे क्रिटिक्स से मिले-जुले से नेगेटिव रिव्यू मिले. फिर इसका वर्ड ऑफ माउथ भी ऐसा ही रहा. बावजूद इसके इस फिल्म ने दर्शकों के एक खास हिस्से को अपनी ओर खींचा, जिससे कुछ लोगों की भीड़ जरूर बढ़ी और इसी के साथ इस फिल्म की पूरे हफ्ते में कमाई में भी इजाफा हुआ.

फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो 75 लाख से खाता खोलने वाली इस फिल्म का पहले हफ्ते का कलेक्शन 22.9 करोड़ रुपये रहा.वहीं रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे फ्राइडे को इस फिल्म ने 2.47 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ इस फिल्म की 8 दिनों की कुल कमाई अब 25.37 करोड़ रुपये हो गई है.

द केरल स्टोरी 2 कथित तौर पर 28 करोड़ के बजट में बनी है. इस लागत के मुकाबले, इसने 25 करोड़ से ज्यादा कमा लिए हैं और इसी के साथ इसने बजट का 80 फीसदी से ज्यादा वसूल कर लिया है. पूरी लागत वसूलने और सेफ जोन में आने के लिए इसे बस 4 करोड़ कमाने की और जरूरत है. 30 करोड़ से ज्यादा के नेट लाइफटाइम कलेक्शन की उम्मीद के साथ, यह फिल्म पूरी तरह सक्सेसफुल होने और इंडियन बॉक्स ऑफिस पर प्लस रेटिंग पाने के लिए पूरी तरह तैयार है. गौरतलब है कि अच्छे परफॉर्मेंस के बावजूद, सीक्वल का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 2023 की ओरिजिनल द केरला स्टोरी से काफी कम है. अपने पहले हफ्ते में, ओरिजिनल फिल्म का हिंदी वर्जन लगभग 81.14 करोड़ रुपये कमाकर 100 करोड़ रुपये के आंकड़े तक पहुंच गया था. वहीं इसने अपनी तेलुगु-डब रिलीज से एक्स्ट्रा कमाई की, जिससे यह भारत में 241.74 करोड़ रुपये का लाइफटाइम नेट कलेक्शन करने की राह पर थी. ओवरसीज मार्केट से एक्स्ट्रा 15 करोड़ रुपये के साथ, फिल्म की दुनिया भर में ग्रॉस टोटल लगभग 302 करोड़ रुपये हो गई थी।

# ओह माय गॉड्डेस में सामने आया रानी मुखर्जी की एंट्री का सच, पटरी से उतरी बातचीत

बॉलीवुड गलियारों में काफी समय से चर्चा थी कि रानी मुखर्जी जल्द ही अक्षय कुमार के साथ फिल्म ओह माय गॉड्डेस में नजर आएंगी। हालांकि, अब इस पर एक बड़ा अपडेट सामने आया है, जिसने इन तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया है। खबर है कि रानी को इस फिल्म के लिए कभी साइन किया ही नहीं गया था। प्रशंसकों के बीच इस नई जोड़ी को लेकर काफी उत्साह था, लेकिन क्या था कास्टिंग का पूरा सच आइए जानते हैं। अक्षय-रानी के पहली बार रुपहले पर्दे पर एक साथ नजर आने की खबर ने फैंस को उत्साहित कर दिया था,



लेकिन अब ऐसा होता नहीं दिख रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, रानी अब ओह माय गॉड्डेस फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त का हिस्सा नहीं हैं। फैंस दोनों सितारों को साथ देखने के लिए बेहद उत्साहित थे, लेकिन रानी के फिल्म से अलग होने के कारण अक्षय के साथ अब उनका ये बहुप्रतीक्षित मिलन ठंडे बस्ते में चला गया है। अक्षय की सुपरहिट फ्रेंचाइजी ओह माय गॉड्डेस के तीसरे भाग ओह माय गॉड्डेस में रानी की एंट्री को लेकर चल रही खबरें अब पूरी तरह अफवाह साबित हुई हैं। रानी को फिल्म में मुख्य नायक के तौर पर लेने की बात चल रही थी, जबकि अक्षय पिछले भागों की तरह ही एक खास कैमियो करने वाले थे। रानी ने फिल्म की कहानी सुनी थी और इसमें दिलचस्पी भी दिखाई थी, लेकिन बात उससे आगे नहीं बढ़ पाई।सूत्र ने बताया, अक्षय-रानी के बीच सालों पुराने और बहुत अच्छे रिश्ते हैं। वो दोनों पहली बार एक साथ काम करने के लिए वास्तव में उत्साहित भी थे, लेकिन वो बातचीत बहुत शुरूआती दौर की थी। दोनों सितारों के बीच इस प्रोजेक्ट को लेकर केवल चर्चा हुई थी, लेकिन बात कभी आधिकारिक साइनिंग या कॉन्ट्रैक्ट तक नहीं पहुंची। धर्म, आस्था व धार्मिक संस्थाओं पर करारे प्रहार के लिए मशहूर ओह माय गॉड्डेस फ्रेंचाइजी इस बार बिल्कुल नए कलेवर में लौटने वाली है। ओह माय गॉड और ओह माय गॉड 2 की सफलता के बाद निमार्ता तीसरी किस्त ओह माय गॉड्डेस को नारी शक्ति के ईश्वरीय दृष्टिकोण के साथ पेश करने की तैयारी में हैं। जहां पिछली फिल्मों में भगवान कृष्ण और भगवान शिव के दूत के रूप में पुरुष प्रधान दृष्टिकोण दिखाया गया था, वहीं इस बार कहानी देवी के इर्द-गिर्द बुनी जाएगी। रानी के फिल्म से बाहर होने के बाद फिल्म के लिए दूसरी हीरोइन की तलाश जारी है। ओह माय गॉड्डेस की शूटिंग मई-जून 2026 के आसपास शुरू होने की उम्मीद है। बता दें कि रानी की हालिया रिलीज फिल्म मदार्नी 3 ने बॉक्स ऑफिस पर सफलता के डंडे गाड़ दिए हैं। अब जल्द ही उन्हें शाहरुख खान की बहुचर्चित फिल्म किंग में देखा जाएगा। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में उनका एक खास कैमियो होने वाला है। ये फिल्म क्रिसमस 2026 के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

# क्या फिटनेस ट्रैकर कैलोरी को सटीक रूप से माप सकते हैं?

फिटनेस ट्रैकर आजकल बहुत लोकप्रिय हो गए हैं और ये उपकरण हमें हमारी शारीरिक गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हैं। इनमें से एक प्रमुख फीचर है, जो जली हुई कैलोरी को माप सकता है। क्या ये वास्तव में सटीक होता है? इस लेख में हम इसी सवाल का जवाब जानेंगे। हम जानेंगे कि फिटनेस ट्रैकर कैसे काम करते हैं और क्या ये वाकई में हमें सही जानकारी देते हैं या नहीं।



### कैसे काम करता है फिटनेस ट्रैकर?

फिटनेस ट्रैकर एक बिजली से चलने वाला उपकरण है, जो आपकी शारीरिक गतिविधियों को रिकॉर्ड करता है। यह आपके कदमों की संख्या, दिल की धड़कन, सोने का पैटर्न और कैलोरी बर्न करने की जानकारी देता है। ये उपकरण आपकी शारीरिक गतिविधियों को ट्रैक करने में मददगार होते हैं, जिसके जरिए आप अपने स्वास्थ्य का ख्याल रख सकते हैं। आइए इस उपकरण के बारे में विस्तार से जानते हैं।

### क्या फिटनेस ट्रैकर बताते हैं सही कैलोरी?

फिटनेस ट्रैकर कैलोरी को अनुमानित करते हैं। ये आपके दिल की धड़कन, कदमों की संख्या और अन्य शारीरिक संकेतों पर आधारित होते हैं। हालांकि, इनकी सटीकता हमेशा 100 प्रतिशत नहीं होती। कई अध्ययन बताते हैं कि ये उपकरण कभी-कभी गलत जानकारी भी दे सकते हैं। इसलिए, इन्हें पूरी तरह से भरोसेमंद नहीं माना जा सकता। इसके अलावा अलग-अलग गतिविधियों के दौरान इनकी सटीकता भी अलग-अलग हो सकती है, जिससे गलत आंकड़े सामने आ सकते हैं।

### अलग-अलग गतिविधियों के लिए अलग-अलग सटीकता

फिटनेस ट्रैकर की सटीकता अलग-अलग गतिविधियों के दौरान अलग-अलग हो सकती है। उदाहरण के लिए, दौड़ने के दौरान ये अधिक सटीक होते हैं, क्योंकि इनकी सेटिंग इसी तरह की गतिविधियों के लिए होती हैं। वहीं चलने या अन्य हल्की गतिविधियों के दौरान इनकी सटीकता कम हो सकती है। इसके अलावा जब आप अलग-अलग गति से चलते हैं तो भी इनकी सटीकता प्रभावित हो सकती है। इसलिए, हर गतिविधि के लिए इन्हें पूरी तरह से भरोसेमंद नहीं माना जा सकता।

### अन्य कारकों का प्रभाव

फिटनेस ट्रैकर की सटीकता कई अन्य कारकों पर भी निर्भर करती है, जैसे कि आपकी त्वचा का तापमान, उपकरण की स्थिति और यहां तक कि आपका शरीर का प्रकार भी। कभी-कभी ये उपकरण आपकी शारीरिक स्थिति को सही तरीके से नहीं समझ पाते, जिससे गलत जानकारी मिल सकती है। इसके अलावा अगर आपका शरीर गर्म या ठंडा हो तो भी इनकी सटीकता प्रभावित हो सकती है। इसलिए, इन्हें पूरी तरह से भरोसेमंद नहीं माना जा सकता।

### क्या फिटनेस ट्रैकर पर भरोसा किया जा सकता है?

फिटनेस ट्रैकर निश्चित रूप से आपकी शारीरिक गतिविधियों को ट्रैक करने में मदद करते हैं, लेकिन इन पर पूरी तरह से भरोसा नहीं किया जा सकता। इनकी सटीकता कभी-कभी गलत हो सकती है और ये कई बाहरी कारकों पर निर्भर होते हैं। इसलिए, इनका उपयोग करते समय सावधानी बरतनी चाहिए और इन्हें केवल एक मार्गदर्शक के रूप में लेना चाहिए। बेहतर होगा कि आप अपने स्वास्थ्य की निगरानी के लिए डॉक्टर की सलाह भी लेते रहें।

# क्या कार्ब्स खाने से बढ़ जाता है वजन? जानिए इस बात की सच्चाई और सही जानकारी

वजन घटाने के लिए लोग तरह-तरह की डाइट अपनाते हैं, जिनमें से एक है कम कार्ब्स का सेवन करना। ऐसा माना जाता है कि कार्ब्स का सेवन वजन बढ़ाने का कारण होता है, लेकिन क्या यह सच है? इस लेख में हम इस भ्रम की सच्चाई जानेंगे और समझेंगे कि क्या वाकई कार्ब्स का सेवन वजन बढ़ाने में योगदान दे



सकता है या नहीं। इससे आप अपनी सेहत के लिहाज से सही निर्णय ले सकेंगे और स्वस्थ रहेंगे।

### कार्ब्स का असली प्रभाव

सभी को यह जानना जरूरी है कि कार्ब्स हमारे शरीर के लिए जरूरी होते हैं, क्योंकि ये ऊर्जा का मुख्य स्त्रोत प्रदान करते हैं। जब हम कम कार्ब्स लेते हैं तो शरीर को ऊर्जा के लिए अन्य स्त्रोतों का सहारा लेना पड़ता है, जैसे कि प्रोटीन और चर्बी। इस प्रक्रिया में शरीर को अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे वजन घटाने में मदद मिल सकती है। इसलिए, यह कहना गलत होगा कि कार्ब्स सीधे वजन बढ़ाते हैं।

### मोटापे और कार्ब्स का संबंध

मोटापा एक जटिल समस्या है, जो कई कारणों से हो सकती है। इसमें खान-पान की आदतें, शारीरिक गतिविधि की कमी और आनुवंशिक प्रभाव शामिल होते हैं। सिर्फ कार्ब्स पर ध्यान देना सही नहीं होगा। अगर आप संतुलित डाइट लेते हैं और नियमित एक्सरसाइज करते हैं तो कार्ब्स का सेवन वजन बढ़ाने का कारण नहीं बनेगा। इसलिए, यह कहना गलत होगा कि कार्ब्स सीधे मोटापा बढ़ाते हैं।

### गुणवत्ता पर दें ध्यान

कार्ब्स की गुणवत्ता भी मायने रखती है। सफेद ब्रेड, चावल और पास्ता जैसे रिफाइंड कार्ब्स कम पोषण देते हैं और जल्दी ऊर्जा प्रदान करते हैं, जिससे भूख भी जल्दी लगती है। इसके विपरीत फल, सब्जियां और साबुत अनाज जैसे फाइबर युक्त कार्ब्स हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। इनका सेवन न केवल ऊर्जा देता है, बल्कि पाचन तंत्र को भी सुधारता है और वजन नियंत्रित रखने में मदद करता है।

### संतुलित डाइट है जरूरी

वजन घटाने के लिए संतुलित डाइट बहुत जरूरी होती है। इसमें प्रोटीन, चर्बी और कार्ब्स शामिल होने चाहिए, ताकि शरीर को सभी जरूरी पोषक तत्व मिल सकें। अगर आप केवल एक तत्व पर ध्यान देंगे तो अन्य जरूरी तत्वों की कमी हो सकती है, जिससे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। इसलिए, यह नहीं कहा जा सकता कि केवल कार्ब्स पर ध्यान देने से ही वजन घटता है। संतुलित डाइट अपनाना ही सही तरीका है।

### नियमित एक्सरसाइज करें

वजन घटाने के लिए केवल खान-पान पर ध्यान देना काफी नहीं होता। नियमित एक्सरसाइज करना भी उतना ही जरूरी है। इससे न केवल कैलोरी जलती हैं, बल्कि शरीर की ऊर्जा का स्तर भी बढ़ता है, जिससे शरीर अधिक ऊर्जा जलाता है। इसके अलावा एक्सरसाइज से मांसपेशियां मजबूत होती हैं और मानसिक तनाव भी कम होता है। इसलिए, यह कहना सही नहीं होगा कि केवल खान-पान पर ध्यान देने से वजन घटता है। संतुलित डाइट और नियमित एक्सरसाइज, दोनों जरूरी हैं।

# सेवा भारती ने वार्षिकोत्सव में अनेक संस्थाओं को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** एसआरएम यूनिवर्सिटी के सभागार में सेवा भारती गाजियाबाद द्वारा वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी संगठन के अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी अजय ग्रोवर ने की, जबकि गुरवीर गांधी और धन कुमार रुहेला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संचालन आनंद त्यागी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गंगा राम ने कहा कि सेवा भारती शिक्षा और स्वास्थ्य के माध्यम से वंचित वर्ग को स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों को संस्कार और शिक्षा से सशक्त बनाना आवश्यक है, ताकि वे किसी प्रकार के प्रलोभन में आकर धर्म परिवर्तन जैसे जाल में न फंसें। अजय ग्रोवर ने सेवा भारती के सेवा कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि




पंजाबी संगठन मोदीनगर भविष्य में भी संस्था के सहयोग के लिए तत्पर रहेगा। योगेंद्र चौधरी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग के लिए एसआरएम प्रशासन का आभार व्यक्त किया और समाज से सेवा कार्यों में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर सेवा भारती द्वारा संचालित संस्कार केंद्रों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। साथ ही मातृभूमि सेवा संघ, अमृत सेवा ट्रस्ट, नारी शक्ति वूमेन एंपावर, दशमेश खालसा सेवा समिति,, हरियाली और खुशहाली, ए न्यू हॉप फाउंडेशन, रानी लक्ष्मी बाई संस्थान, स्वामी कल्याण देव धर्मार्थ ट्रस्ट सहित 15 से अधिक सेवा संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विधायक डॉक्टर मंजू शिवाच, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, अनिल कुमार वर्मा, रोहित शर्मा, राघवेंद्र गुप्ता, वागीश रुहेला, जितेंद्र कुमार, दिनेश प्रजापति, अतुल शर्मा, मुनेंद्र, मुकेश राठौड़, अमित नेहरा, मधुर नेहरा, पवन शर्मा, पवन सिंघल, दिनेश सिंघल, नवीन, कृष्णवीर सिंह, नीरज त्यागी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# भाषा विश्वविद्यालय में एमएसएमई के लिए डिजिटल मार्केटिंग प्रबंधन विकास कार्यक्रम का हुआ भव्य उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के उद्यमिता विकास केंद्र ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए डिजिटल मार्केटिंग पर एक सप्ताहीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम (MDP) का आज भव्य उद्घाटन भाषा विश्वविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से आगंतुक अथितियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष प्रो हैदर अली ने कहा, आज के दौर में डिजिटल मार्केटिंग एमएसएमई के लिए अनिवार्य है। विश्वविद्यालय उद्यमिता माइंडसेट विकसित करने के लिए निरंतर कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा. प्रो हैदर ने कहा कि विश्वविद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम नौकरी से उद्यमिता की ओर माइंडसेट बदलाव को गति देगा।मुख्य अतिथि एमएसई के राजन यादव ने एमएसएमई के पांच स्तंभों-क्रेडिट गारंटी, वेंडर डेवलपमेंट, तकनीकी उन्नयन, उद्यमिता एवं कौशल विकास का उल्लेख करते हुए जोर दिया कि जो दिखता है, वही बिकता है। प्रख्यात जूट उद्यमी एवं जूट




फॉर लाइफ की संस्थापक श्रीमती अंजली सिंह विशेष अतिथि रहीं, जिनकी प्रेरक यात्रा ने उपस्थित प्रतिभागियों को प्रभावित किया।अंजली सिंह ने जूट के व्यवसाय को डिजिटल मार्केटिंग के बारे में विस्तार से बताया . कार्यक्रम की अध्यक्षता वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज शुक्ला ने की।जबकि धन्यवाद डॉ जैबुन निशा ने दिया, आयोजन समिति में डॉ मनीष कुमार और आफरीन फातिमा सहित प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# शिल्पा शिंदे ने सेल्फी लो. शाइन करो. स्टार बन जाओ! पहल में शामिल होकर राजधानी की आम महिलाओं को बनाया खास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** बेहद लोकप्रिय शो भाबीजी घर पर हैं! 2.0 में अंगूरी भाभी के किरदार के लिए मशहूर शिल्पा शिंदे ने एण्डटीवी की खास पहल ह्यसेल्फी लो. शाइन करो. स्टार बन जाओ! में शामिल होकर राजधानी की आम महिलाओं को खास बनाया। महिला दिवस के अवसर पर एण्डटीवी ने एक खास ह्यसेल्फी लो. शाइन करो. स्टार बन जाओ!-के जरिए साधारण सेल्फी को आत्मविश्वास, पहचान और अभिव्यक्ति के जश्न में बदल दिया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को ऐसा मंच देना था, जहां वे अपनी पहचान, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व को खुलकर व्यक्त कर सकें।




इस अभियान के तहत एक खास एण्डटीवी मिरर इंस्टॉलेशन तैयार किया गया, जिस पर ह्यवूमेन एंड क्रियेटर, वूमेन एंड एचिवर, वूमेन एंड ड्रिमर और वूमेन एंड विलिवर जैसे प्रेरक संदेश लिखे थे। यहां ली गई हर सेल्फी महिलाओं के आत्मविश्वास और गर्व की झलक बन गई। प्रतिभागियों ने अपनी तस्वीरें एण्डटीवी को टैग करते हुए इस अभियान का हिस्सा बनकर खुद को पहचानने और अपनी आवाज को सामने लाने का संदेश दिया। इस मौके पर शिल्पा शिंदे, जिन्हें दर्शक ह्यभाबीजी घर पर हैं! 2.0 में अंगूरी भाबी के किरदार के लिए बेहद पसंद करते हैं, आज रविवार को लखनऊ के लुलु मॉल में इस अभियान से जुड़ीं। उन्होंने वहां मौजूद महिलाओं से बातचीत की और उनके साथ खास पल साझा किए। कई महिलाओं को उनके साथ सेल्फी लेने और इस खास अनुभव को यादगार बनाने का मौका भी मिला। इस पहल के बारे में शिल्पा शिंदे ने कहा, यह देखना बहुत अच्छा लगता है कि एक साधारण सेल्फी भी महिलाओं के लिए अपनी पहचान और आत्मविश्वास व्यक्त करने का माध्यम बन सकती है। एण्डटीवी की यह पहल महिलाओं को खुद पर गर्व करने और अपनी अलग पहचान को खुलकर सामने लाने के लिए प्रेरित करती है। मुझे खुशी है कि मैं ऐसे अभियान का हिस्सा बनी हूं, जो महिलाओं को अपने तरीके से चमकने का अवसर देता है।

# भूपेंद्रपुरी में डॉ अंबेडकर जन्मोत्सव समिति का गठन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** भूपेंद्रपुरी स्थित पंचशील पुस्तकालय में आयोजित समाज की बैठक में वर्ष 2026 के लिए डॉ अंबेडकर जन्मोत्सव समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से विनोद गौतम को समिति का अध्यक्ष चुना गया, जबकि राहुल कुमार को महासचिव और सुनील कुमार को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।



अध्यक्ष चुने जाने पर विनोद गौतम ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर के विचार सामाजिक समता और न्याय के मार्गदर्शक हैं। जन्मोत्सव कार्यक्रम को समाज की सहभागिता से गरिमापूर्ण व भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। बैठक में पूर्व समिति ने पिछले वर्ष के कार्यक्रमों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया तथा 3900 रुपये की शेष राशि की जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता राजाराम ने की, जबकि संचालन अनिल कुमार कर्दम और सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

बैठक में आलोक भारती, धर्मवीर सिंह, अमर सिंह, निहालचंद, रामप्रसाद, अमरजीत सिंह, राकेश कुमार, दिनेश प्रधान, सुभाष, वीरपाल सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, मूलचंद, कृष्ण गोपाल, आनंदपाल, सचिन बौद्ध, अरुण गौतम, अरुण, राजकुमार, जितेंद्र कुमार पप्पी, अन्नू गौतम, कृष्णा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहित अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संवाद और सहयोग की भावना...**

# मस्जिद अजहर अली में इज्तेमाई रोजा इफ्तार,गंगा-जमुनी तहजीब की दिखी मिसाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** इंसाफ नगर, इंदिरा नगर स्थित मस्जिद अजहर अली में इज्तेमाई रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों और विभिन्न समुदायों के लोगों ने शिरकत की। इस अवसर पर आपसी भाईचारे, सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब की सुंदर झलक देखने को मिली।

मस्जिद कमेटी के सेक्रेटरी मुर्तजा अली ने बताया कि सामूहिक रोजा इफ्तार का यह आयोजन मस्जिद की वर्षों पुरानी परंपरा है, जिसका उद्देश्य समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता को मजबूत करना है।







इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक माननीय शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि रोजा इफ्तार जैसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करते हैं तथा हमारी गंगा-जमुनी तहजीब की पहचान को आगे बढ़ाते हैं। राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहित अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संवाद और सहयोग की भावना बढ़ती है, जो देश की सामाजिक एकता के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम में इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन हजरत खालिद राशिद फिरंगी महली, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश वर्मा, आलमबाग गुरुद्वारा के गोल्डी छाबड़ा, जसवीर सिंह गांधी, गुरजीत सिंह छाबड़ा, कपिल सिंह एडवोकेट, सुरेश त्रिपाठी, एडवोकेट संजय सिंह यादव, बाबा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मस्जिद के सदर खालिद इस्लाम ने बताया कि इस मस्जिद में आयोजित होने वाले रोजा इफ्तार में हर धर्म और समाज के लोग शामिल होते हैं, जो लखनऊ की गंगा-जमुनी तहजीब की सच्ची पहचान है।इफ्तार के बाद नमाज अदा की गई और प्रदेश, देश तथा दुनिया में अमन-चैन और खुशहाली के लिए विशेष दुआ की गई। इस मौके पर रोजा इफ्तार कमेटी के सदर शेख अफजल, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट बदरूल हसन, फैजुद्दीन आमिर, डॉ. अख्तर किदवई, डॉ. महबूब, मोहम्मद अफाक, अब्दुल वहीद (वरिष्ठ पत्रकार), नजम , जुबैर अहमद, पी.सी. कुरैल, फहद हसन, कैफ हालिया, शाहिद अली सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# 12 साल ने नही बना बच्चों का जाति प्रमाण पत्र, अब लखनऊ तक परिवार करेगा पैदल यात्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुल हक)।** जेवर के गांव कानीगढ़ी का एक व्यक्ति उसके बच्चों




का जाति प्रमाण पत्र न बनने से परेशान है। आरोप है कि 12 साल से अधिकारियों के चक्कर काटने के बाद भी बच्चों के जाति प्रमाण पत्र नही बन रहे हैं। अब पीड़ित व्यक्ति अपने परिवार के साथ जिला कार्यालय से आज मंगलवार को लखनऊ मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाने पैदल जायेगा। पीड़ित ने सोमवार को जिला कार्यालय जाकर वहां से एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी अपलोड किया है। गांव कानीगढ़ी निवासी सुंदर सिंह ने बताया कि उनके बच्चों का जाति प्रमाण पत्र नही बनाया जा रहा है। वह अगरिया जाति से हैं और अपने बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए 12 साल से तहसील व जिला कार्यालय के चक्कर काट रहा है। जबकि उसके दादी, दादी, पिता और उसका भी जाति प्रमाण पत्र बना हुआ है, लेकिन इसके बाद भी प्रमाण पत्र नही बन रहा है।

# नारी शक्ति के सम्मान का पर्व: अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समान अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समाज में महिला सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित करता है। यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने के साथ-साथ समानता और सम्मानपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने का संदेश देता है। इसी अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं ने अपने विचार दैनिक बुलंद संदेश के साथ साझा किए हैं।

प्रसिद्ध गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ सरिता त्यागी ने कहा कि महिला दिवस हमें यह संदेश देता है कि हर महिला अपने सपनों को साकार करने की क्षमता रखती है। आवश्यकता है तो केवल उसे उचित अवसर और सम्मान देने की।

























ज्योतिष ज्ञानपीठ की चेयरपर्सन डॉ सोनेका जैन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समान अवसरों की याद दिलाने का दिन है। समाज की प्रगति महिलाओं की भागीदारी से ही संभव है।

राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव डॉ पूनम गर्ग ने कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका निरंतर बढ़ रही है। शिक्षा और आत्मनिर्भरता के माध्यम से महिलाएं आज हर क्षेत्र में नई पहचान स्थापित कर रही हैं।

ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह ने कहा कि महिला दिवस महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मान देने का अवसर है। यह दिन समाज को यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि महिलाओं के अधिकार और सुरक्षा सुनिश्चित हों।

महिला रोग विशेषज्ञ डॉ कविता शर्मा ने कहा कि आज की महिला आत्मविश्वास और परिश्रम के बल पर हर चुनौती का सामना कर रही है। महिला दिवस उनके साहस और संघर्ष को सम्मानित करने का प्रतीक है।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ दीपा त्यागी ने कहा कि महिला दिवस हमें यह याद दिलाता है कि परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक है।

एहसास महिला समिति की संस्थापक अनुप्रीत कौर ने कहा कि हर महिला में असीम शक्ति और क्षमता होती है। समाज को चाहिए कि वह महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए सुरक्षित और समान अवसर प्रदान करे।

युवा सेवा समिति संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका चौधरी ने कहा कि महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, समानता और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है।

नारी शक्ति वूमेन एम्पावर की राष्ट्रीय अध्यक्ष शोभा चौधरी ने कहा कि महिलाएं आज शिक्षा, विज्ञान, राजनीति और व्यापार सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। यह दिन उनके योगदान को सम्मानित करता है।

शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल की निदेशक बिंदु त्यागी ने कहा कि महिला दिवस समाज को यह संदेश देता है कि जब महिलाएं सशक्त होंगी, तभी परिवार और राष्ट्र की प्रगति का मार्ग मजबूत होगा।

# पंजाब सरकार ने लोगों से किए सभी चुनावी वादे पूरे किए : सीएम मान

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज घोषणा की कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने अपना सबसे बड़ा चुनावी वादा पूरा कर दिया है, जिसके तहत पूरे पंजाब की महिलाओं को मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 'मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजनाइ शुरू की गई है। इस योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये मिलेंगे, जबकि अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित महिलाओं को 1,500 रुपये मिलेंगे। इसके लिए बजट में 9,300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

इसे महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आपइ सरकार का 'सारी गारंटियां पूरीइ बजट चुनावी वादों को पूरा करने के प्रति आम आदमी पार्टी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके साथ ही बजट में राज्य भर की महिलाओं को सशक्त बनाने और हर पंजाबी परिवार को समर्थन देने के लिए मुफ्त बस यात्रा, मुफ्त बिजली और नकद रहित स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है।



मीडिया से बातचीत में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पंजाब की माताओं, बेटियों और बहनों को बधाई देते हुए प्रार्थना की कि वे हमेशा हर क्षेत्र में सफलता की नई कहानियां लिखती रहें। उन्होंने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की भलाई को केंद्र में रखकर यह बजट पेश किया गया है, जो 'आपइ सरकार द्वारा उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के मुख्य वादे को पूरा करता है। बजट को लोक-केंद्रित बताते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करता है कि महिलाओं और समाज के अन्य वर्गों को कल्याणकारी उपायों और सार्वजनिक सेवाओं के माध्यम से निरंतर सहायता मिलती रहे। उन्होंने कहा कि 'आप सरकार ने लोगों से किया सबसे बड़ा चुनावी वादा पूरा किया है और राज्य की महिलाओं को अब 'मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजनाइ के तहत प्रतिमाह 1,000 रुपये मिलेंगे, जबकि अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित महिलाओं को 1,500 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि महिलाओं को इस योजना के तहत आसानी से रजिस्ट्रेशन की सुविधा प्रदान करने के लिए राज्य भर में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री ने साझा किया कि इस योजना के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया इस बैसाखी से शुरू होगी और इसे युद्ध स्तर पर लागू किया जाएगा ताकि सभी योग्य लाभार्थियों को जल्द से जल्द कवर किया जा सके। 18 वर्ष से अधिक उम्र की हर लड़की और महिला इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने की हकदार होगी, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्य की अधिकांश महिलाएं इस योजना के दायरे में आएं।बजट को एक मील का पत्थर करार देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह लोगों की भलाई और राज्य की प्रगति के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

समाज के हर वर्ग का ध्यान रखने वाले बजट पेश करने के लिए पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा का धन्यवाद करते हुए उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक बजट नहीं है बल्कि राज्य की प्रगति और इसके लोगों की खुशहाली का हलफनामा है।

**निरीक्षण** — प्राथमिक विद्यालय,आंगनबाड़ी केन्द्र व महिला थाने का किया निरीक्षण

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने महिलाओं की जन सुनवाई की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मेरठ रोड स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस के सभागार कक्ष में हिमानी अग्रवाल सदस्य राज्य महिला आयोग पीड़ित महिला जनसुनवाई की गयी जनसुनावाई प्राप्त शिकायतों का समय निस्तारण करने का निर्देश दिये

सोमवार को हिमानी अग्रवाल सदस्य राज्य महिला आयोग ने प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र अच्छेजा का निरीक्षण कर





अध्यपकों व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया कि बच्चों की अच्छी शिक्षा व पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाये। साथ ही उन्होंने महिला थाना भी निरीक्षण किया गया,महिला से सम्बन्धित शिकायतों व रख रखाव पर संतोष व्यक्त किया गया।

इस अवसर सीओ वरुण मिश्रा, स्मिता सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी, ए0सी0एम0ओ0, पूनम कुमारी सी0डी0पी0ओ0, जिला प्रोबेशन कार्यालय से अमित कुमार, सोनिया, रवित, रिकू सिंह,अंकित, रॉबिन, जीतू, निखिल आदि अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267